# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला

चेन्नई — दिल्ली

दोपहर 3.30 बजे से

पंजाब — राजस्थान

शाम 7.30 बजे से

**अष्टमी-मां महागौरी**



श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

## पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की पत्नी की सुरक्षा घटाई



नई दिल्ली। केंद्र ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सशस्त्र सुरक्षा घटाकर 'जेड' श्रेणी का कर दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उनकी सुरक्षा की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया।

**40 मिनट बातचीत :** शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी

# बैंकॉक में मो. यूनुस को पीएम मोदी की दो टूक बोले-माहौल खराब करने वाले बयानों से बचें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की शुक्रवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में मुलाकात हुई। शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। दोनों नेता बिम्सटेक सम्मेलन से इतर मिले। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट बातचीत हुई। पीएम मोदी की मोहम्मद यूनुस से मुलाकात को लेकर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी ने एक बार फिर लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने प्रोफेसर यूनुस के भारत के साथ सकारात्मक संबंधों की इच्छा को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपील की कि माहौल खराब करने वाली बयानबाजी से बचा जाए। सीमा पर सख्ती से अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है और सीमा सुरक्षा को कायम रखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की। गौर हो कि प्रधानमंत्री मोदी बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड दौरे पर हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी म्यांमार के सैन्य शासक मिन आंग ह्लेइंग से भी मुलाकात की और उन्हें भूकंप से राहत और बचाव कार्यों में हरसंभव मदद देने की पेशकश की।

मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल विवादों में घिरा रहा है और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं। इसके चलते भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में भी खटास आई है।

**प्रधानमंत्री ने अपील की कि सीमा पर सख्ती से अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है**

**इस दौरान** विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे



प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की

### यूनुस ने दावा किया था: भारत ने हसीना के प्रत्यर्पण के अनुरोधों पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया

इसी साल यूनुस ने दावा किया था कि भारत ने हसीना के प्रत्यर्पण के अनुरोधों पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया है। पिछले साल भारत ने इस बात की पुष्टि की थी कि उसे बांग्लादेश से हसीना के प्रत्यर्पण का अनुरोध मिला है। शेख हसीना पर सुरक्षा बलों और पुलिस का इस्तेमाल करके सैकड़ों कार्यकर्ताओं का अपहरण, उत्पीड़न और हत्या करने का आरोप है। हालांकि, वह इन आरोपों को खारिज करती हैं। उनका कहना है कि उन्हें राजनीतिक उत्पीड़न के लिए निशाना बनाया जा रहा है।

### कट्टरपंथी इस्लामी समूहों के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताई

एमईए ने दोनों नेताओं की मुलाकात पर कहा कि दोनों नेताओं ने अल्पसंख्यकों (जिनमें हिंदू भी शामिल हैं) पर हो रहे हमलों पर बात की। पीएम मोदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा भी उठाया। भारत को वहां हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और कट्टरपंथी इस्लामी समूहों के बढ़ते प्रभाव पर चिंता है। पिछले हफ्ते स्थिति और जटिल हो गई।

### यूनुस ने भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को लेकर विवादित बयान दिया था

बीते साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। उसके बाद से मोहम्मद यूनुस ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। बीते हफ्ते ही चीन के दौरे पर मोहम्मद यूनुस ने भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आई है। दरअसल, मोहम्मद यूनुस ने चीन दौरे पर चीन की सरकार से बांग्लादेश में निवेश बढ़ाने की अपील की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत के उत्तर पूर्वी राज्य चारों तरफ जमीन से घिरे हैं और उनके पास समुद्र तक पहुंच नहीं है। ऐसे में ये चीन के लिए अवसर हो सकता है। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि क्षेत्र में बांग्लादेश ही ऐसी ताकत है, जिसके पास समुद्री पहुंच है। हालांकि, मोहम्मद यूनुस का यह बयान भारत को नाराज कर गया और इसे लेकर आधिकारिक चैनल से भारत ने नाराजगी भी जाहिर की है।

मऊगंज में कुछ दिन पहले पुलिस पर हुआ था हमला

## घर में फंदे से लटका मिला पिता और दो बच्चों का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मऊगंज

जिले के गडरा गांव के एक घर में तीन शव मिले हैं। गडरा गांव में एक घर के अंदर पिता और दो बच्चों की लाशें मिली हैं। घर के आस-पास रहने वालों को बदबू आ रही थी, उन्होंने पुलिस बुलवाकर दरवाजा तोड़ा तो अंदर कई दिनों पुरानी तीन लाशें मिलीं। इस घटना के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ये लाशें अवसेरी साकेत 60 सहित उसकी 12 वर्षीय बेटी मूलर साकेत और 8 वर्षीय बेटे लाली साकेत की बताई जा रही हैं।

- मऊगंज के गडरा गांव का मामला जांच जारी

### यहीं गांववालों ने किया था पुलिस पर हमला

यह वही गांव है जहां बीते कुछ दिन पूर्व एक शख्स की हत्या के बाद ग्रामीणों का आक्रोश इस कदर फूटा था कि उन्होंने पुलिस बल के ऊपर हमला कर दिया। हमले में एक एएसआई की मौत हो गई थी, जिसके बाद से यह गांव पुलिस छावनी में तब्दील रहा।

**सरकार से छिपाई थी जानकारी**

## जांच में मिले शिक्षिका के तीन बच्चे, नौकरी से हुई बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



जिले के समीप स्थित ग्राम धमौरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षिका रंजीता साहू को शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। यह कार्रवाई उनके तीन बच्चे होने के कारण की गई है। उनकी बर्खास्तगी के आदेश सागर संभाग के लोक शिक्षण संयुक्त संचालक ने जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने 22 दिसंबर 2022 को शिक्षिका रंजीता साहू के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रतिवेदन संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, सागर को भेजा था। 25 जुलाई 2023 को रंजीता साहू को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया। 14 अगस्त 2023 को शिक्षिका रंजीता ने जवाब दिया, लेकिन विभाग इससे संतुष्ट नहीं हुआ।




18 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी

# नेटवर्क बढ़ने से महाराष्ट्र, ओडिशा और छग होंगे लाभान्वित

रेल मंत्री ने बताया कि इनकी कुल लागत 18,658 करोड़ है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा।

**रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनकी कुल लागत 18,658 करोड़ है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा।

- प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वैष्णव ने कहा- 4 नई परियोजनाओं को दी गई स्वीकृति



### परियोजनाओं में ये शामिल

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासन तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा पांचवीं व छठी लाइन और गोंदिया-बल्हारशाह दोहरीकरण शामिल हैं।

**मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से और सुगम होगा रेल परिचालन**

मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे लाइन विस्तार से गतिशीलता में सुधार होगा। इससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव रेल परिचालन को सुगम बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे।

### 19 नए रेलवे स्टेशनों का होगा निर्माण

रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि 19 नए स्टेशनों का भी निर्माण किया जाएगा। स्टेशनों के निर्माण से महाराष्ट्र में गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव तक कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि कनेक्टिविटी बढ़ने से लगभग 3350 गांवों और लगभग 47.25 लाख लोगों तक लाभ पहुंचेगा।

### वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के लिए 6,839 करोड़ किए मंजूर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमाओं पर स्थित गांवों के विकास के लिए पूर्ण रूप से वित्तपोषित केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 को मंजूरी दे दी। यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने और जीवन स्तर में सुधार करके विकसित भारत ऐट 2047 के विजन के अनुरूप है। यह कार्यक्रम वीवीपी-I के तहत पहले से ही कवर की गई उत्तरी सीमा के अलावा अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमाओं (आईएलबीएस) से सटे ब्लॉकों में स्थित गांवों के व्यापक विकास में मदद करेगा।

### 'पीएम गति शक्ति' का उपयोग किया जाएगा



परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जाएगा और पीएम गति शक्ति जैसे सूचना डेटाबेस का उपयोग किया जाएगा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य समृद्ध और सुरक्षित सीमाओं को सुनिश्चित करने, सीमा पार अपराध को नियंत्रित करने और सीमावर्ती आबादी को राष्ट्र के साथ आत्मसात करने और उन्हें 'सीमा सुरक्षा बलों की आंख और कान' के रूप में विकसित करने के लिए बेहतर जीवन स्थितियां और पर्याप्त आजीविका के अवसर पैदा करना है, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

---

भाजपा ने कहा- ममता जाएंगी जेल

# हाईकोर्ट ने दी रामनवमी पर रैली निकालने की इजाजत



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राम नवमी के दिन रैली निकालने को लेकर कोलकाता पुलिस द्वारा इजाजत न मिलने पर आक्रोश दिख रहा था। इस मामले में हाई कोर्ट ने अब आदेश जारी किया हैकोलकाता पुलिस ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए जीटी रोड के रास्ते पिछले 15 वर्षों से चली आ रही पारंपरिक रामनवमी शोभायात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। दूसरी ओर इसके जवाब में अंजनी पुत्र सेना नामक संगठन ने इस पारंपरिक मार्ग पर रैली निकालने की अनुमति के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और इसी पर अब कोर्ट ने फैसला सुना दिया है।

**हिंदू संगठनों ने मांगी थी परमिशन**

जिस रूट से यात्रा के लिए पुलिस ने परमिशन दी थी, वह अंजनी पुत्र सेना, वीएचपी और दुर्गा वाहिनी के लोगों को मंजूर नहीं था। हिंदू संगठन पुराने रूट पर ही यात्रा की मांग कर रहे थे। ऐसे में कोर्ट ने हिंदू संगठनों की मांगों को कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा मान लिया है। उन्हें उसी पुराने रूट से यात्रा की अनुमति दी गई गई है।

### हथियार या गोला-बारूद और डीजे नहीं होंगे

हाई कोर्ट ने कई तरह की शर्तें भी लगाई हैं। इसके तहत लोगों को कहा गया है कि किसी भी तरह की कोई बाइक रैली नहीं होगी। कोर्ट ने हथियार या गोला-बारूद नहीं होगा। रैली में डीजे या बाइक नहीं होगी। सभी रैलियां जीटी रोड के एक ही मार्ग पर होंगी। पुलिस को स्थिति का ध्यान रखने को कहा गया है।

भाजपा ने सीएम ममता पर बोला हमला

## जिम्मेदारी का अहसास हो तो इस्तीफा दें



सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पश्चिम बंगाल में करीब 26 हजार शिक्षकों और गैर शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती को रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। अब भाजपा ने सीएम ममता बेनर्जी पर बड़ा हमला बोला है और उनसे इस्तीफा देने की मांग की है। भाजपा ने दावा किया कि बेनर्जी निश्चित रूप से जेल जाएंगी। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया है कि ममता हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के बाद शिक्षकों की भर्ती मामले में जेल जाने वाली दूसरी सीएम होंगी। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा ममता को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। उनमें जरा भी जिम्मेदारी का अहसास है तो पद छोड़ दें। वे निश्चित रूप से जेल जाएंगी।

---

वक्फ बिल को जबरन पारित कराया... सोनिया के बयान पर भड़के बिरला

# इस तरह का आक्षेप लगाना सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक को जबरन पारित कराए जाने वाले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के बयान की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भड़क गए। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान एक वरिष्ठ सदस्य का ऐसे आक्षेप लगाना सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है।

यह संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ है। गुरवार को कांग्रेस संसदीय पार्टी की आम सभा की बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा था कि लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पारित हो गया और इसे राज्यसभा में पेश किया जाना है। इस विधेयक को जबरन पारित कराया गया। हमारी पार्टी का रुख स्पष्ट है। यह विधेयक संविधान पर एक हमला है। यह हमारे समाज को स्थायी रूप से ध्रुवीकृत रखने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।

> गुरुवार को कांग्रेस संसदीय पार्टी की आम सभा की बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा था कि लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पारित हो गया

**कांग्रेस संसदीय पार्टी की बैठक में सोनिया ने कहा-संविधान पर हमला किया**

**संसद में बिल पास अब बयानबाजी खास**

*स्पीकर ने बगैर नाम लिए दिया जवाब*

*लोकसभा के कार्य और बहस को बताया*



### इतनी लंबी बहस के बावजूद संदेह करना कतई उचित नहीं

उन्होंने कहा कि वक्फ पर लोकसभा में 13 घंटे और 53 मिनट तक बहस हुई, जिसमें विभिन्न दलों के कई सदस्यों ने भाग लिया। विधेयक पर 3 बार मत विभाजन हुआ और इसे सदन के नियमों के अनुसार पारित किया गया। इसलिए यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सदन के देर रात तक बैठने और लंबी बहस के बाद विधेयक पारित करने के बावजूद एक वरिष्ठ सदस्य सदन की कार्यवाही पर संदेह कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। यह संसदीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ है।

**संसदीय मंत्री ने उठाया यह मुद्दा**

शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा अध्यक्ष के सामने यह मुद्दा उठाया। साथ ही इस पर निर्णय देने की मांग की। इस पर बिरला ने कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ सदस्य, जो इस सदन के सदस्य रहे हैं और वर्तमान में दूसरे सदन के सदस्य हैं, ने संसद भवन परिसर में टिप्पणी की कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को जबरन पारित किया गया।

रिजिजू बोले- इस रिकॉर्ड को तोड़ना मुश्किल

### राज्यसभा में वक्फ बिल पर 17 घंटे 2 मिनट चर्चा की



संसद का बजट सत्र के दौरान गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने दोनों सदनों के कामकाज का ब्योरा देश के सामने रखा। उन्होंने कहा कि हमने राज्यसभा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हमने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। हमने राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर 17 घंटे और 2 मिनट तक चर्चा की। इस रिकॉर्ड को तोड़ना बेहद मुश्किल लगता है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा वक्फ बिल का मामला

### कांग्रेस के जावेद ने दायर की याचिका



कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ की वैधता को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की और दावा किया कि यह संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। याचिका में आरोप लगाया कि विधेयक में वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाने के प्रावधान किए गए हैं, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बाद अब कांग्रेस ने कहा कि वह संसद में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की संवैधानिकता को बहुत जल्द सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

### सरकार के सभी हमलों का विरोध करना जारी रखेंगे



एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही वक्फ की संवैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। हम भारत के संविधान में निहित सिद्धांतों, प्रावधानों और प्रथाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सभी हमलों का विरोध करना जारी रखेंगे।



वक्फ के खिलाफ देशभर में मुसलमानों का प्रदर्शन

### कोलकाता से लेकर हैदराबाद और अहमदाबाद में सड़क पर उतरे

वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा में पास कर दिया गया है। इसे लेकर अब मुसलमान सड़क पर उतर गए हैं। देश के कोने-कोने में इस संशोधन विधेयक के खिलाफ मुसलमानों ने आंदोलन करना शुरू कर दिया है। कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई समेत देश के अलग-अलग स्थानों पर मुसलमानों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बीच ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस बिल के पास होने पर इसे जम्हूरियत के लिए काला अध्याय और कलंक बताया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का कहना है कि सत्ताधारी लोग ताकत के नशे में मदहोश होकर आगे बढ़ रहे हैं। सरकार ने मुस्लिम संगठनों और मुसलमानों की आवाज को नहीं सुना। इसके खिलाफ मुसलमान शांत नहीं बैठेगा और पूरे देश में प्रदर्शन किए जाएंगे।

### दिल्ली के जामिया में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

वक्फ के पास होने के बाद अहमदाबाद से लेकर कोलकाता तक अलग-अलग मुस्लिम संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। अहमदाबाद में मुसलमानों ने इस बिल के खिलाफ प्रदर्शन किया। कोलकाता, हैदराबाद समेत देश के अन्य राज्यों में भी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। दिल्ली के जामिया इलाके में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। आरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

---

**खबर संक्षेप**

### संभल की जामा मस्जिद में पूजन, 3 गिरफ्तार



**संभल।** यूपी के संभल जिले में मौजूद शाही जामा मस्जिद पहुंचे कुछ लोगों ने हिंदू अनुष्ठान करने का प्रयास किया है। पुलिस ने इस मामले में 3लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग दिल्ली से आए थे।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट को मिले 8 नए न्यायाधीश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 8 नए न्यायाधीश अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश को मंजूरी दी है। 3 न्यायाधीशों के तबादले के बाद यहां जजों की संख्या बढ़कर 90 हो जाएगी।

### अध्यक्ष की रेस में नहीं अन्नामलाई 'बाहर'



**कोयंबटूर।** तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने साफ किया कि वे प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी तरह की प्रतिस्पर्धा की कोई गुंजाइश नहीं होती और यह सर्वसम्मति से तय किया जाता है।

---

राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका

# वीर सावरकर पर विवादित बयान देने के मामले में कोर्ट ने खारिज की याचिका

> नेता विपक्ष ने निचली अदालत के आदेश को दी थी चुनौती

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल ने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनको समन जारी कर जुर्माना लगाया गया था। न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उनके पास सत्र अदालत के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का विकल्प है, इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत उनकी वर्तमान

### हाजिरी माफी की अर्जी पर लगा था 200 रुपए जुर्माना

वीर सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में हाजिरी माफी की अर्जी लगाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दो सौ रुपए का हर्जाना लगाया गया था। गौरतलब है कि वादी नृपेंद्र पांडेय ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने 17 नवंबर 2022 को भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान वैमनस्यता पैदा करने के लिए महाराष्ट्र के अकोला में सार्वजनिक मंच से वीर सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।

---

# ईदगाह को मस्जिद के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, यह एएसआई का एक संरक्षित स्थान

एजेंसी ▶▶ मथुरा

यहां की शाही ईदगाह को मस्जिद के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसका कारण यह है कि यह भारतीय पुरातत्व विभाग के तहत संरक्षित स्थान है। हिंदू पक्ष ने यह दलील दी है, जिसके बाद मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। अब इस विवाद ने रोचक मोड़ ले लिया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि वह इस बात का परीक्षण करेगी कि आखिर इस दावे की क्या वैधता है? दरअसल हाई कोर्ट ने हिंदू पक्ष की दलील के बाद इस मामले में एएसआई को भी पार्टी बनाने को कहा था। मुस्लिम पक्ष की याचिका सुनते हुए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार की बेंच ने हिंदू पक्ष को नोटिस जारी किया है।

**मथुरा के शाही ईदगाह और कृष्ण जन्मभूमि विवाद में रोचक मोड़**

> इस मामले में कोई कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जा सकता: शीर्षकोर्ट

**हाईकोर्ट का फैसला सही लग रहा**




मुस्लिम पक्ष की अपील सुनते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जहां तक यह सवाल है कि क्या एएसआई संरक्षित स्थान का इस्तेमाल मस्जिद के तौर पर किया जा सकता है। इस मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जा सकता। आपने हाई कोर्ट को भी कुछ नहीं कहा। अदालत ने यह भी कहा कि हाई कोर्ट ने हिंदू पक्ष को अपनी याचिका में संशोधन करने की परमिशन दी है, जो पहली नजर में सही फैसला लगता है।

### दूसरी अर्जियों के साथ ही इसकी भी होगी सुनवाई

बेंच ने कहा कि आपके पास अधिकार है कि अर्जी में संशोधन करें। हिंदू पक्ष अपनी याचिका में संशोधन कर सकता है और उसमें यह दावा हो सकता है कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट लागू नहीं होता। अदालत ने कहा कि यह कोई नया मामला नहीं है। हम नई अर्जी को भी पहले से दायर मामलों के साथ ही सुनेंगे। अब इस मामले में 8 अप्रैल को अदालत में सुनवाई होगी।

---

बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की मांग


# शीर्ष कोर्ट ने अर्जी खारिज कर संसद जाने को कहा

**यह नीतिगत मामला, संसद से कानून बनाने के लिए कहें**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर वैधानिक प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कहाकि यह एक नीतिगत मामला है। आप इसे संसद से कानून बनाने के लिए कहें। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को संबंधित प्राधिकरण के पास प्रस्तुति देने की स्वतंत्रता दी।

**जेप फाउंडेशन ने की थी यह मांग**



यह याचिका जेप फाउंडेशन द्वारा दायर की गई थी, जिसमें केंद्र और अन्य से बच्चों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों तक पहुंच को नियंत्रित करने के लिए मजबूत आयु सत्यापन प्रणाली, जैसे बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण लागू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके अलावा, याचिका में यह भी मांग की गई थी कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर बच्चों की सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर कड़ी सजा लागू की जाए।

उधर, तेज रफ्तार गाड़ी चलाने पर हाईकोर्ट ने कहा

### जरूरी नहीं कि लापरवाही ही हो, ओरोपी बरी



दिल्ली हाई कोर्ट ने रैश ड्राइविंग से जुड़े एक मामले में आरोपी की याचिका का संज्ञान लेते हुए बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने का मतलब यह नहीं है कि वो लापरवाही से ही गाड़ी चला रहा हो। मामला 2012 का है। एक कार क्लीनर किसी और को कार से लेकर निकला था लेकिन गाड़ी का नियंत्रण उसने खो दिया, जिसके चलते दो पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी।

**हाई कोर्ट ने रैश ड्राइविंग पर क्या कहा?**

क्लीनर की अर्जी परजस्टिस सौरभ बनर्जी ने कहा, केवल इसलिए कि याचिकाकर्ता तेज गाड़ी चला रहा था, यह नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि वह लापरवाही से गाड़ी चला रहा था।

---

खाद्य पदार्थों के 3,48,024 नमूने लिए

# 44,520 सैंपल फेल, वसूला 107.35 करोड़ रुपए जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में खाद्य पदार्थों में कई तरह की कमियां देखने को मिल रही हैं। नमूनों के विश्लेषण में गैर अनुरूपता, असुरक्षित, घटिया क्वालिटी और लेबलिंग दोष आदि बातें सामने आई हैं। 2वर्ष में खाद्य पदार्थों के 3,48,024 नमूने लिए गए। जांच में से 78,434 नमूनों में गैर अनुरूपता यानी कमी मिली है। अपालन करने वाले नमूनों में असुरक्षित नमूनों की संख्या 13,361 रही है। निम्नस्तरीय नमूनों की संख्या 44,520 है। लेबलिंग दोष और भ्रामक/विविध नमूने 20,553 हैं।



दीवानी मामलों में दोषसिद्धि की संख्या 58,050 है। 107.35 करोड़ जुर्माना लगा। आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि की संख्या 2,349 है। जुर्माना 5.42 करोड़ है। वर्ष 2022-23 में 1,77,511 नमूनों का विश्लेषण किया गया, जबकि 2023-24 में 1,70,513 नमूनों की जांच हुई थी।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





8 देशप्रेम प्रेरक फिल्मों के सूरज का

मैट्रो

14 कुंए में मिले हेंड ग्रेनेड और कारतूस...




अवतरण : 24 जुलाई 1937
प्रस्थान : 04 अप्रैल 2025

अभिनेता मनोज कुमार का निधन, 87 साल की उम्र में मुंबई में ली अंतिम सांस, आज विले पार्ले में अंतिम संस्कार

# दिलीप कुमार की फिल्म 'शबनम' के किरदार पर अपना नाम मनोज कुमार रखा, बाद में वे भारत कुमार के रूप में जाने गए

## पीएम मोदी ने जताया शोक, कहा-उनको, उनके देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाएगा

**उनका असली नाम हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी था। वे एबटाबाद (अब पाकिस्तान) में पैदा हुए थे**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दशकों पहले की बात है। बंटवारे के बाद दिल्ली आ बसे पंजाबी रिफ्यूजियों की एक बस्ती किंग्सवे कैंप के एक मोहल्ले में मात्र एक घर में टेलीविजन था। हफ्ते में एक बार कोई फिल्म आती या फिल्मी गानों का कार्यक्रम 'चित्रहार', तो बच्चों-बड़ों की भीड़ वहीं जुटती। लेकिन, जब कभी अभिनेता मनोज कुमार का कोई गाना या फिल्म दिखाई जाती तो बड़ी उम्र के दर्शकों में खासा उत्साह नजर आता। कोई न कोई बुजुर्ग तो बोल ही देता-'यह तो अपना हरिकृष्ण है।



### कैसा था मनोज कुमार का सफर?

मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई 1937 में पाकिस्तान में हुआ था। उनका असली नाम हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी था। मनोज कुमार एबटाबाद (अब पाकिस्तान) में पैदा हुए थे। देश के बंटवारे के वक्त उनका परिवार दिल्ली आ गया था। बचपन से वो सिनेमा के दीवाने थे. फिल्में देखना उन्हें अच्छा लगता था। उन्होंने दिलीप कुमार की फिल्म 'शबनम' में उनके किरदार मनोज कुमार के नाम पर अपना नाम रख लिया था। 1965 उनके करियर के लिए बड़ा गेमचेंजर था।

### जब फिल्मी दुनिया को कहा अलविदा

मनोज कुमार ने 1995 में आई फिल्म 'मैदान-ए-जंग' में दिखने के बाद एक्टिंग छोड़ दी थी। उन्होंने 1999 में अपने बेटे कुणाल गोस्वामी को फिल्म 'जय हिंद' में डायरेक्ट किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्मों से रिटायरमेंट के बाद मनोज कुमार ने राजनीति में एंट्री मारी थी। 2004 में वे भाजपा में शामिल हुए थे।

## खबर संक्षेप

### गड्ढा खोदकर छिपाया था एके 47 और 90 राउंड कारतूस

**अंबिकापुर।** आरक्षक के घर से सोने चांदी के जेवरों के साथ ही एके 47 राइफल और 90 नग जिन्दा कारतूस चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को पकड़ा है , एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बड़ी बात यह है कि चोरों ने हथियार को गड्ढा खोदकर घर में छिपा दिया था। पुलिस ने खुदाई कर हथियार को बरामद किया है । हथियार मिलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस द्वारा जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है। बता दें कि गांधीनगर निवासी आशीष तिर्की जिला बल बलरामपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ है।

### पत्नी के गले पर कैंची घोंपी फिर तीसरी मंजिल से कूदा



**इंदौर।** जिले में एक शख्स ने अपनी पत्नी के गले सहित शरीर में कई जगहों पर कैंची घोप दी। इस घटना में पत्नी की मौत हो गई। वहीं, आरोपी पति छत पर पहुंचा और तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। छत से गिरने के बाद बुजुर्ग व्यक्ति की भी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पारिवारिक कलह की वजह से घटना हुई।

### पन्ना में मधुमक्खियों का हमला 7 लोग घायल



**पन्ना।** जिले के मनकी कटरिया गांव में किसान प्रेम सिंह यादव (60) अपने परिवार के साथ खेत जा रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। हमले में प्रेम और उनकी पत्नी गुड्डी यादव (53) समेत परिवार के 7 लोग घायल हो गए। परिवार के सदस्यों को बचने का मौका भी नहीं मिला। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

राज्य सभा में वक्फ संशोधन बिल पर कुछ ऐसी रही 'गहमागहमी'

**सुधांशु बोले-सदन में एक सदस्य मौजूद हैं, जिन्होंने कहा था कि 26/11 के हमले आरएसएस ने कराए थे**

# दिग्विजय सिंह ने किया ऐतराज तो सुधांशु बोले-आपने उड़ता तीर क्यों पकड़ लिया?

इस दौरान दिग्विजय सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह में भी जमकर तकरार हुई

विपक्षी सांसदों ने सुधांशु त्रिवेदी के बयान को आपत्तिजनक बताया और सभापति से उनकी बातों को कार्यवाही से हटाने की मांग करने लगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीती रात वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में काफी गहमागहमी देखने को मिली। यहां भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी बिल पर चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने अपने भाषण के दौरान कुछ ऐसा कह दिया, जिससे कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह भड़क गए। विपक्षी सांसदों ने सुधांशु त्रिवेदी के बयान को आपत्तिजनक बताया और सभापति से उनकी बातों को कार्यवाही से हटाने की मांग करने लगे। इस दौरान दिग्विजय सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह में भी जमकर तकरार हुई। दरअसल, दिग्विजय जब सुधांशु की बात पर आपत्ति जता रहे थे, तब अमित शाह ने स्थिति को संभालने के लिए सदन को जवाब दे रहे थे। इसी दौरान दिग्विजय ने गुजरात दंगों का मामला उठाया, जिस शाह ने उनकी जमकर क्लास लगाई।

**सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- मैंने तो आपका नाम ही नहीं लिया था**

**दिग्विजय ने गुजरात दंगों का मामला उठाया, जिस शाह ने उनकी जमकर क्लास लगाई**



सुधांशु ने कहा

**जहां-जहां खुदा है, वहां-वहां भगवान है, बाकी आप सभी खुद बुद्धिमान हैं**

दरअसल, वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान बोलते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हमारी सरकार ने मुस्लिम समाज के अंदर सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का काम किया है। जब ताजमहल पर वक्फ ने दावा किया, तब सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि शाहजहां के समय का फरमान लाइए, जिसमें ताजमहल के वक्फ का जिक्र हो। उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा कि जहां-जहां खुदा है, वहां-वहां भगवान है। बाकी आप सभी खुद बुद्धिमान है। उन्होंने अपने भाषण में इशरत जहां, अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी का नाम लेते हुए कहा कि ये लोग आज विपक्षी दलों के साथ हैं।

**इनको मेरा हौवा ऐसा है कि हर जगह मैं ही दिखाई देता हूं**

शाह की इस बात पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैंने ऐसा नहीं कहा है। मैं इस बात का खंडन करता हूं। इसके बाद कांग्रेस नेता ने गुजरात दंगों का जिक्र किया। दिग्विजय ने कहा गृह मंत्री बता दें कि गुजरात के दंगों के समय तो वे राज्य वहां के गृह मंत्री थे, बताइए कि उनमें किसकी क्या भूमिका थी। इस पर अमित शाह ने पटलवार किया। उन्होंने कहा कि जब दंगे हुए उसके 18 महीने बाद मैं गृह मंत्री बना था।

**शाह बोले-दिग्विजय सिंह कह दें कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा था**

सुधांशु त्रिवेदी और दिग्विजय सिंह की बात के बीच अमित शाह ने मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने कहा कि सुधांशु ने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा है। जिन लोगों का नाम लिया गया, क्या वह विपक्षी दलों से नहीं जुड़े थे। अहमद किस पार्टी से जुड़ा था? तीसरा मुख्तार अंसारी किससे जुड़े थे? ये सभी विपक्षी गठबंधन से जुड़े थे। इस बीच दिग्विजय सिंह ने सुधांशु त्रिवेदी के 26/11 वाले बयान पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मुझे लेकर जो कहा गया है, उसकी निंदा करता हूं। इस पर अमित शाह ने सभापति से कहा कि माइक चालू करा दीजिए और दिग्विजय सिंह कह दें कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा था।



सुबह 4 बजे राज्यसभा ने लगाई मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पर मुहर



# शाह बोले: सरकार हिंसा खत्म करने का रास्ता निकाल रही है

खरगे ने की मणिपुर हिंसा की जांच और श्वेत पत्र पेश करने की मांग

मणिपुर में अब तक 11 बार राष्ट्रपति शासन लगाया जा चुका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव को मंजूरी दी है। विभिन्न दलों के सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। हालांकि, विपक्ष ने राज्य में कानून-व्यवस्था और हिंसा रोकने में विफल रहने के लिए केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना की।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि वह राज्य में स्थिति सामान्य करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। विपक्ष इस पर बस राजनीति कर रहा है। शाह ने लोकसभा के बाद राज्यसभा में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रस्ताव पेश किया, जिसे दोनों सदनों से मंजूरी मिल गई है। शाह ने बताया कि मणिपुर के दोनों समुदायों के बीच जल्द ही दिल्ली में बैठक होने जा रही है। इस मुद्दे का समाधान जल्द ही होगा।

**संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न हो**

*शाह ने कहा कि सरकार मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अब तक 13 बैठकें हो चुकी हैं। विपक्ष इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न करे। अब तक हिंसा होने के बाद मणिपुर में 260 लोग मारे गए हैं, मगर इसमें से 70 प्रतिशत लोग पहले 15 दिन में ही मारे गए थे। एक प्रकार से पहले 15 दिन में कंट्रोल आने में स्वाभाविक रूप से जब नस्लीय हिंसा होती है तो पहले 15 दिन में इसको कंट्रोल करना बहुत कठिन होता है और ये पहली बार मणिपुर में नस्ली हिंसा नहीं हुई है। मणिपुर में अब तक 11 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। हमने तो केवल एक बार लगाया है। नॉर्थ ईस्ट में पिछले 10 सालों में सुरक्षा घटनाओं में 70% कमी आई है।*

कुए की सफाई के दौरान डूबे थे

# एक साथ जली 8 चिताएं बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

- मीथेन गैस के संपर्क में आने से सभी का दम घुटा

गुरुवार शाम को कोंडावत गांव में गणगौर माता के विसर्जन से पहले कुए की सफाई के दौरान मीथेन गैस के संपर्क में आने से दम घुटने के कारण आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे से पूरे गांव में मातम पसर गया है। मुक्तिधाम पर सभी आठ शवों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया, जिससे माहौल और अधिक गमगीन हो गया। इस दौरान एक मार्मिक दृश्य तब देखने को मिला जब एक बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। हादसे के बाद खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, विधायक छाया मोरे और एसडीईआरएफ की टीम ने मिलकर करीब तीन घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



महाराष्ट्र के नांदेड़ में बड़ा हादसा

# कुए में ट्रैक्टर-ट्रॉली गिरने से 7 की मौत, 3 महिला मजदूरों को बचाया

एजेंसी ▶▶ छत्रपति संभाजीनगर

- पीएम मोदी ने जताया शोक मदद का ऐलान

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शुक्रवार की सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के कुए में गिर जाने से खेत में काम करने वाली सात महिला मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य को बचा लिया गया। मृतकों में दो की उम्र 18 वर्ष है। जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) प्रवीण ताके ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह लगभग 7:30 बजे लिंबगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले असेगांव गांव में हुई, जब वाहन सड़क से उतरकर पानी से लबालब भरे कुए में गिर गया। उन्होंने बताया कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और कुए से बड़ी मात्रा में पानी पंप की मदद से बाहर निकाला।



# शेयर ट्रेडिंग का मैनेजर निकला साइबर ठगी का मास्टर माइंड, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- जालसाज के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में चार करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी के मामले दर्ज

शेयर ट्रेडिंग की आड़ में ठगी करने के ज्यादातर मामलों में पकड़े जाने वाले मास्टर माइंड का संबंध दूसरे राज्य से होता है। राजधानी में ऐसा पहली बार है हुआ, जिसमें शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर शंकर नगर में ऑफिस खोलकर देश के अलग-अलग राज्यों में चार करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की गई है। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने रायपुर के दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए जालसाजों के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में 16 ठगी के मामले दर्ज हैं। गुढ़ियारी निवासी रेलवे कर्मचारी उमाकांत वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने दलदल सिवनी निवासी प्रतीक जैन, भावना नगर निवासी गोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया है।



**फर्जी कंपनी बनाकर अकाउंट खुलवाया**

जालसाज शेयर ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी की दुकान चला रहे थे। ठगी से प्राप्त आय को बैंक अकाउंट में जमा कराने गोपाल अग्रवाल ने फर्जी कंपनी बनाकर अलग-अलग बैंक में अकाउंट खुलवाया था। प्रतीक उन्हीं बैंकों में ठगी की रकम ट्रांसफर करवाने का काम करता था। पूछताछ में गोपाल ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से ठेकेदार है। प्रतीक के कहने पर उसने उसका साथ दिया।

एआई का खतरनाक दुरुपयोग आया सामने

# चैट जीपीटी ने बनाया मस्क और ऑल्टमैन का फर्जी आधार और पैन कार्ड, वायरल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- फर्जी आधार और पैन कार्ड से प्रारंभिक स्तर पर धोखाधड़ी संभव

अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) कंपनी ओपनएआई के चैटजीपीटी से असली जैसा दिखने वाला फर्जी आधार और पैन कार्ड बनने लगा है। सोशल मीडिया पर कुछ उपयोगकर्ताओं ने दावा किया है कि उन्होंने चैटजीपीटी के नए इमेज जनरेटर की मदद से फर्जी आधार और पैनकार्ड आसानी से बन रहा। खास बात ये है कि कुछ ऐसे लोगों का आधार और पैनकार्ड वायरल है जो भारत के नागरिक ही नहीं है तो कुछ लोग इस दुनिया में नहीं हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इन तस्वीरों ने एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ा दी है। लोगों ने टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन का भी आधार कार्ड साझा किया है ।




**आर्यभट्ट का भी आधार-पैन बना**

हैदराबाद के यशवंत साई ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है जिसमें चैटजीपीटी को कमांड दी गई है कि आर्यभट्ट का आधार कार्ड बनाएं जिसमें निम्न पता लिखें। कमांड देने के चंद सेकंड बाद ही आर्यभट्ट का आधार कार्ड बन गया। इसके बाद पैन कार्ड बनाने को कहा गया और असली पैनकार्ड जैसा दिखने वाला पैनकार्ड भी बन गया।

शनिवार से फिर तपेंगे दिन, रात भी होंगी गर्म

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम सबसे ज्यादा तपेंगे, अगले 5 दिन तक तेज गर्मी पड़ेगी

# बादल-पानी के बाद फिर बढ़ी गर्मी दिन के साथ रात का पारा भी चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अप्रैल के दो दिन बादल-बारिश के बाद शुक्रवार से प्रदेश में गर्मी बढ़ने लगी है। प्रदेश में अगले 5 दिन तक तेज गर्मी पड़ेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में पारा 2 से 5 डिग्री तक बढ़ेगा, जबकि जबलपुर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, सागर संभाग में भी गर्मी बढ़ेगी।

इस महीने के पहले सप्ताह में गर्मी तो पड़ेगी, लेकिन लू से राहत रहने के आसार हैं। इससे पहले गुरुवार तक भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में ओले, बारिश और तेज हवा का असर रहा।



दोपहर 2 बजे बड़ा तालाब

**अप्रैल में 7 से 10 दिन चलेगी लू**

प्रदेश में अप्रैल महीने में मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिलेगा। पहले और दूसरे सप्ताह में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, दूसरे सप्ताह से लू भी चलेगी। सबसे गर्म आखिरी सप्ताह रहेगा। दिन का तापमान 45 डिग्री पार हो सकता है। ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, इंदौर, उज्जैन और भोपाल में लू भी चल सकती है।

**अप्रैल-मई में सबसे ज्यादा गर्मी**

गर्मी के दो प्रमुख महीने अप्रैल और मई हैं। इस बार मार्च के दूसरे पखवाड़े में पारा 41 डिग्री के पार पहुंच चुका है। मार्च महीने के आखिरी में ही तापमान बढ़ने लगता है, लेकिन इस बार भी ऐसा मौसम नहीं रहा। आखिरी 3 दिन पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पारे में गिरावट हुई। अप्रैल के पहले पखवाड़े में मौसम का असर मिला-जुला रहेगा।

## खबर संक्षेप



### संविदा नीति लागू करने मौन धरने पर बैठे कर्मी

**भोपाल।** कुक्कुट विकास निगम के प्रबंधन की वादा खिलाफी के विरोध में गुरुवार को दूसरे दिन भी कर्मचारी संविदा नीति लागू करने की मांग को लेकर मौन धरने रहकर काम बंद हड़ताल की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यह अब आर-पार की लड़ाई है। जब तक संविदा नीति के आदेश लागू नहीं हो जाते, जब तक हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल पर बैठे कर्मचारी वैशाली पटेल ने बताया कि बार-बार झूठा आश्वासन देकर प्रबंधन संविदा कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं। मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के आदेश जारी करने के लिए कर्मचारियों ने एक से सात जनवरी 2025 तक

### कानून को तार-तार कर रही भाजपाः कमलनाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने आरक्षण के नियमों का सही ढंग से पालन नहीं किया इसलिए हाईकोर्ट ने एमपीपीएससी 2025 की मुख्य परीक्षा पर रोक लगा दी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि अब हाईकोर्ट ने पूछा है कि आरक्षित वर्ग के कितने योग्य अभ्यर्थियों को अनारक्षित वर्ग में चयनित होने का मौका दिया गया है? नाथ ने कहा कि अगर पिछले कुछ महीनों के मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय देखें तो स्पष्ट समझा जाता है कि भाजपा सरकार के आरक्षण विरोधी रवैये पर शीर्ष अदालतों ने सख्त रुख अपनाया है। ओबीसी और अन्य वंचित समुदाय को आरक्षण से वंचित करने के लिए भाजपा हर हथकंडा अपना रही है। कानून और संविधान की भावना को तार-तार करने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। उन्होंने कहा कि पहले मेरी सरकार के समय ओबीसी को दिया गया 27 प्रतिशत आरक्षण षड्यंत्रपूर्वक रोका गया। अब एमपीपीएससी में इस तरह की धोखाधड़ी की जा रही है कि आरक्षित वर्ग के छात्र मध्य प्रदेश के प्रशासन में पहुंच ही न सकें। कांग्रेस इस अन्याय का विरोध कर रही है।

# आ लौट चलें योजना में ड्रॉप आउट स्टूडेंट्स को बिना किसी फीस के परीक्षा में बैठने का मिलेगा अवसर

## आत्मनिर्भर मप्र योजना में 100 आकांक्षी युवाओं को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा

### मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश का हर बच्चा पढ़े-लिखे, आगे बढ़े, इसके लिए सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को निवास स्थित समत्व भवन में स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक कर नवीन सत्र की तैयारियों के सम्बन्ध में चर्चा की। नए सत्र में विद्यार्थियों को गणवेश एवं पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और 1 से 4 अप्रैल तक प्रदेश में चल रहे स्कूल चलें हम अभियान के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पालन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों पर प्रसन्नता व्यक्त कर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी है।

उन्होंने कहा है कि प्रदेश का हर बच्चा पढ़े-लिखे, आगे बढ़े, इसके लिए पूरी सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने विभाग को यह निष्ठा भाव बनाए रखने और हर बच्चे को शिक्षा मिले, उसे समय पर पुस्तकें, गणवेश, छात्रवृत्ति, साइकिल और अन्य आवश्यक सुविधाएं मिलें, इसके लिए सदैव प्रयत्नशील रहने के निर्देश दिए हैं।



**ईएफए स्कूलों के लिए अलग अलग वेबसाइट बनाई गई**

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने आ लौट चलें योजना में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को बगैर किसी फीस के परीक्षा में बैठने का अवसर देने और कोचिंग की व्यवस्था करने के नवाचार के बारे में भी बताया। इसी तरह स्कूल मेक ओवर कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को कहानी, कला, साक्षात्कार एवं साहित्य लेखन कला का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा 53 चयनित ईएफए विद्यालयों के लिए पृथक-पृथक वेबसाइट का निर्माण कराया गया है।

### स्कूल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 50 हजार से अधिक विद्यार्थी जुड़े

स्कूल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 53 एजुकेशन फॉर ऑल स्कूलों में 50 हजार से अधिक शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को मीडिया और तकनीक के माध्यम से अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने एवं इसके सशक्तिकरण का अवसर प्रदान किया गया है। बोर्ड द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पाठ्यक्रम स्थापित कर विद्यार्थियों को आधुनिक तरीक से कम्प्यूटर पर सभी विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जा रही है। स्कूलों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऑनलाइन शिक्षण मंच और उपकरणों की स्थापना को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों के हित में किए हैं 11 नवाचार

*स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों के हित में 11 प्रकार के नवाचार किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजना प्रारंभ की गई है। पमध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के माध्यम से एक महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षित होने वाले लोग एक ओर रोजगार से जुड़ेंगे, वहीं दूसरी ओर कक्षा 6 से प्रारंभ होने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए रिसोर्सपर्सन के रूप में भी उपलब्ध होंगे। योजना में प्रदेश के 100 आकांक्षी युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रूक जाना नहीं योजना को सीबीएसई के लिए भी ऑन डिमांड पर लागू किया गया है।*

## जिला स्तर पर लगाएं उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण पर केंद्रित मेले: सीएम डॉ. यादव

# प्रदेश में पीपीपी मोड पर विकसित की जाएंगी नर्सरियां, किसानों को किया जाएगा सम्मानित

*इन्वेस्टर्स समिट के समान उद्यानिकी व खाद्य प्र-संस्करण पर होंगे आयोजन*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्यानिकी फसलों की जिलेवार मैपिंग की जाए। विश्वविद्यालय सहित अन्य शासकीय विभागों की खाली जमीनों पर उद्यान विकसित करने तथा प्रदेश में पीपीपी मोड पर नर्सरियां विकसित करने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। प्रदेश के सभी जिलों में उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण पर केंद्रित वर्कशॉप और मेले आयोजित कर जिलों के किसानों और उद्यमियों को अन्य जिलों में संचालित बेस्ट प्रैक्टिसेज से परिचित कराया जाए।

जिलों में कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में नवाचार करने तथा अपने स्तर पर उपलब्धियां अर्जित करने वाले किसानों का सम्मान किया जाए। इन्वेस्टर्स समिट के समान प्रदेश में उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण पर समिट का आयोजन हो। डॉ. यादव ने समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री ने की उद्यानिकी तथा खाद्य संस्करण विभाग की समीक्षा**



### रोजगार के अवसर निर्मित करने की दिशा में काम हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश, भौगोलिक दृष्टि से सम्पन्न है, साथ ही सिंचाई और बिजली की भी पर्याप्त उपलब्धता है। प्रदेश की उद्यानिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकले। उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण के माध्यम से रोजगार के अवसर निर्मित करने की दिशा में भी अंन्तर्विभागीय समन्वय के साथ कार्य किया जाए। विभाग में विशेषज्ञों तथा तकनीकी दक्षता पर केंद्रित सेल स्थापित कर खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश के तीनों क्षेत्रों चंबल-मालवा और महाकौशल में उद्यानिकी की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्षेत्र विशेष की आवश्यकता के अनुसार कार्य योजना बनाई जाए।

### आगामी माह में नीमच, मंदसौर में औषधीय कृषि के लिए उद्यानिकी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी विधायक और पंचायत प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में आदर्श बागवानी या नर्सरी विकसित कर क्षेत्र के किसानों को प्रेरित करें। श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किसानों को पुरस्कृत करने की व्यवस्था भी हो। बैठक में बताया गया कि आगामी माह में नीमच, मंदसौर में औषधीय कृषि के लिए उद्यानिकी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगा। प्रदेश में 22 लाख 72 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में उद्यानिकी फसलें ली जा रही हैं।

**कुशल वित्तीय प्रबंधन से जन हितैषी कार्यों का विस्तार**

### पुरानी देनदारी चुका कर विकास के विविध पैमानों पर आगे बढ़ रहा मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर अपनी पुरानी देनदारी चुका कर नई दृष्टि से विकास के पैमानों पर आगे बढ़ रही है। विकास के साथ औद्योगिक गतिविधियों और जन हितैषी कार्यों का विस्तार इन्हीं दृढ़ संकल्पों की परिणति है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया, बावजूद इसके गत वर्ष की तुलना में बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई। कुशल वित्तीय प्रबंधन और सभी के सहयोग से सरकार लक्ष्य प्राप्त कर रही है।

#### उपलब्धियों का श्रेय अधिकारी-कर्मचारियों को

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के हित में लगभग 10-15 वर्ष तक पुराने भत्तों की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए वर्ष 2025-26 के बजट में राशि आवंटित की गई है, जिससे सरकार पर करीब 1500 करोड़ रुपए का व्यय भार आएगा। सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन से अपने अधिकारी-कर्मचारियों की बेहतरी का ध्यान रख पा रही है।*

## एचओडी, कमिश्नर और कलेक्टर को लिखे पत्र

# लोकायुक्त की नाराजगी के बाद जीएडी ने दिए निर्देश, जिम्मेदार अफसर ही पेश हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के पास सीधे जाने वाली शिकायतों की जांच में अब सीनियर अफसर ही जाएंगे। इस संबंध में शासन की तरफ से सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने सभी विभागों को लिखित निर्देश जारी कर दिए हैं।

जीएडी द्वारा सभी विभागों, एचओडी, कमिश्नर और कलेक्टर को लिखे पत्र में जीएडी ने कहा है कि लोकायुक्त और उपलोकायुक्त के पास लंबित शिकायत की जांच को लेकर अफसरों द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत आई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि शिकायत की जांच के लिए तलब किए गए आला अधिकारी खुद लोकायुक्त या उपलोकायुक्त के सामने पेश होने के बजाय अपने जूनियर अफसरों को भेजते हैं। इनमें से अधिकांश को तो उस केस की पूरी जानकारी तक नहीं होती।

### बीती 12 तारीख को लोकायुक्त ने प्रदेश शासन को पत्र लिखा

*विगत 12 तारीख को लोकायुक्त ने प्रदेश शासन को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की थी। अपने पत्र में उन्होंने कहा था कि लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के पास लंबित शिकायतों और जांच में संबंधित अफसर पेश ही नहीं होते। इसके साथ ही ऐसे जूनियर अफसर आधी-अधूरी जानकारी लेकर पहुंच जाते हैं, जिससे मामले की जांच प्रभावित होती है।*

### प्रकरण के विषय में पूरी जानकारी हो

पत्र के बाद जीएडी के उप सचिव अजय कटेसरिया द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अब जिम्मेदार खुद ही लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के सामने हाजिर होंगे। यदि किसी कारणवश जिम्मेदार अफसर का पेश होना संभव न हो तो उसके स्थान पर अंडर सेक्रेटरी (अवर सचिव) या उससे ऊपर के स्तर का वही अधिकारी पेश होगा, जिसे प्रकरण के विषय में पूरी जानकारी हो। जिन विभागों में अवर सचिव नहीं है, वे ऐसी स्थिति में सेक्शन ऑफिसर को हाजिर होने भेज सकते हैं। जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह प्रदेश के लोकायुक्त हैं और उपलोकायुक्त का पद पिछले साल नवंबर में जस्टिस एसके पालो का कार्यकाल खत्म होने के बाद से रिक्त है।

## ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग सक्रिय

# जुनवानी गांव में दिखे तेंदुए के शावक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में तेंदुए का आतंक कम नहीं हो रहा। जुनवानी गांव में एक बार फिर तेंदुए के शावक दिखे। इससे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वहीं वन अमले ने गांव में अलर्ट जारी कर दिया है।

वहीं 6 मार्च को कांकेर जिले में ही तेंदुआ नजर आया था। शहर से सटे माकड़ी में तेंदुआ घर की दीवार पर चढ़े मुर्गे का शिकार कर रहा था। जिसका विडियो भी सामने आया है। आए दिन कांकेर में जंगली जानवरों की गतिविधियां देखने को मिलती है। वहीं एक बार फिर तेंदुए के घुस आने से इलाके में दहशत का माहौल है।

## घटना में पैर कटकर अलग हुआ था

# ट्रेन से टकराया युवक उपचार के दौरान मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में चलती ट्रेन से एक युवक का पैर कट गया। मिली जानकारी के अनुसार, युवक शराब की नशे में चूर था। मोवा-सड्डू अंडर ब्रिज के पास रायपुर-अभनपुर मेमू ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे युवक की पैर कट गया। एक पैर कट कर अलग हो गया है। वहीं दूसरा पैर में भारी चोटें आई है।

बताया जा रहा है कि युवक की मौत हो गई है। हादसे के बाद ट्रेन काफी देर से रूट पर ही रुकी थी। जिससे ट्रेन 40 मिनट लेट हुई। पूरा मामल मोवा-सड्डू थाने क्षेत्र का है। घटना की जानकारी मिलटे ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है।

## वृंदावन कॉलोनी की घटना, आभूषण चोरी

# बैंक मैनेजर के सूने मकान पर चोरों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला वृंदावन कॉलोनी का है। जहां अज्ञात चोरों ने एक बैंक मैनेजर के घर को निशाना बनाया। चोर नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सूत्रों के अनुसार, बैंक मैनेजर निजी कार्य से शहर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने घर में धावा बोल दिया।

पड़ोसियों ने जब घर का दरवाजा खुला देखा, तो तुरंत बैंक मैनेजर को फोन कर इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही मैनेजर के करीबियों ने शहर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शहर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को अंदेशा है कि यह किसी सक्रिय गिरोह की करतूत हो सकती है। हालांकि, चोरी



गए सामान और नगदी का पूरा आकलन बैंक मैनेजर के लौटने के बाद ही हो पाएगा। गौरतलब है कि भाटापारा में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे शहरवासियों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और संदिग्धों पर नजर रखने की बात कही है।

## नवागढ़ पुलिस ने किया मामले का पटाक्षेप, आरोपी गिरफ्तार

# शराब पीकर दो लोगों की मौत, मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला के नवागढ़ पुलिस ने शराब पीने से दो लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में खुलासा हुआ है कि शराब में जहर मिलाया गया था, जिसे पीने के बाद दो लोगों की मौत हुई थी। बदले की आग में झुलस रहे आरोपी रामगोपाल खूंटे ने शराब में जहर मिलाया था। सुंदर लाल कुर्रे को मारने के लिए शराब में जहर मिलाया गया था और आरोपी को हिरासत ले लेकर पूछताछ की।

आरोपी ने सुंदर लाल के द्वारा उस शराब को पीने से इनकार करने की जानकारी दी और पास में बैठे सीता राम खूंटे और रोहित तेंदुलकर को जहरीला शराब देना और उसके पीने से मौत होना पाया पुलिस ने आरोपी राम गोपाल खूंटे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नवागढ़ थाना क्षेत्र के भठली गांव में शराब पीने से दो लोगो की मौत के मामले से जिले के



साथ प्रदेश में हड़कंप मच गया था। शराब पीने से 65 साल के सीता राम खूंटे और 25 साल के रोहित तेंदुलकर की संदिग्ध मौत हुई थी। जिसके कारण शराब जहरीली होने की आशंका जताई जा रही थी। घटना के बाद दोनों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए नवागढ़ सीएचसी और जिला अस्पताल भेजा। जिसमें डॉक्टर ने कीटनाशक दवा होने की जांच रिपोर्ट दी। मामले की गंभीरता को देख हुए नवागढ़ पुलिस ने ग्रामीणों से मृतकों की किसी से दुश्मनी के विषय में पूछताछ की। गहन पूछताछ में पुलिस को खास जानकारी मिली और गांव के ही राम गोपाल खूंटे को हिरासत में लिया और पूछताछ की। आरोपी ने कहा कि वह सुंदर लाल को मारना चाहता था और इसके लिए उसने शराब में जहर मिलाया था लेकिन उसे सुंदर लाल के बजाय सीताराम और रोहित ने पी लिया।

## तेज रफ्तार वाहन में भरा था कोयला, पुलिस कर रही कार्रवाई

# तेज रफ्तार ट्राला पलटा साइकिल सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

दीपका थाना अंतर्गत विजयनगर बाईपास मार्ग पर गुरुवार की देर शाम सड़क हादसे में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब कोयला लोड कर तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन जा रहा था और अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, साइकिल सवार उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर की रफ्तार अधिक थी और कोयला लोड भी था, ऐसे में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि साइकिल सवार नीचे के रास्ते किनारे से जा रहा था। इस हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते राहगीरों के भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं रास्ते में दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दीपका थाना पुलिस को



दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटनाक्रम की जानकारी ली गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय धंनसाय के रूप में हुई। वह जवाली गांव का रहने वाला था। पुलिस ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी, मौके पर पहुंचने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की गई।

## नवंबर में भोपाल में होगा इंडियन सोसाइटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज का रजत जयंती सम्मेलन

# मध्य प्रदेश में भगवान गौतम बुद्ध के प्रभाव वाले स्थान बौद्ध सर्किट के रूप में किए जाएंगे विकसित

**सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण सभा की हुई बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय सांची की कार्य परिषद की 6वीं बैठक मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन के विकास को प्राथमिकता दी गई है।

प्रदेश में भगवान बुद्ध का जिन स्थानों पर प्रभाव रहा है, उन्हें बौद्ध सर्किट के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएं। ऐसे स्थानों में उज्जैन सहित सांची के निकट सतधारा, सोनारी आदि का समावेश किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों को विवि में लागू करने को प्राथमिकता दी जाए।



**सम्मेलन के लिए तैयारियां होंगी शुरू**

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि नवंबर माह में भोपाल में इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज के रजत जयंती सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस सम्मेलन के लिए आवश्यक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। विवि के कुलगुरू ने विवि द्वारा संपादित की जा रही अकादमिक गतिविधियों की जानकारी दी।

### सुझावों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे

बैठक में संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आचार्य प्रो. यज्ञेश्वर एस. शास्त्री वर्चुअल रूप से शामिल हुए। बैठक में विवि के कुलगुरू प्रो. वैद्यनाथ लाभ के साथ ही साधारण परिषद के सदस्य प्रो. सत्य प्रकाश शर्मा, पद्मश्री कपिल तिवारी, अभय कात्यायन और प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### शिवाजी महाराज को सीएम ने अर्पित की श्रद्धांजलि

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिवाजी महाराज ने मातृभूमि के सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं किया। उनका अप्रतिम साहस, और आदर्श भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। डॉ. यादव ने शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।*

### हाई कोर्ट ने चतुराई से तथ्य दबाने का प्रयास करने पर तल्ख टिप्पणी भी की

## निगमायुक्त प्रीति यादव बताएं- जिनको नियमित किया, उनकी क्या है योग्यता

### आकर यह भी बताना होगा कि रोस्टर के किस बिंदु के विरुद्ध नियमित किया

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने नगर निगम, जबलपुर की आयुक्त प्रीति यादव से पूछा है कि जिनको नियमित किया गया, उनकी योग्यता क्या है? इस सिलसिले में हलफनामा पेश करें। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि निगमायुक्त यादव ने चतुराई से इस तथ्य को दबाने का प्रयास किया है। उन्हें बताना होगा कि रोस्टर के किस बिंदु के विरुद्ध नियमित किया गया। मामले की अगली सुनवाई सात अप्रैल को होगी। अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी स्व. रामलाल कुशवाहा की पत्नी शांति कुशवाहा व दीनबंधु की ओर से दलील दी गई कि



नगर निगम, जबलपुर में भर्राशाही चल रही है। आलम यह है कि पूर्व में याचिका पर राहतकारी आदेश पारित होने के बावजूद पूर्ण पालन नही किया गया है। अपेक्षाकृत कनिष्ठों को नियमित कर दिया गया, याचिकाकर्ता वंचित इससे वंचित रखे गए। इस तरह वरिष्ठता प्रभावित हुई। पति का निधन, पत्नी लड़ रही इंसाफ की लड़ाई : अवमानना याचिकाकर्ता के पति रामलाल कुशवाहा का सेवा में रहते हुए 16 अक्टूबर, 2024 को निधन हो चुका है। वे जीते जी नियमितिकरण का लाभ नहीं पा सके। लेकिन उनकी विधवा शांति कुशवाहा ने हिम्मत नहीं हारी और वे अब पति की इंसाफ की लड़ाई को गति दे रही हैं। साथ में अवमानना याचिकाकर्ता क्रमांक दो दीनबंधु भी दैनिक वेतनभोगी से नियमित होने का सपना पूरा करने विधिपूर्वक प्रयास कर रहे हैं।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जीवनलाल बनाम प्रवीण कृष्ण न्यायदृष्टांत का हवाला दिया गया। जिसके अनुसार 2016 में गाइडलाइन दे दी गई थी कि यदि अपेक्षाकृत कनिष्ठ को नियमित कर दिया गया है, तो वरिष्ठ को भी करना होगा। मनमाने तर्क देकर उनका हक नहीं मारा जा सकता। इस मामले में नगर निगम, आयुक्त ने पहले पढ़े-लिखे न होने यानि अनपढ़ होने की लचर दलील दी, इसके बाद आदेश के पालन की दिशा में टालमटोल का रवैया अपना लिया।

## पत्रकार गंगा पाठक को हाईकोर्ट से लगा बड़ा झटका

**आदिवासियों की जमीन घोटाला मामले में राहत पाने लगाई गई याचिका हुई खारिज**

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने आदिवासियों की जमीनों की खरीद फरोक्त मामले में आरोपी बनाये गये पत्रकार गंगा पाठक के बेटे प्रखर पाठक की याचिका को खारिज कर दिया है। मप्र उच्च न्यायालय में प्रखर पाठक की याचिका में जबलपुर पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत पर कार्रवाई करवाने के लिए प्रार्थना की गई थी। जिसे अदालत ने खारीज करते हुए याचिकाकर्ता को स्वतंत्रता दी है कि वो निचली अदालत में प्राईवेट कम्पलेंट दायर कर कर सकता है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा है कि यह शिकायत नो अगस्त 2023 को जबलपुर पुलिस अधीक्षक को की गई थी। एसपी को कार्रवाई करना होता, तो वे अब तक कर लेते। प्रखर पाठक की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया था कि उनके पिता पत्रकार गंगा पाठक ने सामान्य व्यक्तियों की जमीनें मानकर जनवरी और फरवरी 2019 में दस जमीनें खरीदी थीं। बाद में पता चला कि उक्त जमीनें आदिवासियों की हैं। रमाकांत सतनामी ने मीडिएटर बनकर उनके पिता के साथ धोखाधड़ी की है। इस मामले में जबलपुर पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका उच्च न्यायालय में दायर की गई थी। न्यायालय ने सुनवाई के बाद प्रखर पाठक की ओर से दायर को खारिज कर दिया है।



## बगलामुखी में आज होगी पंच महाआरती व विशेष अर्चन

**जबलपुर**। ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी महाराज ने बताया कि चैत्र नवरात्रि महापर्व शक्ति की उपासना का पर्व माना जाता है। जिसमें विशेष पूजन श्रृंगार विशेष अर्चन साधना की जाती हैं जो भी भक्त माता बगलामुखी की पूजन करते है दर्शन करते है मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। उपस्थित की अपील बीके पटेल महेश पुरुस्वानी विवेक गुप्ता मनीष पांडे ने की हैं।

## सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे उपयंत्री से मारपीट

**जबलपुर**। मझौली थाना अतंर्गत वार्ड नंबर 14 में निर्माणधीन सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे नगर परिषद के उपयंत्री को वहां एक निवासी ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद मझौली में पदस्थ उपयंत्री अमित पटेल वार्ड क्रमांक 14 में एक सड़क का निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे, तभी वहां आरोपी राजेश उर्फ करिया ने पुराने अतिक्रमण को लेकर उपयंत्री से विवाद शुरु कर दिया। इस दौरान उपयंत्री के साथ मारपीट भी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में अवरोध का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है।

### रिंगरोड से जुड़कर पार्क देगा शहर विकास को गति

## जबलपुर में बनेगा आधुनिक लॉजिस्टिक पार्क

जबलपुर।

जबलपुर के लिए एक महत्वपूर्ण विकास परियोजना शुरू होने जा रही है, जो न केवल शहर की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को सुधारने में मदद करेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। शहर के बाहरी क्षेत्र भेड़ाघाट के पास खैरी में एक अत्याधुनिक लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस पार्क का निर्माण रिंग रोड से सीधे जुड़ा होगा, जो शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण 52 हेक्टेयर जमीन पर किया जाएगा, और यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) द्वारा पूरी की गई सर्वे रिपोर्ट के आधार पर शुरू की जा रही है। इसके अलावा, इस लॉजिस्टिक पार्क को रेलवे ट्रैक से जोड़ने के लिए एक किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाई जाएगी, जो इसकी कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाएगी। इस परियोजना से रिंग रोड के माध्यम से डुमना एयरपोर्ट से भी सीधी कनेक्टिविटी मिल जाएगी, जिससे माल की आवाजाही और भी अधिक आसान हो जाएगी।

### माल लोडिंग का ऑटोमेटेड सिस्टम

लॉजिस्टिक पार्क का सबसे प्रमुख पहलू इसका ऑटोमेटेड सिस्टम है। इस प्रणाली के तहत, माल की लोडिंग और अनलोडिंग पूरी तरह से स्वचालित होगी, जिससे ऑपरेशन की गति तेज होगी और मानवीय गलतियों की संभावना घटेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस व्यवस्था से माल हैंडलिंग की लागत में कमी आएगी और इसका सीधा लाभ आम उपभोक्ताओं को मिलेगा, क्योंकि कारोबारी सस्ते दामों पर सामान उपलब्ध करा सकेंगे।

### लॉजिस्टिक पार्क में मिलेंगी यह सुविधाएं

लॉजिस्टिक पार्क में कई आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिनमें बड़े गोदाम और भंडारण सुविधाएं, ट्रकिंग और रेलवे की सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम और सुरक्षा गार्ड शामिल होंगे, जो पार्क की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा, वेयरहाउस मैनेजमेंट सिस्टम, ऑटोमेशन, पैकेजिंग और लेबलिंग की सुविधा, और इन्वेंट्री मैनेजमेंट से माल की ट्रैकिंग और प्रबंधन को सुगम बनाया जाएगा। लॉजिस्टिक और सप्लाई चेन मैनेजमेंट के लिए विशेष सुविधाएं भी होंगी, साथ ही कर्मचारियों और व्यापारियों के लिए रेस्तरां, कैफेटेरिया और वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी। वर्कशॉप और यूल स्टेशन जैसी रखरखाव और मरम्मत की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी, जो पार्क के संचालन को सहज बनाएंगी।

### लॉजिस्टिक पार्क से जिले को होगा लाभ

लॉजिस्टिक पार्क के निर्माण से जबलपुर को कई महत्वपूर्ण लाभ होंगे। सबसे पहले, यह परियोजना स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा करेगी। इसके अलावा, आधुनिक लॉजिस्टिक पार्क के निर्माण से शहर में निवेश का प्रवाह बढ़ेगा, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। सड़क और परिवहन ढांचे के विकास से शहर की कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। इस पार्क के कारण जबलपुर को एक आधुनिक और विकसित शहर के रूप में पहचान मिलेगी, और व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि से सरकारी राजस्व में भी इजाफा होगा।

## तीन दिन बढ़ी पुस्तक मेला की अवधि अब 8 अप्रैल तक लगेगा पुस्तक मेला

**सैकड़ों विद्यार्थियों को लाभान्वित कर रहा बुक बैंक स्टॉल**

**जबलपुर**। स्कूली बच्चों और अभिभावकों को न्यूनतम दरों पर पुस्तक, कॉपी एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक भवन के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा पुस्तक मेला निजी स्कूलों, प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं के गठजोड़ के खत्म करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा 25 मार्च से लगाये जा रहे पुस्तक और गणवेश मेले में दिन-ब-दिन बच्चों और अभिभावकों की बढ़ रही संख्या इसका बन रही है।

बच्चों और अभिभावकों से मिल रहे अच्छे रिस्पांस को देखते जिला प्रशासन ने मेले की अवधि तीन दिन और बढाने का निर्णय लिया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि पुस्तक और गणवेश मेला अब 6, 7 और 8 अप्रैल को भी जारी रहेगा। वहीं शनिवार 5 अप्रैल एवं रविवार 6 अप्रैल को अवकाश के दिनों में यह मेला दोपहर 12 बजे से शुरू होगा और रात 10 बजे तक खुला रहेगा। आज शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अपने अभिभावकों के साथ पुस्तक मेला पहुँचे और रियायती दरों पर कॉपी- किताब, यूनिफार्म और स्कूल बैग की खरीददारी की। बच्चों ने मंत्र मुग्ध कर देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और फूड जोन में लगे स्टॉलों पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। पुस्तक मेला के ग्यारहवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ समाज सेवी और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री विवेक पटेल एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बाल कलाकारों द्वारा दी गईं एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों ने कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले विभिन्न स्कूल के बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया1 पुस्तक मेला का आज शुक्रवार की शाम विधायक लखन घनघोरिया ने भी भ्रमण किया और अपने संबोधन में इसके आयोजन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की।

## नरवाई जलाने पर किसान पर मामला दर्ज

**जबलपुर**। गोराबजार थाना अतंर्गत अनंततारा फेस 2 के अंदर एक खेत में गेहूं की नरवाई जलाने वालें किसान पर पुलिस ने जिला दंडाधिकारी के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने का मामला दर्ज कर लिया है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनंततारा फेस 2 कालोनी की सूचना पर पुलिस ने अनंततारा फेस 2 के अंदर स्थित एक खेत में गेहूं की फसल कटवाने के बाद गत शाम लगभग 7 बजे गेहूं की नरवाई में आग लगाकर जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने वालें आरोपी मधुवन कालोनी तिलहरी निवासी 48 वर्षीय शरद कनौजिया को गिरफ्तार कर लिया है। शरद कनोजिया ने खसरा नम्बर 385/02 की लगभग आधा एकड़ जमीन में गेंहू की कटाई उपरांत गेहूं की फसल की नरवाई को आग लगाकर जला दिया था। पुलिस ने आरोपी शरद कनौजिया के विरूद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




## भेड़ाघाट में विजिटर पार्क में करोड़ों फूंकने के बाद लोकार्पण कराना भूला वन विभाग

### 2008 में शुरू हुआ विजिटर पार्क को संवारने का भूत

जबलपुर।

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में राज्य शासन की मनसा अनुसार प्राचीन स्थलों को खोज कर व नए निर्माण में करोड़ों रुपया खर्च किए गए लेकिन प्रचार प्रसार में कमी से पर्यटनों को जोड़ पाने में विफल रहे। सन 2008 में करोड़ों रुपए की लागत से बना विजिटर पार्क का अभी तक लोकार्पण भी नहीं कराया जा सका। भेड़ाघाट का दुर्भाग्य ही कहा जाये कि विजिटर पार्क का जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार हो रहा है। तीस एकड़ में फैला यह पार्क बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है। 15-16 सालों से विजिटर पार्क का लोकार्पण नहीं होना जन चर्चा का विषय बना हुआ हैं वन विभाग शासन प्रशासन की कार्य योजना के मुताबिक इसमें



चिड़ियाघर, वन्य प्राणी, पशु -पक्षी रखने की व्यवस्था के साथ ही पर्यटकों को आकर्षण का केंद्र बिंदु बन सके और पर्यटकों को हरितिमा की हरियाली से मंत्रमुग्ध हो जाए लेकिन भेड़ाघाट के विकास की बातें करने वाले जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी सिर्फ घोषणा कर अपनी वाहवाही लूटने में माहिर हैं। वन विभाग ने बड़े ही तामझाम से विजिटर पार्क में करोड़ों रुपए खर्च किए थे लेकिन भेड़ाघाट के साथ ही छलावा क्यों किया जाता है। पार्क की स्वागत द्वार पर नाम पट्टिका भी खंडहर हो गई है। फूलों की एवं हरी घास की क्यारियां जंगली चारे में तब्दील हो गई हैं। विजिटर पार्क का उद्देश्य पर्यटकों सैलानियों के घूमने के पश्चात कुछ पल आराम के लिए निर्मित किया गया। लेकिन खुद विजिटर पार्क बैचेन नजर आ रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि आखिर विजिटर पार्क का लोकार्पण समारोह कब होगा। यह इसी तरह से शासन प्रशासन की योजनाओं को मिट्टी पलीत करने में अधिकारी कर्मचारी पीछे नहीं रहेंगे। क्योंकि राज्य शासन की योजनाओं को मूर्त रूप देने में वन विभाग के अधिकारी सब भूल गए।

### इनका कहना है

नगर परिषद भेड़ाघाट से तीस एकड़ भूमि मध्य प्रदेश पर्यटन निगम द्वारा जिओलॉजी पार्क के निर्माण हेतु प्रस्ताव मांगा था जो परिषद द्वारा दिया गया।

**चतुर सिंह लोधी**
**अध्यक्ष नगर परिषद**

### आनलाइन उद्घाटन समारोह में बोले हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत

# नए कुटुम्ब न्यायालय भवन पारिवारिक विवादों से निपटने के लिए सुव्यवस्थित स्थान प्रदान करेंगे

## बाल-सुलभ न्यायालय कक्ष व आवासीय परिसर का भी किया शुभारंभ

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने कहा कि झाबुआ और बालाघाट में नए कुटुम्ब न्यायालय भवन पारिवारिक विवादों से निपटने के लिए सुव्यवस्थित स्थान प्रदान करेंगे। वे आनलाइन उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान बाल-सुलभ न्यायालय कक्ष व आवासीय परिसर का भी शुभारंभ किया।



चीफ जस्टिस कैत ने आगे कहा कि मनावर, जिला धार में बाल-सुलभ न्यायालय कक्ष युवा गवाहों और पीड़ितों के लिए सुरक्षित और आश्वस्त स्थान प्रदान करने के लिए निर्मित किया गया है, जबकि नवनिर्मित आवासीय परिसर सुसज्जित और आरामदायक आवास प्रदान करेगा, जिससे न्यायिक अधिकारी अधिक ध्यान और दक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर सकेंगे। दरअसल, प्रगति को केवल कानूनों और निर्णयों से नहीं मापा जाता है, बल्कि इस बात से भी मापा जाता है कि लोग कितनी आसानी से न्याय की प्राप्ति कर सकते हैं। इन परियोजनाओं के लिए 24 करोड़ रुपये से अधिक राशि का उपयोग किया गया है। प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा व अन्य जजों ने खुशी जताई कि नए कुटुम्ब न्यायालय भवन में कोर्ट रूम, फाइलिंग सेक्शन, काउंसलिंग रूम, कमन रूम, क्रेच और अन्य आवश्यक सुविधाओं की अच्छी व्यवस्था है। बाल-सुलभ न्यायालयों में कोर्ट रूम, गवाहों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, कामन रूम और अन्य सुविधाएँ शामिल होंगी। न्यायिक अधिकारियों के लिए कुल 14 आवासीय आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। बुढ़ार (शहडोल) में पांच, शाजापुर में पांच, राजेंद्रग्राम (अनूपपुर) में दो और कोलारस (शिवपुरी) में 21 संख्या होगी। रजिस्ट्रार जनरल धर्मिंदर सिंह ने स्वागत भाषण दिया और रजिस्ट्रार (कार्य और अवसंरचना) युगल रघुवंशी ने आभार प्रदर्शन किया।

## बीसीआई से स्टेट बार काउंसिल को मिले 2.30 करोड़

**जबलपुर।** मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद( मप्र स्टेट बार काउंसिल) में नामांकित अधिवक्ताओं की भारतीय विधिज्ञ परीक्षा ग्यारहवीं से अठारहवीं कीअंशदान राशि दो करोड़ उन्तीस लाख नब्बे हजार नौ सौ पेतालीस रुपये एसबीसी को भेजी गई है। उक्त राशि प्राप्त करने के लिये परिषद के चेयरमेन राधेलाल गुप्ता, वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी एवं मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य और बार कौंसिल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार शर्मा ने भरसक प्रयास किये। जिसके परिणाम स्वरूप बीसीआई ने उक्त अंशदान राशि जारी की। काउंसिल के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने बताया कि उनके द्वारा उक्त राशि बार कौंसिल ऑफ इंडिया से प्राप्त किये जाने हेतु अनेकों बार आग्रह किया गया था कि परिषद को अंशदान राशि का भुगतान किया जाये, ताकि अधिक से अधिक अधिवक्ता कल्याण हितार्थ कार्य किये जावें। परिषद के सदस्य जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा परिषद की कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला को परिषद के खाते में जमा किये जाने हेतु उक्त राशि का चेक प्रदान किया गया है। इस दौरान चेयरमेन राधेलाल गुप्ता, वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी, सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी एवं सदस्य शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे। सैनी ने बताया कि अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु राशि प्राप्त होने से प्रदेश के अधिवक्ताओं में उल्लास है।




### 6 से 13 अप्रैल तक चलेंगे संगात्नात्मक कार्यक्रम

# भाजपा स्थापना दिवसः कल से बूथ स्तर पर होंगे आयोजन

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर संगठन द्वारा 6 अप्रैल से 13 अप्रैल तक बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने यहां भाजपा संभागीय कार्यालय पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह जानकारी दी। इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, कार्यक्रम टोली संयोजक रजनीश यादव, टोली सदस्य सोनू बचवानी, रंजीत पटेल, संतोष जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू, सह प्रभारी रवि शर्मा उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस है। श्री सोनकर ने बताया इस बार भारतीय जनता पार्टी के संगठन ने तय किया है कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर और महानगर के सभी 967 बूथों पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराएंगे और उसके साथ सेल्फी लेकर 'हैशटैग बीजेपी फॉर विकसित भारत' पर पोस्ट करेंगे।

## डेयरी में बंधी 2 भैंस ले गए चोर

**जबलपुर।** विजयनगर थाना अतंर्गत मिथलापुरी में देर रात अज्ञात चोर डेयरी से दो भैंसे चोरी कर ले गए। चोरी गई भैसों की कीमत लभग 90 हजार रुपए बताई गई है। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हारदौल मंदिर के पास चेरीताल निवासी 55 वर्षीय विनय कुमार की मिथलापुरी विजयनगर में विनय नाम की डेयरी है। उसकी डेरी में 25 भैंसे हैं। गत 26 मार्च को रात लगभग 1.30 बजे से 2.50 बजे के बीच अज्ञात चोर उसकी २ भैंसे चोरी कर ले गए, जिसकी कीमत लगभग 90 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## पंच तत्वों में से जल एक तत्व है जल बिन जीवन असंभव : प्रदीप तिवारी




**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला जबलपुर के पाटन विकास खंड सकरा सेक्टर में अनीता बाई जन कल्याण नवांकुर संस्था द्वारा संयोजित ग्राम इटवा में जल संवर्धन चोपाल को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी ने कहा कि जल बिना जीवन की कल्पना व्यर्थ है समय रहते समाज को जल स्त्रोतों का संवर्धन करना होगा अन्यथा आने बाली पीढ़ी को शुद्ध जल दुर्लभ होगा। ग्राम इटवा में रैली निकाल कर लोगो को जल संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। एवं बड़ी संख्या में लोगों ने मां नर्मदा की सहायक हिरण नदी के घाट पर श्रमदान किया। उक्त कार्यक्रम में जन अभियान परिषद विकास खंड समन्वयक नूपुर खरे सहित अनीता बाई जन कल्याण नवांकुर संस्था के सचिव उमाकांत यादव मेंटर रामराजा यादव कामता प्रसाद सेन यशवंत सेन cmcldp छात्र प्रियंका जैन ब्रजेश यादव मुकेश यादव निकिता सेन रीना बर्मन यशोदा अमन मिश्रा बर्मन ग्राम विकास प्रस्फुटन समतियो के प्रतिनिधि संकर बर्मन दिनेश गुर्जर राजेश बर्मन सहित बढ़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सीएम राइज स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया



**मझौली।** सी एम राइज एकीकृत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय विश्नोई, (सहायक संचालक) अतुल कुमार चौधरी, (मंडल अध्यक्ष) मुकेश सेन समस्त वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। इनका स्वागत विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती संगीता राय एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा सरस्वती पूजन , तिलक वंदन, श्री फल, माल्यार्पण, फलाहार से किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, गणवेश वितरण किया गया। दूसरे दिन भविष्य की भेंट कार्यक्रम मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वीर बहादुर सिंह( तहसीलदार मझौली ) डॉक्टर आशुतोष खरे (नेत्र विशेषज्ञ) उपस्थित रहे।

## आचार्य श्रीसमय सागरजी का आगमन



**पाटन।** संत शिरोमणि आचार्य प्रवर विद्यासागर महाराज के शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का संभवतः आज पाटन आगमन हो रहा है जिसको लेकर नगर मै भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है ऐसे संकेत मिले हे की कल आहार चर्या पाटन मै ही होगी। आचार्य भगवन के आगमन को लेकर जैन समाज मै भारी उत्साह देखा गया आचार्य श्री आज तेदूखेडा से बिहार कर पाटन आयेंगे।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 8 अप्रैल को

**जबलपुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 8 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के विभाग के कार्यों तथा लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की जायेगी।



## जल गंगा संवर्द्धन अभियानः जन समुदाय की दिखी भागीदारी

**जबलपुर।** जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद जबलपुर द्वारा तैयार कार्ययोजना अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में परिषद के अमले द्वारा सतत प्रवास करते हुए विविध आयोजन किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत अभियान की सफलता के लिए समाज की भागीदारी से गतिविधियां की जा रही है। उक्त कार्य में परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समितियों के साथ ही मेंटर्स एवं सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के समाज कार्य के छात्र-छात्राएं भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा जल गंगा संवर्द्धन अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सामुदायिक सहभागिता के लिए बैठक, जन चौपाल एवं रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकास खण्ड पाटन की नवांकुर संस्था श्रीमति अनीता बाई जन कल्याण समिति सेक्टर सकरा द्वारा ग्राम कोनी इटवा में आयोजित ग्राम चौपाल एवं जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें परिषद के ज़िला समन्वयक प्रदीप कुमार तिवारी, विकास खण्ड समन्वयक श्रीमति नूपुर खरे, बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कुम्भकार कुम्हार समाज की समस्याओं का होगा निराकरण : विधायक बरकडे

### सामुदायिक भवन की भी घोषणा

हरिभूमि सिहोरा।

कुम्भकार समाज की सभी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा जिससे वे निश्चिंत होकर अपना पैतृक व्यवसाय कर सके उक्ताशय के विचार विधायक संतोष बरकडे ने निकटवर्ती ग्राम मंझगवा में आयोजित कुम्भकार (कुम्हार) संघ द्वारा आयोजित बड़ी बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।

### क्या थी कुम्भकार समाज की मांग

कुम्भकार कुम्हार संघ ने मांग रखी कि हम सभी क्षेत्रवासी ईंट निमार्ण करने एंव भट्टे लगाने का पैतृक कार्य वर्षों से करते आ रहे हैं लेकिन ईट भट्टा में उपयोग होने वाली बारीक रेत (भसुआ) में छूट का प्रमाण पत्र एंव मिट्टी या रेत का बगैर रायल्टी का भुगतान किए उत्खनन करने के निर्देश शासन द्वारा दिए जाने के बाद भी इसका लाभ हमलोगों को नहीं मिल पा रहा ऐसी स्थिति में हमलोगों के सामने गंभीर आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है। इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु मंझगवा में ईंट भट्टा के पास ही समाज ने एक बड़ी बैठक आयोजित की एंव विधायक सिहोरा के सामने सारी समस्या रखी इस पर विधायक बरकडे ने कहा कि सरकार के नियम के मुताबिक व्यवसाय में हो रही परेशानियों को दूर कर शासन की योजना का लाभ कुम्भकार कुम्हार समाज को जरुर दिलाया जायेगा। उनका कहीं भी अहित नहीं होने दिया जायेगा।



### कुम्भकार समाज को सामुदायिक भवन की सौगात

कुम्भकार समाज ने विधायक बरकडे से मांग की कि उनके शादी विवाह सहित अन्य समाजिक कार्यों एंव समाज के विभिन्न कार्यक्रमों हेतु समाज का एक भी भवन न होने से उनको अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और उनके समाजिक कार्य भी सही ढंग से संपन्न नहीं हो पाते हैं । समाज की इस मांग पर विधायक ने तत्काल ही सामुदायिक भवन बनवाने की घोषणा की जिस पर समाज ने हर्ष व्यक्त किया।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

कुम्भकार समाज की आयोजित बैठक में मंझगवा मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, महामत्रीं आशुतोष रजक, कुम्भकार (कुम्हार) संघ के जिला अध्यक्ष रमेश प्रजापति, उपाध्यक्ष प्रमोद प्रजापति, मंत्री राजकुमार प्रजापति, सरंक्षक दुर्गा बाबु एंव राजकुमार, नेमचंद,छोटे, धर्मेन्द्र तथा मंझगवा कुम्हार समाज से संजु चक्रवर्ती, कैलाश,विनोद, कोमल, रमेश, मुकेश, रामचरण, धर्मेन्द्र, सुरज, मोनू, प्रमोद, अनुज, सुरेश, रविन्द्र, सुदर्शन, सुखचेन, गोपाल आदि उपस्थित थे।

### फर्जी जाति प्रमाण पर चुनाव लड़ने का आरोप

# कविता की पार्षदी शून्य घोषित करने कांग्रेस का धरना

**जबलपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में विजयनगर स्थित अनुविभागीय अधिकारी अधारताल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन हनुमानताल वार्ड क्रमांक 24 की पार्षद श्रीमती कविता गोंद्रे रैकवार (कविता रैकवार) द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर चुनाव लड़ने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर किया गया। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की जाती, तो वे और बड़े आंदोलनों की ओर बढ़ेंगे।

गौरतलब है की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती राखी रज्जू सराफ ने इस मामले की शिकायत की थी, जिसके बाद लगभग दो साल तक जांच की गई। उच्च स्तरीय जांच कमेटी ने यह पाया कि जिस जाति प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती कविता ने चुनाव लड़ा, वह फर्जी था। इसके बाद जिला कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी अधारताल को लिखित आदेश दिया कि श्रीमती कविता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और उनके पार्षद काल को शून्य घोषित किया जाए। आदेश के बावजूद भी कार्रवाई न होने पर कांग्रेस ने शुक्रवार को यह धरना प्रदर्शन किया।



कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के दबाव के कारण अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इस दौरान कांग्रेस नेता विनय सक्सेना, कौशल्या गोटिया, दिनेश यादव, कमलेश यादव, गुड्डू चौबे, रज्जू सराफ, मुकेश राठौर, इंदिरा पाठक तिवारी, अख्तर अंसारी, सतींद्र चौबे, रीतेश गुप्ता, सचिन रजक, रिंकू शर्मा, सिद्धांत जैन, यशु नीखरा, आयुष पहाड़िया, और सैकड़ों अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस धरने का संचालन मनोज नामदेव ने किया।

### मारपीट की वारदात में 2 महिलाएं घायल

# ऑटो घर के सामने से निकालने पर विवाद

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत कछियाना मोहल्ला सहजपुर में घर के सामने से आटो निकालने की बात पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ झूमाझपटी कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में दो महिलाएं घायल हो गई है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कछियाना मोहल्ला सहजपुर निवासी 48 वर्षीय श्रीमति काशी बाई श्रीवास गत दोपहर अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी तभी घर के पीछे रहने वाले नन्हेलाल कुशवाहा का सब्जी से भरा आटो लेकर उसके घर के सामने से निकला और उसके घर के बाहर की सीढ़ी से टकरा गया, उसने आटो वाले से कहा कि अच्छे से आटो निकालो, इसी बात पर गंगो बाई कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, नन्हेलाल कुशवाहा उसके घर के सामने आकर गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर गंगो बाई एवं नन्हें लाल कुशवाहा उससे झूमाझपटी कर दी। झूमाझपटी के दौरान उसके माथा, गाल, दोनों आंख के पास अंदरूनी चोटे आ गयी। उसने घटना की जानकारी बेटे राकेश, बेटी राजकुमारी एवं रोशनी को दी, जिसे देखकर अनिकेत कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, राजू कुशवाहा,ने उसके घर के सामने पत्थर फैंककर जान से मारने की धमकी दी।

## जहर के सेवन से एक की मौत

**जबलपुर।** विजयनगर थाना अतंर्गत घड़ी चौक के पास विजयनगर में अज्ञात जहर का सेवन करने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार घड़ी चौक के पास विजयनगर निवासी 50 वर्षीय राघवेश बाजपेयी को अज्ञात जहर का सेवन करने पर मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गत रात लगभग 8.40 बजे राघवेश की मौत हो गई।

# नगर निगम के पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन शुरू

**जबलपुर।** नगर निगम के समस्त पेंशनर और पारिवारिक पेंशन का लाभ लेने वाले पेंशनरों को माह अप्रैल 2025 में भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार समस्त सेवानिवृत पेंशनरों का दिनांक 1 अप्रैल 2025 से भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, समस्त निगम से सेवानिवृत्त हुए पेंशनर नगर निगम मुख्यालय में पेंशन शाखा कमरा नं. 43 में उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन करा सकते हैं, जिससे मासिक पेंशन सुचारू रूप से जारी रहे। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने समस्त पेंशनर से निर्धारित समय सीमा में भौतिक सत्यापन कराकर पारिवारिक पेंशन का लाभ पूर्व की भांति लेने का आग्रह किया है।




**श्री श्याम कुमार चौकसे-** कमला नेहरू नगर यादव कॉलोनी निवासी श्री श्याम कुमार चौकसे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा मोटवानी-** कशिश होम्स बदनपुर शक्ति नगर निवासी श्री संजय मोटवानी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा मोटवानी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण भगवान शर्मा-** आजाद नगर रांझी निवासी श्री कृष्ण भगवान शर्मा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीराम अहिरवार-** राजीव गांधी नगर निवासी श्री तुलसीराम अहिरवार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला बाई पटेल-** राजुल टाउनशिप चग्गर फार्म तिलहरी निवासी श्री कौड़ी लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई पटेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई-** गली नं. 20 सदर पासी मोहल्ला निवासी श्री देवतादीन की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रदीप शर्मा-** प्रयागराज कोतवाली निवासी श्री प्रदीप शर्मा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती यशोदा अम्मा-** संजय गांधी नगर सदर निवासी श्री नारायण स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा अम्मा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम सुलोचन सेन-** संजय नगर भड़पुरा अधारताल निवासी श्री विश्वनाथ प्रसाद सेन के पुत्र श्री राम सुलोचन सेन (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निशा चौधरी-** गली नं. 2 बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ पोलीपाथर निवासी श्री राजू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती निशा चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
विजिटिंग साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
विजिटिंग साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
विजिटिंग साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### आवास बिक्री मार्च तिमाही में दो प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में आवास बिक्री मजबूत मांग कायम रहने के बीच जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान दो प्रतिशत की वृद्धि के साथ 88,274 इकाई हो गई। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। आठ प्रमुख शहरों के प्राथमिक आवास बाजार में मांग में स्थिरता दिखाई गई।

### पावरग्रिड को बांड से 6000 करोड़ जुटाने की मंजूरी




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी की निदेशकों की समिति ने चालू वित्त वर्ष (2025-26) में बांड के जरिये 6,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।पावरग्रिड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मंजूरी के अनुसार, बांड का आकार 1,500 करोड़ रुपये होगा।

### रुपया डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 85.25



**मुंबई।** शुल्क संबंधी व्यापार चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने के कारण रुपया अपनी शुरुआती बढ़त खोकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 85.25 के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने कमजोर अमेरिकी डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के कारण बढ़त हासिल की।

### पराग मिल्क ने 161 करोड़ रुपए का कोष जुटाया




**मुंबई।** पराग मिल्क फूड्स ने कहा कि उसने प्रवर्तक शाह परिवार और राकेश झुनझुनवाला की रेयर एंटरप्राइजेज के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उत्पल सेठ सहित कई निवेशकों से 161 करोड़ रुपए का कोष जुटाया है। रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनी ने 90 लाख परिवर्तनीय वारंट के तरजीही निर्गम के जरिये यह पैसा जुटाया है।

### पीएफआरडीए में किए गए दो पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त

pfrda

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के कार्यकारी निदेशक राजदीप सिंह जगपाल और कर्मचारी भविष्य नीति संगठन के वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी संजय पाण्डेय को पेंशन निधि नियामक पीएफआरडीए का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है।

### मल्होत्रा के हस्ताक्षर से 10 और 500 के नोट जारी होंगे



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के तहत 10 और 500 रुपये के नोट जारी करेगा, जिन पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 10 और 500 रुपये के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। नए नोट जारी होने के बावजूद रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए गए 10 रुपये और 500 रुपये मूल्य वर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

# हुंडई की क्रेटा बनी मार्च 2025 में भारत की सबसे अधिक बिकने वाली कार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हुंडई क्रेटा ने मार्च 2025 में भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ी बनकर इतिहास रच दिया है। इस एसयूवी की पिछले महीने पूरे देश में धूम रही और 18 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे खरीदा।

- 18 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे खरीदा

हुंडई ने वित्त वर्ष 2024-25 में भी शानदार प्रदर्शन किया है और क्रेटा की बिक्री में 20 फीसदी की बढ़ोतरी सालाना तौर पर दर्ज की गई। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने बीते एक साल में, यानी अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान सबसे ज्यादा गाड़ियां बेची हैं। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में क्रेटा सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी रही। हुंडई क्रेटा की वजह से एचएमआईएल की कुल बिक्री में एसयूवी का हिस्सा वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 68.5 प्रतिशत हो गया है, जबकि पिछले साल यह 63.2 फीसदी था। कंपनी का कहना है कि वह आगे भी ऐसी ही शानदार गाड़ियां बनाती रहेगी।

## क्रेटा की बिक्री में सालाना 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई

### क्रेटा मार्च में नंबर 1 पद पर काबिज

हुंडई मोटर इंडिया की मानें तो क्रेटा की बीते मार्च में 18,059 यूनिट्स बिकी और यह आंकड़ा सबसे ज्यादा है। क्रेटा ने वित्त वर्ष 2024-25 में भी शानदार प्रदर्शन किया और इस दौरान इसकी बिक्री में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में क्रेटा की कुल 52,898 यूनिट्स बिकीं। खास बात है कि क्रेटा के टॉप मॉडल लोगों को खूब पसंद आए। आईसीई क्रेटा की कुल बिक्री में टॉप मॉडल का योगदान 24 फीसदी रहा। वहीं, इलेक्ट्रिक क्रेटा की बिक्री में यह योगदान 71 फीसदी रहा।



### सनरूफ और कवेक्टेड फीचर्स की डिमांड

ग्राहकों को सनरूफ वाली क्रेटा खूब पसंद आ रही है। कुल क्रेटा की बिक्री में 69 फीसदी गाड़ियां सनरूफ वाली थीं। कनेक्टेड फीचर्स से लैस गाड़ियां भी खूब बिक रही हैं। क्रेटा की कुल बिक्री में 38 फीसदी गाड़ियां कनेक्टेड फीचर्स वाली थीं। क्रेटा की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 11.11 लाख रुपए से लेकर 20.50 लाख रुपए तक है। वहीं, हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक की एक्स शोरूम प्राइस 17.99 लाख रुपए से लेकर 24.38 लाख रुपए तक है।

### एसयूवी सेगमेंट में क्रेटा का दबदबा

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर तरुण गर्ग का कहना है कि हुंडई क्रेटा भारत के ऑटोमोबाइल बाजार में नए स्टैंडर्ड बना रही है। एसयूवी सेगमेंट में इसका लगातार दबदबा और मार्च 2025 में सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ी बनना, यह दिखाता है कि भारतीय ग्राहकों के साथ इसका कितना गहरा रिश्ता है। आज भारत की सड़कों पर 12 लाख से ज्यादा क्रेटा एसयूवी दौड़ रही हैं। क्रेटा इलेक्ट्रिक के लांच होने से इस ब्रैंड की पॉपुलैरिटी और ज्यादा बढ़ गई है।

## भारत पर आयात शुल्क नौ अप्रैल से लागू होगा

# अमेरिका ने भारत पर जवाबी शुल्क 27 प्रतिशत से घटाकर किया 26 प्रतिशत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिका ने भारत पर लगाए जाने वाले आयात शुल्क को 27 प्रतिशत से घटाकर 26 प्रतिशत कर दिया है। शुल्क नौ अप्रैल से लागू होंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को विभिन्न देशों के खिलाफ जवाबी शुल्क की घोषणा करते हुए एक चार्ट दिखाया था जिसमें भारत, चीन, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे देशों पर लगाई जाने वालीं नई शुल्क दरों का उल्लेख था।

चार्ट के अनुसार, भारत ''मुद्रा की विनिमय दर में हेरफेर और व्यापार बाधाओं'' सहित 52 प्रतिशत शुल्क लेता है और अमेरिका अब भारत से 26 प्रतिशत का रियायती जवाबी शुल्क वसूलेगा। हालांकि, व्हाइट हाउस के दस्तावेजों में भारत पर 27 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने का जिक्र था लेकिन नवीनतम अद्यतन दस्तावेज में इसे घटाकर 26 प्रतिशत कर दिया गया है।

### एक फीसदी शुल्क का कोई प्रभाव नहीं

इस संबंध में पूछे जाने पर उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि शुल्क के एक प्रतिशत कम होने का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा। अमेरिका वित्त वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत रही।



- ट्रंप ने जवाबी शुल्क की घोषणा 60 देशों के खिलाफ लगाई है
- भारत मुद्रा की विनिमय दर में हेरफेर सहित 52 प्रतिशत शुल्क लेता है
- अब अमेरिका भारत से 26 प्रतिशत रियायती जवाबी शुल्क वसूलेगा

*12 से अधिक देशों पर एक फीसदी शुल्क कम की गई :* भारत के अलावा, बोस्निया और हर्जेगोविना, बोत्सवाना, कैमरून, फॉकलैंड द्वीप, मलावी और म्यांमा सहित 12 से अधिक अन्य देशों के लिए शुल्क में एक प्रतिशत तक का संशोधन किया गया है।

*भारत से मुख्य निर्यात में औषधि, दूरसंचार उपकरण व कीमती धातुएं :* अमेरिका को 2024 में भारत के मुख्य निर्यात में औषधि निर्माण व जैविक (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती व अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना व अन्य कीमती धातु के आभूषण (3.2 अरब डॉलर), सहायक उपकरण सहित सूती तैयार वस्त्र (2.8 अरब डॉलर) और लोहा व इस्पात के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल था।

### चीन का पलटवार, अमेरिकी वस्तुओं पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाया



चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर पलटवार करते हुए वहां से आयातित सभी उत्पादों पर 34 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। यह अमेरिका में चीन से आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के जवाब में किया गया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, ये शुल्क 10 अप्रैल से लागू होंगे।

### चीन ने डब्ल्यूटीओ में की शिकायत

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका द्वारा व्यापार साझेदारों पर 'जवाबी शुल्क' लगाए जाने के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत दर्ज कराई है। वाणिज्य मंत्रालय ने यहां कहा कि चीन ने 16 अमेरिकी कंपनियों को दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का भी फैसला किया है। ट्रंप ने बुधवार को चीनी वस्तुओं के आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की।

### चीन की वस्तुओं पर कुल 54 प्रतिशत शुल्क हुआ

इस फैसले के बाद अमेरिका में प्रवेश पर चीन की वस्तुओं पर कुल शुल्क 54 प्रतिशत हो गया। यह ट्रंप द्वारा उनके चुनाव अभियान के दौरान दी गई चीन पर 60 प्रतिशत शुल्क की धमकी के करीब ही है। उन्होंने कहा कि चीन ने अमेरिका पर 67 प्रतिशत शुल्क लगाया है। उन्होंने कहा कि इस आंकड़े में मुद्रा की विनिमय दर में हेरफेर और व्यापार बाधाओं के प्रभाव भी शामिल हैं।

# सोना 1,350 रुपए टूटा चांदी 5000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- सोना घटकर 93,000 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 95,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सोने में पांच दिनों से चली आ रही तेजी का सिलसिला थम गया और शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,350 रुपये टूटकर 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये मजबूत होकर 94,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया था। पांच दिनों की तेजी के बाद 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,350 रुपये लुढ़ककर 92,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया जो बृहस्पतिवार को 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।
अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विभिन्न देशों पर शुल्क लगाने के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने से सोने की कीमतों में गिरावट आई है।'' मेहता ने कहा, ''निवेशकों ने अपना ध्यान वैश्विक व्यापार की स्थिति और संभावित आर्थिक प्रभाव पर केंद्रित किया है, जो वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं और कारोबारी भावना को कमजोर कर सकते हैं।''

### सोने की कीमतें एक सप्ताह के निचले स्तर पर

मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष (जिंस), राहुल कलंत्री ने कहा, ''सोने की कीमतें एक सप्ताह में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई हैं, जबकि चांदी पांच सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि ट्रंप के सम्मेलन के दौरान दोनों धातुओं ने शुरुआत में तेजी दिखाई थी...।

*वैश्विक बाजार में भी सराफा टूटा : वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 21.74 डॉलर यानी 0.70 प्रतिशत टूटकर 3,093.60 डॉलर प्रति औंस रह गया। एशियाई बाजारों में हाजिर चांदी 1.69 प्रतिशत टूटकर 31.32 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

# भारतीय चावल पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि एक अस्थायी बाधा

- निर्यातकों का कहना, दीर्घकालिक प्रभाव सीमित हो सकता है
- फैसले पर उद्योगों का देखो व इंतजार करो का रुख

एजेंसी ▸▸| कोलकाता



भारतीय चावल निर्यातकों ने 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले के बाद 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना लिया है जबकि उद्योग के दिग्गजों का कहना है कि भारत की अंतर्निहित प्रतिस्पर्धात्मकता के कारण इसका दीर्घकालिक प्रभाव सीमित हो सकता है।

भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम गर्ग ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हालांकि अल्पकालिक समय में मूल्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है लेकिन अगले दो-तीन महीनों में बाजार में स्थिरता आने की उम्मीद है। सीमा शुल्क एक अस्थायी बाधा है, न कि अवरोध। रणनीतिक योजना और लचीलेपन के साथ हम न केवल बचाव कर सकते हैं बल्कि अमेरिकी बाजार में विस्तार भी कर सकते हैं।''

हालांकि गर्ग ने कहा कि भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों पर अमेरिका में 26 प्रतिशत शुल्क लगाया जाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे निर्यातकों में घबराहट नहीं होनी चाहिए। गर्ग ने कहा कि अमेरिका बासमती चावल के लिए भारत का सबसे बड़ा बाजार नहीं है।

## बीएमडब्ल्यू की बिक्री में सात फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू की वाहन बिक्री जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,914 इकाई रही। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह उसकी मार्च तिमाही में अब तक की सर्वश्रेष्ठ बिक्री है और इसमें स्पोर्ट्स और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड का प्रमुख योगदान रहा। समूह ने पिछले साल की इसी तिमाही में 3,675 गाड़ियां बेची थीं। समूह 2025 में दहाई अंक में बिक्री वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि 2025 की पहली तिमाही में बीएमडब्ल्यू ब्रांड ने 3,764 तो 'मिनी' ने 150 गाड़ियों की बिक्री दर्ज कीं। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम पावाह ने कहा, यदि आप समग्र बाजार को देखें तो बाजार में कुछ रुझान या अवसर हैं।

# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में रही धीमी : सर्वे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- उत्पादन और बिक्री में आई मामूली गिरावट
- सूचकांक फरवरी के 59 से घटकर मार्च में 58 .5 पर आया

भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधि उत्पादन व बिक्री में मामूली गिरावट से मार्च में थोड़ी धीमी रही। शुक्रवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक फरवरी के 59.0 से घटकर मार्च में 58.5 पर आ गया। क्रय प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च 2025 में 58.5 रही जो पिछले महीने से थोड़ा कम है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग काफी हद तक उत्साहजनक रही, हालांकि यह पिछले महीने की तुलना में क्रमिक रूप से कम रही।

*उपभोक्ता सेवा क्षेत्र की कंपनियां उत्साहित रही : उपभोक्ता सेवा कंपनियां मार्च में सबसे अधिक उत्साहित रहीं, उसके बाद वित्त एवं बीमा, रियल एस्टेट एवं व्यावसायिक सेवाएं तथा परिवहन, सूचना एवं संचार का स्थान रहा। सर्वेक्षण के अनुसार मार्च में सेवा अर्थव्यवस्था में भर्तियों की गतिविधि में कमी आई।*

### निजी क्षेत्र की गतिविधियां मजबती से बढ़ती रही

इस बीच, भारतीय निजी क्षेत्र की गतिविधियां मार्च में मजबूती से बढ़ती रहीं, क्योंकि कंपनियों ने नए ऑर्डर में और वृद्धि का स्वागत किया। एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक फरवरी के 58.8 से मार्च में सात महीने के उच्च स्तर 59.5 पर पहुंच गया।

# वेदांता का मार्च तिमाही में लौह अयस्क उत्पादन बढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- एल्युमीनियम का उत्पादन एक प्रतिशत बढ़ा
- तेल एवं गैस के उत्पादन में गिरावट आई

वेदांता ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की चौथी तिमाही में एल्युमीनियम, खनन धातु, लौह अयस्क और बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन में वृद्धि दर्ज की। हालांकि तेल एवं गैस के उत्पादन में गिरावट आई।

जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान कंपनी का एल्युमीनियम उत्पादन सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 6,03,000 टन हो गया।
इसी तरह, वेदांता के जिंक इंडिया खंड में खनन धातु उत्पादन बेहतर खनन धातु ग्रेड और मिल रिकवरी के कारण चार प्रतिशत बढ़कर 3,10,000 टन हो गया।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि चौथी तिमाही के लिए जिंक इंटरनेशनल खंड में खनन धातु का उत्पादन 52 प्रतिशत बढ़कर 50,000 टन रहा। समूह का तांबा कैथोड का उत्पादन भी 41 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 44,000 टन रहा। जनवरी-मार्च की अवधि में लौह अयस्क का उत्पादन 22 प्रतिशत बढ़कर 21 लाख टन रहा। संयंत्र की परिचालन दक्षता में सुधार के कारण हॉट मेटल उत्पादन में वृद्धि के कारण कुल बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन में सालाना आधार पर चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। तेल और गैस में, वेदांता का औसत दैनिक सकल संचालित उत्पादन मार्च तिमाही के दौरान 18 प्रतिशत घटकर 96,200 बैरल तेल समकक्ष प्रति दिन (बीओईपीडी) रह गया।

### कई देशों तक फैला कंपनी का कामकाज

वेदांता लिमिटेड, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी है। यह दुनिया की अग्रणी प्राकृतिक संसाधन, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक है, जो भारत, दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, लाइबेरिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, ताइवान और जापान में फैली हुई है।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 6.60 अरब डॉलर वृद्धि

एजेंसी ▸▸| मुंबई



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.60 अरब डॉलर बढ़कर 665.40 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 4.53 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार चौथा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में पुनर्मूल्यांकन और रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के कारण इसमें गिरावट आई थी। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.16 अरब डॉलर बढ़कर 565.01 अरब डॉलर हो गईं।

- मार्च के समाप्त सप्ताह में 665 .40 अरब डॉलर रहा
- रुपए में गिरावट को रोकने केंद्रीय बैंक ने हस्तक्षेप किया

*स्वर्ण भंडार का मूल्य 51.9 करोड़ डॉलर बढ़ा समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 51.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 77.79 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.18 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.41 अरब डॉलर रह गया।*

## आईबी ग्रुप राजनांदगांव विकसित भारत की परिकल्पना पूर्ण करेगा

# देश का सबसे बड़ा पोल्ट्री कॉन्क्लेव रायपुर में 08 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आईबी ग्रुप राजनांदगांव द्वारा 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए विकसित पोल्ट्री, विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य के साथ आगामी 8 अप्रैल से देश के सबसे बड़े दो दिवसीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन रायपुर के होटल ओमाया में किया जा रहा, जिसमें देश के करीब 6000 पोल्ट्री फार्मर्स और ट्रेडर्स शामिल होंगे।

- देश के करीब 6000 पोल्ट्री फार्मर्स और ट्रेडर्स शामिल होंगे

आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित करने की दिशा में पहल कर रहे है।

### कॉन्क्लेव राज्य के विकास के लिए मील का पत्थर बनेगा

उल्लेखनीय है कि आईबी ग्रुप द्वारा आयोजित किया जा रहा पोल्ट्री कॉन्क्लेव छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।आईबी ग्रुप राज्य में ही नहीं पूरे देश में अपनी एक अलग ही पहचान रखता है। ग्रुप पोल्ट्री के अलावा अन्य क्षेत्र में भी कार्यरत है।



- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित करने की दिशा में पहल कर रहे

### राज्य को प्रोटीन हब के रूप में विकसित करने का संकल्प

इस विचार को मूर्त रूप देने की दृष्टि से अब आईबी ग्रुप द्वारा 2035 तक छत्तीसगढ़ को देश का प्रोटीन हब के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। इसी उद्देश्य से देश के सबसे बड़े पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 8 व 9 अप्रैल को रायपुर के होटल ओमाया में यह आयोजन सम्पन्न होगा। इस कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित पूरे 28 राज्यों से फार्मर्स और ट्रेडर्स शामिल होंगे।

### आधुनिक पोल्ट्री की जानकारी दी जाएगी

कॉन्क्लेव के पहले दिन देशभर से पोल्ट्री ट्रेडर्स इस आयोजन में उपस्थित होंगे जिसमें सुबह 9 बजे से 2 बजे तक तकनीकी एवं व्यवसाय विस्तार के बारे मार्गदर्शन दिया जाएगा। वहीं अगले दिन 9 अप्रैल को देश के पोल्ट्री किसान आयोजन में शामिल होंगे जिसमें उन्हें भी नई तकनीक से जोड़कर आधुनिक पोल्ट्री के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## चिंतन

# बिम्सटेक में भारत के लिए बेहतर मौके

पड़ोसी देशों में मची राजनीतिक हलचल, प्राकृतिक आपदाएं, बढ़ती चीनी नजदीकियां और बदल रही निष्ठाओं के बीच बिम्सटेक की थाईलैंड में बैठक भारत के लिहाज से अहम है। बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (बिम्सटेक) में भारत ही सबसे मजबूत सदस्य है और बाकी सदस्य भारत के सब पड़ोसी देश हैं। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार बिम्सटेक के सदस्य देश हैं। ऐसे में भारत बिम्सटेक को आगे ले जा सकता है और अपने लिए अवसर पैदा कर सकता हे। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में हुई दो दिवसीय बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) शिखर सम्मेलन में म्यांमा और थाईलैंड में पिछले सप्ताह आए भूकंप में 3,000 से अधिक लोगों की मौत के मद्देनजर प्राकृतिक आपदा राहत कार्यों को और बेहतर बनाने, सदस्य देशों के बीच ट्रेड बढ़ाने, सीमा सुरक्षा को लेकर सहयोग, नशे की तस्करी रोकने पर सहमति बनी है। बिम्सटेक बैठक के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी ने सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा है। भारत के लिए बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों का सामरिक महत्व है, ये न केवल पड़ोसी हैं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक व ऐतिहासिक रूप से भी जुड़े हैं। अर्थव्यवस्था के लिहाज से छोटे हैं व भारत पर अधिक निर्भर देश हैं। इन देशों के साथ चीन भी अपने संबंध मजबूत करने में लगा है, जो भारत के पड़ोस तक चीनी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। नेपाल में वामपंथ शासन के बाद नेपान व चीन करीब आए हैं। श्रीलंका चीन के साथ जुड़ा और हाथ जलाने के बाद सतर्क है। म्यांमार में सैन्य तख्ता पलट के पीछे चीनी हाथ माना गया है। म्यांमार की सैन्य सरकार को चीन, रूस व बेलारूस का ही समर्थन प्राप्त है। बांग्लादेश में भी कट्टर इस्लामिक दलों के सत्ता पर कब्जे के बाद से ढाका की बीजिंग व इस्लामाबाद से नजदीकी बढ़ी है। इन परिस्थितियों में पीएम मोदी की बैठक से अलग मोहम्मद यूनुस से मुलाकात हुई है, जो रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने भारत विरोधी बयानों के प्रति यूनुस को सचेत किया है व अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रति चिंता व्यक्त की है। पीएम नेपाली पीएम केपी ओली से भी मिले हैं, नेपाल में अभी राजशाही के लिए आंदोलन चल रहा है, इस परिप्रेक्ष्य में मोदी व ओली की मुलाकात उल्लेखनीय है। भारत व नेपाल के संबंध अभी उतार-चढ़ाव दौर से गुजर रहे हैं। पीएम मोदी की म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से भी बातचीत हुई है, इसमें भारत का मानवीय पक्ष है, म्यांमार भीषण भूकंप के बाद तबाही से प्रभावित है, भारत मदद कर रहा है और आगे भी मदद का वादा किया है। म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग की उपस्थिति के कारण बिम्सटेक की बैठक विवादों में भी रही, कारण जनरल ह्लाइंग को वर्ष 2021 में सत्ता पर काबिज हाने के बाद से कई वैश्विक सम्मेलनों में शिरकत नहीं करने दी गई है। भारत की कोशिश बिम्सटेक देशों की सामरिक सुरक्षा, आपस में ट्रेड बढ़ाने, इन्फास्ट्रक्चर बढ़ाने के साथ चीनी प्रभाव को कम करने की है। म्यांमार, बांग्लादेश व नेपाल जैसे देशों को अपनी सुरक्षा व हित को तवज्जो देनी चाहिए और चीन से सतर्क रहना चाहिए। अमेरिकी टेरिफ वार के बाद से भारत अपने ट्रेड के लिए नए बाजार भी तलाश रहा है, जिसमें बिम्सटेक देश अहम हैं।

# देशप्रेम प्रेरक फिल्मों के सूरज का अस्त



श्रद्धांजलि
ऋतुपर्ण दवे


यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे।

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्र, वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। उनकी हरेक फिल्म में कूट-कूट कर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा।

यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। 24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे 'लाल किले से आई आवाज ढिल्लो, सहगल, शाहनवाज'। इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिली, बंटवारा हुआ और देश भारत-पाकिस्तान में बंट गया। बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किला ले गए। दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई। लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा-मारपीट न करने की सीख दी। इससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ। दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था।

वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमार, अशोक कुमार और कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे। वर्ष 1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निर्माता लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल से पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगा? जवाब मिला कि लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है।

अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों



में से एक अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। हुआ यह कि प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म 'जमीन और आसमान' बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए।

इसी बीच उनसे मिलने मनोज कुमार पहुंचे। उन्होंने परेशानी का कारण पूछा और जवाब में मनोज कुमार बोले कि क्या मैं लिख दूं? खिसियाए मल्होत्रा जी ने कहा कि एक तो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली ऊपर से उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। चलो लिखो। इस तरह मनोज कुमार ने सीन लिखा जो अशोक कुमार को बहुत पसंद आया। इसके लिए उन्हें ग्यारह रुपये मिले। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन मनोज कुमार के मन में कुछ और चल रहा था जिसे लेकर उनकी कोशिशें जारी रहीं। इसके बाद कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे लेकिन हीरो बनने का प्रयास जारी रखा। आखिर मेहनत रंग लाई। 1961 में फिल्म 'कांच की गुड़िया' में ब्रेक मिला। इसके फौरन बाद अगले साल उन्हें विजय भट्ट की फ़िल्म 'हरियाली और रास्ता' मिली जिसने उनकी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। उनके दिल में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी थी।

आजादी के बाद जब भारतीय फिल्मों का दौर बदल रहा था तब मनोज कुमार एक्शन, रोमांटिक फिल्मों के बजाए देश भक्ति की ओर बढ़ रहे थे। यह उनकी निष्ठा और भावना थी जो उन्होंने 1965 में देश भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म शहीद बनाई। इसमें शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई जिन्होंने उन्हें युद्ध में होने वाली परेशानियों पर फिल्म बनाने को कहा। शास्त्री जी ने कहा कि मेरा एक नारा है जय जवान-जय किसान। इस पर कोई फिल्म बनाओ। मनोज कुमार ने फिल्म उपकार बनाई जो सबको बहुत पसंद आई। हालांकि शास्त्री जी इसे नहीं देख पाए क्योंकि उसी बीच उनकी मृत्यु हो गई थी। उपकार आज भी जबरदस्त लोकप्रिय है। इस फिल्म से मनोज कुमार की किस्मत रातों-रात बदल गई। उपकार की कहानी और गाने दर्शकों को बेहद भाए।

वास्तव में फिल्म में भारत के किसान के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी फिल्म ने मनोज कुमार को दूसरा नया नाम भारत कुमार दे दिया। यूं तो मनोज कुमार का असली नाम हरिकिशन गोस्वामी था, लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने मनोज कुमार और भारत कुमार के नाम से परचम फहराया। उन्होंने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दी। इनमें उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी, हिमालय की गोद में, पत्थर के सनम, नील कमल, पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान, दो बदन, क्रांति जैसी कामयाब फिल्में हैं। उन्हें भारत सरकार ने उन्हें 1992 में पद्मश्री और 2016 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें एक नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, उन्हें 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले, जिनमें 1968 में 'उपकार' के लिए बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के अवॉर्ड शामिल हैं। आज मनोज कुमार भले हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन फिल्म में उनके बोल भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात बताता हूँ, हमेशा-हमेशा कानों में गूंजते रहेंगे। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे। जब भी उनके गीत बजेंगे वो याद आएंगे, दिलों में धड़केंगे। तुम्हें कैसे कहें अलविदा भारत कुमार, तुम दिल में थे, हो और इस धरती पर हमेशा रहोगे और पीढ़ियां दर पीढ़ियां तुम्हें फक्र से याद करेंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कर्म का महत्व
गीता रस्तोगी 'गीतांजलि'



# कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कर्म के महत्व को बताते हुए कहा है- हे अर्जुन, तुम्हें केवल कर्म करने का अधिकार है। कर्मों के फल पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। अतः तुम निरंतर कर्म के फल पर मनन मत करो और अकर्मण्य भी मत बनो। गीता के समस्त अध्यायों का सार, इस एक श्लोक में ही निहित है। 'हम इतने पूजा-पाठ करते हैं, फिर भी हमें उनका फल नहीं मिलता', कई भक्त ऐसा सोचते होंगे। कोई विद्यार्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने पर भी कुछ ऐसा ही सोच सकता है। किसी संस्थान के कर्मचारी पदोन्नति न होने पर दूसरे कर्मचारियों से अपनी तुलना करके दुखी हो जाते हैं। ऐसा जीवन के विविध आयामों में देखने को मिलता है। घर में भी भाई-बहनों के मन में आ सकता है कि मेरे मम्मी-पापा, मेरे भाई या बहन को मुझसे अधिक प्यार करते हैं। यह विचारधारा सिद्धांत रूप से ही गलत है और अपनाने योग्य बिल्कुल भी नहीं है। विचार भी एक प्रकार से आंशिक कर्म ही है और इस प्रकार के नकारात्मक कर्म आपको कर्त्तव्य की दिशा से विपरीत दिशा में ले जाते हैं। आपके कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने में जिस ऊर्जा का प्रयोग होना चाहिए, उसका उपयोग नकारात्मक ऊर्जा को खरीद कर ले आने जैसा होता है। उपासना भी एक कर्म है। इसके रूप भिन्न-भिन्न हो सकते हैं और उद्देश्य भी। कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है। जिस समय आप पूर्ण मनोयोग से किसी कर्त्तव्य का निर्वाह करते हैं उस समय आपका 'स्व' उस कर्त्तव्य में विलीन हो जाता है और केवल कर्म ही शेष रह जाता है। कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयमेव ईश्वर को अर्पित हो जाता है क्योंकि उसमें अहंकार का लेश मात्र भी नहीं रहता। अतः फलत्याग कर कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयं ही आराध्य की उपासना है। नवरात्र उपासना का एक विशेष पर्व है। प्रार्थना के समवेत स्वर जब करुणामयी मां शक्ति की करुणा के द्वार खटखटाते हैं तो मां उस पुकार को अनसुना नहीं कर पाती। अपने घर के बच्चे जब प्रातः सायं आदरपूर्वक अभिवादन करते हैं तब आशीर्वाद देने के लिए कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं करना पड़ता; वरन यह स्वयं प्रस्फुटित होता है। घर में कहीं कोई बिगाड़ हो रहे हों तो खाली आशीर्वाद से काम नहीं चलता। यहां पर कर्म की आवश्यकता पड़ती है। यदि आप रोगग्रस्त हो जाएं तब चिकित्सक के पास जाना ही श्रेष्ठ कर्म है; प्रार्थनाएं साथ हों तब शीघ्र रोगोपचार की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। संस्थानों में समय-समय पर ऑडिट होते रहते हैं। तब हर एक कर्मचारी चाहता है कि उसकी सभी रिपोर्ट्स अप टू द मार्क जाएं। संस्था का प्रमुख भी यही चाहता है। किसी भी कंपनी को आधिकारिक प्रॉफिट में लाने के लिए श्रेष्ठ नीतियों का निर्माण व उनका अनुपालन नितान्त आवश्यक है। आध्यात्म के क्षेत्र में भी ऐसा ही है। प्रार्थना का प्रयोजन स्पष्ट होना चाहिए। व्यक्तिगत उन्नति के हम कर्म व प्रार्थना करते हैं तब सामूहिक उन्नति के लिए कर्म व प्रार्थना भी नियमित रूप से किए जाने चाहिए। जब भी कोई बड़ा मिशन होता है तब वह सब के सहयोग से ही संपन्न होता है। जब देश पराधीन हो गया था तब भी सामूहिक प्रयासों से ही स्वाधीनता प्राप्त हुई। आचार्य विनोबा भावे का भूदान आंदोलन मुझे याद आता है जिसमें उन्होंने शुभ प्रयोजन के लिए बड़े जमींदारों को भूमि दान के लिए प्रेरित किया और अपेक्षा से अधिक सहयोग प्राप्त किया। आज मानव समाज विशेष प्रकार की समस्याओं के दौर से गुजर रहा है। भौतिकता की चकाचौंध में आत्मा गुलाम हो गई प्रतीत होती है, जिसके कारण भांति-भांति की विसंगतियां जन्म लेती हैं। इन सब के समाधान के लिए प्रत्येक मनुष्य के भीतर एक दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। हमारे पास एक विशाल संपत्ति है। यह है, विशाल जनसमूह की शक्ति। इसके बल पर हम भारतवासी बड़ी से बड़ी समस्या को हल करने की सामर्थ्य रखते हैं। साथ ही हमारे पास अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। शिक्षा व तकनीक में भी हम किसी भांति कम नहीं। आवश्यकता है तो समस्त शक्तियों के एकजुट होकर सही दिशा में कार्यान्वयन की। हमारे घर के बुजुर्ग भी इस मानवता मिशन में अपना भरपूर योगदान दे सकते हैं। बच्चों, वृद्ध, युवा सभी को अपने समय का कुछ भाग प्रतिदिन मानवता के कल्याण के कार्यों में अवश्य ही निवेश करना चाहिए। आत्म सुधार को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यदि इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास किया जाए तो वह दिन दूर नहीं जब हम सतयुग व रामराज्य के दर्शन अपनी आंखों से कर पाएंगे। साथ ही भावी पीढ़ियों के लिए एक सद्भाव व भाईचारे का संदेश देकर उन्हें भी जीवन की सार्थकता से अवगत करा सकेंगे।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेष्ट



संकलित
**दर्शन**

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए। शेर की तरह सम्मान के साथ चलिए।

## जब मन हो अशांत मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित
**प्रेरणा**

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा।

परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### नशे से निपटने के लिए कारगर योजना बने

कौन परिवार चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताड़ना के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते है कि सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, परंतु इसकी प्रतिशतता बहुत कम है। कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचारपत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। - **संतोष ठाकुर**, पटेवा


## ट्रेंड

### वक्फ विधेयक की बधाई



प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में संसद के दोनों सदनों में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025' के पारित होने की सभी को बधाई! यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ ही अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर सिद्ध होगा।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### स्वच्छता पखवाड़ा



हमने 1 से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की शुरुआत की है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, स्वच्छता सरकारों के प्रयासों से नहीं बल्कि समाज के प्रयासों से प्राप्त की जा सकती है, आज स्वच्छता अभियान सामाजिक आंदोलन बन गया है।
**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति



पढ़ाई का मोल पढ़ने वाले ही जानते हैं। बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति का प्रतीक है, ज्ञान, बोध या विवेक का नहीं। बुलडोज़र अहंकार के ईंधन से, दंभ के पहियों पर चलता है,इसमें इंसाफ़ की लगाम नहीं है।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मनोज कुमार को विदाई



महान अभिनेता मनोज कुमार को विदाई, एक ऐसे आइकन जिन्होंने स्क्रीन पर देशभक्ति को परिभाषित किया। भारतीय सिनेमा और भारत की भावना में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।
**-सुनील शेट्टी, अभिनेता**

## करंट अफेयर

### सिंगापुर में भारतीय मूल की कलाकार सम्मानित

भारतीय मूल की रंगोली कलाकार विजयलक्ष्मी मोहन को सिंगापुर के समुदाय और युवा पीढ़ी के बीच सांस्कृतिक विरासत में उनके कौशल और परंपराओं को बढ़ावा के लिए सम्मानित किया गया। विजयलक्ष्मी के अलावा चार अन्य को भी सम्मानित किया गया है। विजयलक्ष्मी, सिंगापुर में ही रह रही हैं और उनके पास वहीं की नागरिकता है। नेशनल हैरिटेज बोर्ड (एनएचबी) ने शुक्रवार को कहा कि नेशनल गैलरी सिंगापुर में संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्री एडविन टोंग ने विजयलक्ष्मी तथा चार अन्य लोगों को एनएचबी के 'द स्टूअर्ड इंटेंजिबल कल्चर हेरिटेज अवॉर्ड' से सम्मानित किया। विजयलक्ष्मी के अलावा, पुरस्कार पाने वाले चार लोगों में मलय ड्रम निर्माता मोहम्मद यजीज मोहम्मद हसन, पेरनकन शैली के आभूषण निर्माता थॉमिस क्वान, चीनी चाय की दुकान चलाने वाले पेक सिन चून और ट्योश्यू पेस्ट्री दुकान के संचालक थेई मोह चान शामिल हैं। मूलरूप से तमिलनाडु के त्रिची में जन्मी एवं पली-बढ़ी 66 वर्षीय कलाकार विजयलक्ष्मी पांच साल की उम्र से ही, पांच हजार साल पुरानी भारतीय लोककला रंगोली बनाती आ रही हैं। उन्होंने अपनी मां से यह कला सीखी जो हर सुबह अपने आंगन में रंगोली बनाती थीं।



## ऑफ बीट

### पृथ्वी के ऊपरी सतह के रहस्यों का पता चला

पृथ्वी आज एकमात्र ज्ञात ग्रह है जिस पर प्लेट टेक्टोनिक्स हैं। ग्रह के मैग्मा पर चट्टानों के इन विशाल स्लैब की निरंतर गति से महाद्वीप बनते हैं और शायद इससे जीवन का सृजन करने में भी मदद मिली हो। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है कि अपने शुरुआती रूप में, ग्रह में प्लेट टेक्टोनिक्स नहीं थीं और इसके बजाय इसकी विशेषता स्थिर सतह (एक ढक्कन की कल्पना करें) रही होगी - मंगल ग्रह के समान। दूसरों का कहना है कि इसकी विशेषता एपिसोडिक, स्टॉप-स्टार्ट टेक्टोनिक्स रही होगी। प्लेट टेक्टोनिक्स महासागरों और वायुमंडल की संरचना से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि प्लेटों की निरंतर गति कार्बन और अन्य तत्वों को भी इधर-उधर ले जाती है। यह पृथ्वी के आंतरिक भाग से गर्मी कैसे निकलती है, इससे भी निकटता से जुड़ा हुआ है। इस वजह से, प्लेट टेक्टोनिक्स को पृथ्वी पर जीवन के विकास से भी घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ माना जाता है। एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट टेक्टोनिक प्लेटों की गति उनकी सीमाओं पर ज्वालामुखी गतिविधि उत्पन्न करती है। लेकिन द्वीप चापों पर, जैसे कि तथाकथित रिंग ऑफ फायर जो प्रशांत महासागर को घेरता है, इस ज्वालामुखी की एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट है जो आज के औसत महाद्वीपीय सतह के लगभग समान है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अमिताभ के लिए बने मसीहा, सरकार के खिलाफ जीता केस, जानें मनोज कुमार से जुड़े ये किस्से



'पूरब और पश्चिम', 'रोटी, कपड़ा और मकान' और 'क्रांति' जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का 4 अप्रैल को 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर मनोज कुमार ने अपनी फिल्मों के जरिए देशभक्ति की ऐसी भावना जगाई जो आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। आइए, उनके जीवन से जुड़े पांच यादगार किस्सों को याद करते हैं, जो उनकी देशभक्ति, साहस और सिनेमा के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मनोज कुमार को 'भारत कुमार' क्यों कहा जाता था? इसके पीछे उनकी जिंदगी का एक गहरा सच छिपा है। उनका जन्म 24 जुलाई 1937 को पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। 1947 में भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौरान उनका परिवार दिल्ली आया, जहां उन्होंने शरणार्थी शिविरों में कठिन दिन देखे। इस दौरान देश के लिए कुछ करने की भावना उनके मन में घर कर गई। भगत सिंह से गहरे प्रभावित मनोज ने सिनेमा को माध्यम बनाया और 'शहीद', 'पूरब और पश्चिम', 'क्रांति' जैसी फिल्मों के जरिए देशप्रेम को पर्दे पर उतारा। उनका मानना था कि फिल्में सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का जरिया भी हैं। ऐसे में उन्होंने कई देशभक्ति पर आधारित फिल्में बनाईं।

## शादी के बाद रिलीज हुई फिल्म बनीं सिल्वर जुबली

मनोज कुमार जब 25 साल के हुए तो शशि गोस्वामी से प्रेम विवाह कर किया। शादी से पहले उन्होंने एक फिल्म 'हरियाली और रास्ता (1962)' खत्म की थी। इस फिल्म के लिए मनोज कुमार को 11 हजार रुपए साइनिंग अमाउंट मिला था। लेकिन, यह फिल्म उनकी शादी के बाद रिलीज हुई। यह मनोज कुमार की पहली फिल्म थी, जो सिल्वर जुबली रही। ऐसे में मनोज कुमार की पत्नी अक्सर कहा करती थीं कि उनके गुड लक के कारण ऐसा हुआ। मनोज कुमार भी मजाक में कहा कहते थे, 'हां, मैं तो मजदूर आदमी हूं।'

## इमरजेंसी के खिलाफ खड़े हुए, सरकार से जीता केस

मनोज कुमार न सिर्फ देशभक्ति के लिए जाने गए, बल्कि अपने साहस के लिए भी मशहूर थे। 1975 में जब इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल (इमरजेंसी) लगाया तो मनोज कुमार ने इसका खुलकर विरोध किया। कहा जाता है कि सरकार ने उनसे प्रो-इमरजेंसी डॉक्यूमेंट्री बनाने को कहा, लेकिन उन्होंने साफ मना कर दिया, जिसके कारण उनकी फिल्म 'दस नंबरी' पर रोक लगा दी गई। मनोज डरे नहीं और सरकार के खिलाफ कोर्ट में केस लड़ा। वे बॉलीवुड के इकलौते ऐसे फिल्म निर्माता और अभिनेता रहे, जिन्होंने सरकार से कानूनी जंग जीती और अपनी फिल्म को रिलीज करवाया।

## अमिताभ बच्चन को मुंबई छोड़ने से रोका

एक दौर ऐसा था जब अमिताभ बच्चन की फिल्में लगातार फ्लॉप हो रही थीं और उनका कॅरियर डूब रहा था। 1970 के दशक में जब अमिताभ बच्चन लगातार असफलताओं से हताश होकर मुंबई छोड़कर दिल्ली लौटने का मन बना चुके थे, तब मनोज कुमार ने उन्हें रोका। मनोज ने बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में बताया था कि लोग अमिताभ को ताने मार रहे थे, लेकिन उन्हें यकीन था कि यह लंबा-चौड़ा नौजवान एक दिन बड़ा सितारा बनेगा। उन्होंने अपनी फिल्म 'रोटी, कपड़ा और मकान' (1974) में अमिताभ को मौका दिया। यह फिल्म हिट रही और अमिताभ के कॅरियर को नई दिशा मिली। मनोज की यह दूरदर्शिता बाद में सच साबित हुई जब अमिताभ 'एंग्री यंग मैन' के रूप में बॉलीवुड के शिखर पर पहुंचे।

## भगत सिंह की मां से मुलाकात और फिर बनी फिल्म 'शहीद'

मनोज कुमार का भगत सिंह के प्रति लगाव बेहद खास था। फिल्म 'शहीद' (1965) बनाने से पहले वे भगत सिंह की मां विद्यावती से मिलने गए थे, जो उस वक्त अस्पताल में भर्ती थीं। इस मुलाकात के दौरान मनोज भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े। विद्यावती ने कहा था, 'तू तो बिल्कुल भगत जैसा लगता है।' इस मुलाकात ने मनोज को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने भगत सिंह के किरदार को पर्दे पर उतर दिया। 'शहीद' ने उन्हें देशभक्ति फिल्मों का प्रतीक बना दिया और इसके गाने जैसे 'मेरा रंग दे बसंती चोला' आज भी गूंजते हैं।

## मनोज कुमार ने क्रांति फिल्म के लिए बेचा था घर




मनोज कुमार की फिल्म क्रांति एक ब्लॉकबस्टर फिल्म है, जो 1981 में रिलीज हुई थी। क्रांति हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में से है, जिसने कमाई के मामले में कई रिकॉर्ड कायम किए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रांति को फाइनेंस करने के लिए मनोज कुमार ने जुहू का अपना प्लॉट बेच डाला था। यही नहीं, मनोज कुमार ने दिल्ली का अपना बंगला तक बेच दिया था। मनोज कुमार ने क्रांति को जैसे-तैसे पूरा किया और लगभग तीन करोड़ की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 16 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। लीड एक्टर के रूप में मनोज कुमार को उनकी पहली बड़ी सफलता 1964 में राज खोसला की रहस्य थ्रिलर वो कौन थी? से मिली।यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई, जिसका श्रेय इसकी दमदार पटकथा और मदन मोहन द्वारा रचित मधुर गीतों को दिया जाता है, जैसे 'लग जा गले' और 'नैना बरसे रिमझिम', दोनों लता मंगेशकर ने गाए थे। 1965 मनोज कुमार के लिए सबसे बेहतरीन साल रहा। जहां से उनकी सफलता स्टारडम में तब्दील हुई और आज वह हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकारों की लिस्ट में आ गए हैं।

## 19 की उम्र में निभाया 90 साल के भिखारी का रोल, मात्र 11 रुपए में लिखा सीन

मनोज कुमार ने लहरें रेट्रो को दिए गए एक पुराने इंटरव्यू में अपने करियर से जुड़े कुछ अनसुने किस्से सुनाए थे। इन किस्सों में ही मनोज कुमार के शुरुआती संघर्ष, देश के प्रति कुछ करने की ललक और सिनेमा के लिए प्यार नजर आता है। जानिए, मनोज कुमार से जुड़े उन अनसुने किस्सों के बारे में।

### फिल्म 'फैशन' में बने भिखारी

मनोज कुमार बताते हैं कि हिंदी फिल्मों में हीरो बनने के लिए आए थे। लेकिन, फिल्ममेकर लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल जिन्हें वह भाई साहब कहा करते थे, उन्होंने मनोज को फिल्म 'फैशन( 1957)' में 90 साल के भिखारी का रोल दिया, उस समय अभिनेता की उम्र महज 19 साल थी। ऐसे में मनोज ने कुलदीप और लेखराज जी से पूछा कि आपने मेरे बारे में क्या सोचा है? इस पर उनका मनोज कुमार को जवाब था, 'अभी तो तुम्हारा एक जूता भी नहीं घिसा है। यहां लोगों की उम्र निकल जाती है।'इसके बाद मनोज कुमार ने ठान लिया कि अब तक हिंदी फिल्मों में नाम बनाना है, यही उम्र भर काम करना है।

### 11 रुपए में लिखा फिल्म का एक सीन

मनोज कुमार जब हीरो बनने के लिए संघर्ष कर रहे थे, उसी दौरान उन्हें अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। इस सीन के लिए उन्हें 11 रुपए मिले थे। मनोज कुमार बताते हैं, 'प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा 'जमीन और आसमान' नाम की फिल्म बना रहे थे। एक दिन वह स्टूडियो में परेशान बैठे थे। मैंने पूछा क्या हुआ मल्होत्रा साहब? वे बोले कि फिल्म के हीरो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली हैं, लेकिन अब उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। इस पर मैंने कहा कि लाइए मैं इस सीन को दोबारा लिख देता हूं। मैंने सीन लिखा और ये अशोक कुमार जी को बहुत पसंद आया। प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा ने इसके लिए मुझे 11 रुपए दिए। इसके बाद मुझसे कई प्रोड्यूसर आकर फिल्मों के सीन लिखवाने लगे।' राइटिंग करने के अलावा मनोज कुमार फिल्मों में हीरो बनने का प्रयास करते रहे, फिल्में करते रहे।

### डॉक्यूमेंट्री में काम करने के मिले 1000 रुपए


मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में कई ऐसी फिल्में बनाई जिसमें देशप्रेम की भावना नजर आई। दर्शक ये फिल्में देखकर भाव-विभोर हो जाते थे। ये देशप्रेम की भावना मनोज कुमार के मन में शुरुआत से रही। उन्होंने शुरुआती कॅरियर में ही एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'गंगू तेली'की, यह फिल्म खादी का प्रचार करने के लिए बनाई गई थी। इस फिल्म में काम करने के लिए उन्हें 1000 रुपए मिले थे।

## 'देशभक्त कलाकार कालजयी होते हैं', मनोज कुमार के निधन पर क्या बोले बॉलीवुड सितारे

*फिल्म इंडस्ट्री के लिए शुक्रवार का दिन काफी दुखद है। दिग्गज एक्टर मनोज कुमार ने शुक्रवार को दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनके निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर है। बॉलीवुड के तमाम बड़े चेहरों ने मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी है। अक्षय कुमार बोले मैं इनसे सीखते हुए बड़ा हुआ हूं कि देशभक्ति और प्यार जैसा कोई इमोशन नहीं है। करण जौहर ने श्रद्धांजलि देते हुए क्रांति की स्क्रीनिंग को याद किया।*



मनोज कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए अक्षय कुमार ने कहा, 'मैं इनसे ये सीखते हुए बड़ा हुआ हूं कि कैसे देशभक्ति और प्यार जैसा कोई भाव नहीं होता है। और अगर हम एक्टर्स इस इमोशन को दिखाने में लीड नहीं लेंगे तो कौन लेगा? बहुत बढ़िया इंसान, और हमारी बिरादरी की सबसे बड़ी संपत्ति में से एक। मनोज सर। ओम शांति।



करण जौहर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर करके मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा- आज हमने हिंदी सिनेमा के लेजेंड को खोया है।..श्री मनोज कुमार जी। मुझे वो वक्त याद आ रहा है जब मैं बचपन में क्रांति की स्क्रीनिंग देखने गया था...उत्सुकता से भरा मैं जमीन पर बैठा था, बाकी बच्चों के साथ। स्क्रीनिंग में फिल्ममेकर, एक्टर्स और इंडस्ट्री



वहीं, जैकी श्रॉफ ने मनोज कुमार की तस्वीर शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। विवेक अग्निहोत्री ने ट्वीट करके मनोज कुमार को भारत के पहले सच्चे, ओरिजनल और प्रतिबद्ध भारतीय फिल्म निर्माता बताया। उन्होंने लिखा, "दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता श्री मनोज कुमार जी आज हमें छोड़कर चले गए।'



एक दूरदर्शी निर्देशक जिन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नया व्याकरण दिया। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा- 'अन्य कलाकार मृत्यु को प्राप्त होते हैं, पर देशभक्त कलाकार कालजयी होते हैं।'



मनोज कुमार की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मनोज कुमार जी सिर्फ एक सिनेमाई आइकन नहीं थे - वे मेरे परिवार की यात्रा में एक व्यक्तिगत मील का पत्थर थे। उन्होंने मेरे पिता वीरू देवगन को रोटी कपड़ा और मकान फिल्म में एक्शन डायरेक्टर के रूप में पहला ब्रेक दिया था। वहां से क्रांति तक दोनों का सहयोग जारी रहा, और ऐसे पलों का निर्माण हुआ जो भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम इतिहास का हिस्सा हैं।



बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने लिखा, मनोज कुमार सिर्फ एक अभिनेता या फिल्मकार ही नहीं थे, बल्कि वे एक संस्था थे। मैंने उनकी फिल्में देखकर बहुत कुछ सीखा है। उनकी फिल्में अक्सर महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर आधारित होती थीं, जो उन्हें आम आदमी के बहुत करीब ले जाती थीं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।



शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, 'मैं मनोज जी को व्यक्तिगत रूप से जानता था। वह सिर्फ पारिवारिक मित्र ही नहीं थे, बल्कि बहुत सम्मानीय व्यक्ति थे। 'क्रांति' एक ऐसी फिल्म थी, जिस पर हमने साथ काम किया था। अपनी फिल्मों के जरिए उन्होंने लोकप्रियता के साथ राष्ट्रवाद को नई दिशा दी। मनोज कुमार सही मायनों में भारत रत्न थे। वह विरलतम इंसानों में से एक



अभिनेत्री रवीना टंडन ने कहा, 'हम उन्हें कभी नहीं भूल सकते। वह मेरे बहुत करीब थे। उन्होंने मेरे पिता को 'बलिदान' में पहला ब्रेक दिया था। मेरे पिता उनके बहुत करीब थे'। रवीना ने आगे कहा, 'मनोज कुमार समय से बहुत आगे थे। जब उन्होंने 'जब जीरो दिया मेरे भारत ने' गाना फिल्माया, तब भारत में घूमने वाले रेस्तरां का कोई कॉन्सेप्ट नहीं था।

## शाहरुख को कभी माफ नहीं किया मनोज कुमार ने, आखिरी मुलाकात में बोले, 'दृश्यम 2' मत भूलना

*ये बात बस दो साल पहले की है। पूरे देश में शाहरुख खान की ताजा ताजा रिलीज फिल्म 'पठान' का हल्ला मचा हुआ था। फिल्म की रिलीज को अभी हफ्ता भर भी नही हुआ था और इसी बीच मनोज कुमार को पुणे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का न्यौता देने महाराष्ट्र के तत्कालीन सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार पहुंच गए। साथ में मीडिया के कुछ लोग भी गए और इसी मौके पर उनका शायद ये आखिरी फोटो भी प्रेस के लोग खींच सके। इस दौरान उनसे मौजूदा दौर की फिल्मों पर बात चली। बात शाहरुख की फिल्म 'पठान'तक पहुंची तो वह तुरंत बोले, 'मत भूलिए, अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 2' भी तो हिट हुई है।'*

### वीरू देवगन को स्टंट निर्देशक किया लॉन्च

कम लोग ही जानते होंगे कि अजय देवगन के पिता वीरू देवगन को स्टंट निर्देशक बनाने में मनोज कुमार का बड़ा हाथ रहा है। फिल्म 'रोटी कपड़ा और मकान' में मनोज कुमार ने वीरू देवगन को बतौर स्टंट निर्देशक लॉन्च किया। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के एक हाथ से मोटरसाइकिल चलाने वाले सीन में अमिताभ के डुप्लीकेट का काम वीरू देवगन ने ही किया है। भारत सरकार की तरफ से मिलने वाले सिनेमा के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित हो चुके अभिनेता, लेखक, निर्माता, निर्देशक मनोज कुमार आखिर तक शाहरुख खान को माफ नहीं कर सके।

### धर्मेंद्र को ट्रेन से उतारकर वापस ले आए थे

आज के दौर की फिल्मों के बारे में मनोज कुमार का कहना था, 'आज की फिल्में ठीक वैसी बन रही हैं, जिस तरह से गुलाब जामुन के नाम में तो जामुन होता है, लेकिन उसमें जामुन का स्वाद नहीं मिलता।' मनोज कुमार को जब तक होश रहा, वह अखबार रोज पढ़ते रहे। टेलीविजन देखना उन्होंने कई साल पहले ही पूरी तरह बंद कर दिया था। अखबार में भी वह राजनीति से जुड़ी खबरें ही पढ़ते रहे। उस दिन बातों बातों में अभिनेता धर्मेंद्र का किस्सा भी निकल आया। उनका नाम सुनते ही मनोज जोर से ठहाका लगाकर हंसने की कोशिश करने लगे। कम लोगों को ही पता है कि जब फिल्मों में अपना काम न बनते देख धर्मेंद्र ने एक बार बंबई (अब मुंबई) छोड़ने की तैयारी कर ली थी। पंजाब वापस जाने का टिकट ले लिया था। और, ट्रेन पकड़ने के लिए वह निकल भी चुके थे कि मनोज कुमार को इसका पता चल गया।

# टीवी मसाला

## 'खतरों के खिलाड़ी 15' में हिस्सा ले सकती हैं दिशा पाटनी की बहन

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रिएलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी'का 15वां सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में मेकर्स इस शो के लिए सेलेब्स को अप्रोच कर रहे हैं। कुछ दिन पहले रिपोर्ट आई कि मल्लिका शेरावत कंटेस्टेंट के रूप में इस शो का हिस्सा बनने वाली हैं। वहीं, अब कहा जा रहा है कि बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस दिशा पाटनी की बहन के साथ मेकर्स की बातचीत चल रही है। 'खतरों के खिलाड़ी'के मेकर्स ने खुशबू पाटनी को अप्रोच किया है। बता दें, खुशबू ने देहरादून इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिग्री लेने के बाद भारतीय सेना का हिस्सा बनीं। वह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट हैं और कमीशन्ड ऑफिसर के पद पर हैं। ऐसे में अगर ये खबर सही निकलती है और खुबशू इस शो का हिस्सा बनती हैं तो खतरों का लेवल बढ़ जाएगा। खुशबू के अलावा, शो के लिए 'बिग बॉस 18' के सितारे चुम दरंग, दिग्विजय राठी, अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह को अप्रोच किया गया है। इसके अलावा, सोशल मीडिया सेंसेशन ओरी उर्फ ओरहान अवत्रामणि के भी शो का हिस्सा बनने की उम्मीद की जा रही है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि इस सीजन के लिए सिद्धार्थ निगम, शगुन पांडे, बसीर अली, गुलकी जोशी और गोरी नागोरी से भी बातचीज चल रही है। हालांकि, अब तक आधिकारित तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं हुई है



## बिग बी लेकर आ रहे हैं केबीसी का नया सीजन, इस दिन से शुरू होंगे



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के शहंशाह कहलाने वाले दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन बहुत जल्द 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के साथ टीवी पर वापसी करने वाले हैं। शो कब शुरू होगा? इस बात की जानकारी तो अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन की डेट आ गई है। केबीसी के रजिस्ट्रेशन्स अगले हफ्ते से शुरू होंगे। सोनी टीवी ने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर लिखा, 'तैयार हो जाएं 14 अप्रैल से हॉट सीट पर आने के लिए। केबीसी के रजिस्ट्रेशन्स और हमारे एबी के सवाल शुरू होने वाले हैं।' मतलब 'केबीसी 17' के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होगी। अगर आप 'केबीसी 17' के लिए अप्लाई करना चाहते हैं तो आपको अमिताभ बच्चन द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देना होगा।

## 'इडली कड़ाई' का नया पोस्टर जारी




**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपने व्यस्त प्रोफेशनल शेड्यूल के कारण चर्चा में हैं। अभिनेता के पास न केवल कई प्रोजेक्ट हैं, बल्कि वह अपने निर्देशन पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनकी फिल्म 'इडली कड़ाई' भी दर्शकों को खास ध्यान आकर्षित कर रही है। इस फिल्म को आगे के लिए टाल दिया गया था। आखिरकार धनुष ने अब फिल्म की रिलीज की तारीख का ऐलान कर दिया है। 'इडली कड़ाई' के अभिनेता और निर्देशक धनुष ने एक नए पोस्टर के साथ अपनी फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। शुक्रवार 4 अप्रैल को धनुष ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया और घोषणा की कि यह 1 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'पा पांडी', 'रायन' और 'निलावुक्कू एन मेल एन्नाडी कोबम' के बाद 'इडली कढ़ाई' धनुष की चौथी निर्देशित फिल्म है। 'इडली कढ़ाई' का निर्देशन करने के अलावा वह फिल्म में अहम भूमिका भी निभा रहे हैं। पहले, फिल्म को 10 अप्रैल को रिलीज किया जाना था, जो अजीत कुमार की 'गुड बैड अग्ली' के साथ क्लैश करने वाली थी। बाद में बॉक्स-ऑफिस क्लैश से बचने के लिए इसे पोस्टपोन कर दिया गया।

## ओमान में मनाएंगी अपना जन्मदिन

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना इस समय अपनी फिल्म 'सिकंदर' से काफी चर्चा में हैं। अभिनेत्री इस बार अपने 29वें जन्मदिन का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। अब उनके जन्मदिन को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसे लेकर उनके फैंस के मन में भी काफी सवाल उठ रहे हैं। 'पुष्पा' फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इस समय सिनेमा की दुनिया का सबसे चर्चित नाम हैं। इस समय वह अपने आगामी जन्मदिन की कुछ खास तैयारियों में जुटी हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वह अपना जन्मदिन ओमान में अपने दोस्तों के संग मनाने वाली हैं। अभिनेत्री अपने व्यस्त दिनचर्या से ब्रेक लेकर अपने करीबी दोस्तों के साथ कुछ खास पल बिताना चाहती हैं। इस खबर के आने के बाद अभिनेत्री के फैंस कई कयास लगा रहे हैं। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की डेटिंग की काफी चर्चा रहती हैं। अभी कुछ दिन पहले ही इन दोनों को एक कॉफी हाउस से अलग-अलग बाहर निकलते हुए देखा गया था। अब फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि क्या विजय और रश्मिका वहां साथ दिखेंगे? इस बात की अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ये दोनों कलाकार अपने रिश्तों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि 5 अप्रैल को उनके जन्मदिन पर कौन-कौन सम्मिलित होता है। ए आर मुरुगदास के निर्देशन में बनी फिल्म 'सिकंदर' 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस पर यह औसत प्रदर्शन कर रही है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 26 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे दिन ईद पर फिल्म ने 29 करोड़ रुपये कमाए। वहीं, बीते दिन गुरुवार को फिल्म ने 6 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 90.25 करोड़ रुपये हो गया है।



## फोटो खिंचाने के मौके दिलाने तक के लिए पैकेज डील की जा रही ऑफर

# 12 लाख भरिए, रेड कारपेट पर टहलिए, 'कान' के नाम पर वसूली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कान फिल्म फेस्टिवल के नाम पर सिर्फ भारतीय फिल्म दर्शकों को ही नहीं इसमें काम करने वाले सितारों को भी खूब गुमराह किया जाता है। फेस्टिवल के दिन करीब आते ही फिल्मी सितारों और मनोरंजन जगत के कलाकारों को इस फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चलने के लिए 'मौका'दिलाने वालों की लॉबी फिर से सक्रिय हो गई है।

फिल्म कलाकारों को इस फेस्टिवल के दौरान पार्टी में शामिल होने से लेकर नेटवर्किंग और फोटो खिंचाने के मौके दिलाने तक के लिए पैकेज डील ऑफर की जा रही है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अनुप्रिया कपूर ने ऐसी ही एक मेल अपने सोशल मीडिया पेज पर साझा कर दी है। बीते साल फिल्म 'हमारे बारह' के कथित 'इंडियन फिल्म कैटेगरी' में चयनित होने की फर्जी खबर का भंडाफोड़ हुआ था, इस साल अनुप्रिया ने खुलासा किया है कि कैसे आठ लाख रुपए से लेकर 12 लाख रुपए तक कलाकारों से मांगे जा रहे हैं, उन्हें सिर्फ रेड कारपेट पर चलाने के नाम पर।



अनुप्रिया कहती हैं कि तमाम ऐसे लोग पैसे देकर कान में रेड कारपेट पर पहले भी फोटो खिंचाते रहे हैं जिनका सिनेमा से कोई लेना देना नहीं है। वह कहती हैं कि पैसे देकर कान जाने में बुराई नहीं है, लेकिन ऐसे लोगों को भारत का प्रतिनिधित्व करने का दावा नहीं करना चाहिए। इस साल 13 मई से शुरू होने जा रहे कान फिल्म फेस्टिवल का ये 78वां आयोजन होगा।

### चुनी गई फिल्मों के कलाकार ही चलते हैं रेड कारपेट पर

कान फिल्म फेस्टिवल के आधिकारिक सेक्शन में चुनी गई फिल्मों के कलाकार ही इस फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चलते हैं। कुछ कलाकारों को फेस्टिवल के प्रायोजकों की तरफ से भी आमंत्रित किया जाता है, जैसे बीते साल ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, शोभिता धूलिपाला आदि इसी तरह वहां पहुंची थीं। इस फिल्म फेस्टिवल की सबसे महत्वपूर्ण कैटेगरी होती है, कंपटीशन सेक्शन, जिसमें कोई तीन दशक बाद बीते साल पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट'शामिल हुई थी। दूसरा अहम सेक्शन कान फिल्म फेस्टिवल का अन सर्टेन रिगार्ड (परिप्रेक्ष्य में) है जिसमें पिछले साल शहाना गोस्वामी अभिनीत फिल्म 'संतोष' शामिल हुई थी।

### कन्याभोज और कन्या पूजन का सिलसिला शुरू

# वासंतेय नवरात्र की महाष्टमी पर देवालयों में अनुष्ठान आज



जबलपुर।

वासंतेय नवरात्र पर शहर में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। चारों ओर मातारानी के जयकारे गूंज रहे हैं। जगराते के आयोजन चल रहे हैं, महासप्तमी से कन्यापूजन और कन्या भोज के आयोजन भी प्रारंभ हो गये हैं। आज महाअष्टमी पर घर घर में अष्टमी पूजन होगा। देवी के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना और उपासना होगी। इसके साथ ही कल रामनवमीं पर्व जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर शहर में श्री राम की एक शोभायात्रा भी निकाली जायेगी।

वासंतेय नवरात्र पर्व पर नगर के देवी देवालयों और मठमंदिरों में श्रध्दा और आस्था का संगम देखने को मिल रहा है। तड़के 4 बजे से ही महिलायें माता रानी के पैर पखारने हाथ में जल कलश लिये मंदिरों की ओर निकल पड़ती हैं। ज्यों ज्यों दिन चढ़ता है त्यों त्यों ही मंदिरों में भीड़ बढ़ जाती है। प्रातः कालीन पूजा अर्चना के बाद शाम के वक्त पुनः अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ होता है। और देर रात तक मंदिरों में चहल पहल बनी रहती है। शक्ति की उपासना पूरी भक्ति के साथ की जा रही है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब देवी मंदिरों में उमड़ रहा है। नगर के प्रसिद्ध देवी मंदिर देवालय, आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगा रहे हैं। मंदिरों में नवरात्र के मेले का माहौल बना हुआ है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो जाता है, जो देर रात तक अनवरत चलता है। कल सप्तमी पर मां देवी के सांतवे स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। आज मॉ भगवती के आठवें स्वरूप महागौरी की उपासना और पूजा अर्चना की जायेगी।

बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा, छोटी देवन राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा, त्रिपुर सुन्दरी मंदिर तेवर, श्री बगलामुखी मंदिर सिद्धपीठ मढ़ाताल, मॉ शारदा देवी मंदिर बरेला, काली मंदिर सदर, शीतलामाई मंदिर घमापुर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मढ़ाताल सिविक सेंटर स्थित श्री शंकराचार्य मठ में स्थापित बगला मुखी के मंदिर की यज्ञ शाला में प्रज्वलित की गई अखण्ड मनोकामना ज्योति बस देखते ही बनती है। यहां नित्य प्रति महा आरती अर्चन के अनुष्ठान हो रहे हैं।

### अधारताल चंडी माई मंदिर में महाआरती आज

सार्वजनिक चंडी माई मंदिर कटरा अधारताल में नवरात्रि की अष्टमी पर आज 5 अप्रैल शनिवार को रात्रि 8 बजे महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सार्वजनिक चंडी माई विकास समिति अध्यक्ष चमन पासी, रमेश कोरी, हरि सिंह पटेल, गंगा सिंह ठाकुर, श्याम सुंदर रजक, भूरा कोरी, छुट्टू चौधरी, आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

### खेरमाई मंदिर ग्वारीघाट में 151 जवारा कलश स्थापित

अति प्राचीन पुरानी बस्ती ग्वारीघाट राम लला मंदिर समीप स्थित खेरमाई (खेरा देवी) मंदिर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 151 कलशों में जवारे बोये गये हैं। सुबह-शाम मंदिर में देवी जागरण एवं भक्ति गीतों का कार्यक्रम महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा किया जा रहा है। प्रातः 5 बजे से, बच्चे, बालिकाओं, महिलाओं, पुरूषों द्वारा जल ढारने का क्रम प्रारम्भ हो जाता है, मंदिर के पुजारी महंत पंडित भगतदास महाराज द्वारा मंदिर को बहुत ही रंग-बिरंगी लाईटों से सजाया गया है। माई की आरती में काफी संख्या में भक्तजनों की भीड़ देखी जा रही है। महाराज जी द्वारा 06 अप्रैल रविवार को हवन, कन्या भोज एवं भंडारे का कार्यक्रम तथा 07 अप्रैल सोमवार को जवारा (कलश विसर्जन) विसर्जन रखा गया है। भक्तजनों से खेरा देवी के दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की गयी है।

### मातृ शक्तियों ने की माँ संकेटश्वरी की महाआरती



श्री बांकेबिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में शिवनगर के शिव मंदिर प्रांगण में स्थित माँ संकेटश्वरी की महाआरती का भव्य एवं दिव्य आयोजन नवरात्रि के पावन पर्व पर संपन्न हुआ। पंडित संजय दीक्षित ने विधिवत पूजन अर्चन संपन्न कराया। श्री बांकेबिहारी सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ललिता देवी सिंह ने बताया कि भारतीय संस्कृति के महान पर्व चैत्र नवरात्रि पर शिवनगर, जबलपुर स्थित माता संकेटश्वरी देवी की महाआरती 108 दीपों से की गई जिसमें क्षेत्र की मातृ शक्तियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। माँ की ओली भरने के साथ ही सभी माता, बहनों को श्रृंगार सामग्री वितरित की गई। बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई तथा मातृ शक्तियों के डांडिया नृत्य ने जनमानस का मन मोहा। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर केकेएस इंडिया चैनल के ब्यूरो चीफ रिपोर्टर डॉ. अरुण मिश्रा, संवाददाता दीपांशु शुक्ला के साथ ही रनजीत सिंह चौहान, संजय दीक्षित, अनिल ठाकुर, कैलाश सैनी, अनिरुद्ध तिवारी, प्रीति राय, आरती यादव, नम्रता शुक्ला, प्रीति साहू, अपर्णा सैनी, प्रभात झा, रीना पटेल, सीती श्रीवास्तव, प्रमिता खरे, मीना पटेल, रानू प्रधान, कैलाश सैनी, हीरालाल जाटव, अभिलाष पाण्डेय की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा कल

## सामूहिक शंखनाद और हनुमान चालीसा का होगा पाठ

जबलपुर।



श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वाधान में 1980 से नरसिंह मन्दिर के महंत रामचन्द्रदास शास्त्री द्वारा प्रारम्भ मर्यादा पुरूषोतम राम जी के प्राकट्योत्सव पर निकलने वाली परम्परागत शोभा यात्रा इस वर्ष भी कल 6 अप्रैल रविवार को सांयकाल 6 बजे श्री सनातन तिराहा से साकेतवासी जगतगुरू डॉ स्वामी श्यामदेवाचार्य की सूक्ष्म उपस्थिति में नरसिंहपीठाधीश्वर जगतगुरु डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज व संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी।

श्री सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, अशोक मनोध्या, गुलशन माखीजा, चंद्रकुमार भनोट, बाबू विश्वमोहन, अनिल तिवारी सुनीता चावला, शरद काबरा, अंशुल मालिक, प्रवेश खेड़ा ने बताया कि इस वर्ष महासभा की यूथ विंग द्वारा शोभा यात्रा का प्रारंभ में नगर पंडित सभा के अध्यक्ष पं वासुदेव शास्त्री के नेतृत्व में आचार्यों के सामूहिक शंख वादन और रामभक्तों के हनुमान चालीसा पाठ से होगा।

लक्की भाटिया, विध्येश भापकर, डॉ सुधांशु गुप्ता, विष्णु पटेल, अंजू भार्गव, कुसुम चौबे लोकराम कोरी, मनोज शर्मा, ने बताया कि इस श्री राम और हनुमान जी की बाल रूप की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र होंगी। शोभा यात्रा सनातन धर्म तिराहा पुराने मीटर स्टैंड से प्रारम्भ होकर, मालवीय चौक, गाजीपुर, बड़ा फुहारा, कोतवाली, मिलौनीगंज चौक होते हुए श्री गोविंद गंज रामलीला समिति के मैदान में विशाल धर्म सभा से समाप्त होगी।

शोभा यात्रा मे श्री राम मन्दिर मदन महल, श्री नरसिंह मन्दिर गीताधाम, श्री कृष्ण मन्दिर गोरखपुर, श्री कृष्ण मन्दिर छोटी ओमती, जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक, श्री गोपाल लाल जी मन्दिर हनुमानताल, श्री गोविंदगंज रामलीला समिति, श्री राम लीला समिति गढ़ा, नगर पंडित सभा , झूलेलाल मन्दिर भर्तीपुर, गायत्री परिवार, साहू समाज, यादव समाज, पंजाबी समाज, ब्राह्मण समाज, विप्र परिषद आदि संस्थाएं सहयोग कर रही हैं।

# भूखे को भोजन करना प्राचीन परंपरा : ज्ञानेश्वरी दीदी

## चलित प्रसादम सेवा के 14 साल पूरे



**जबलपुर।** आज से 13 साल पहले 4 अप्रैल 2011 हिंदू नव वर्ष पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट की योजना से हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास महाराज के सानिध्य में 200 से 300 लोगों का प्रतिदिन चलित प्रसादम सेवा के नाम से एक गाड़ी में भोजन वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। शुक्रवार 4 अप्रेल को मेडिकल कॉलेज के अंदर मरीज के परिजन एवं मरीजो को ज्ञानेश्वरी दीदी एवं स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में पूरी सब्जी कढ़ी चावल हलवा आचार वितरित किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेश्वरी दीदी ने कहा भूखे को भोजन करना हजारों वर्ष पुरानी प्राचीन परंपरा है इस मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नही है। हर सेवा भगवान हर कोई से नहीं करता है इस सेवा के लिए अग्रवाल परिवार को चुना यह पूर्वजों के पुण्य प्रताप का फल है। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया करोना के समय प्रतिदिन 1 हजार लोगों को भोजन वितरित किया जाता था अयोध्या धाम में भगवान रामजी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 10 दिन में 1 लाख 15 हजार लोगों को अयोध्या धाम में भोजन वितरित किया गया उस समय यह सेवा जबलपुर में भी चालू थी। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया 5062 दिनों से प्रतिदिन लगातार जारी है अभी तक 18 लाख 98 हजार 250 लोगों ने प्रसाद पाया। इस अवसर पर आलोक राठी राजू बेटियां कमलेश सोनी प्रदीप सोनी आदि उपस्थित थे।

# पुरोहित के हमलावरों पर कार्यवाही करने ईसाई महासभा ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर।



रांझी थाना परिसर में विगत दिवस हुई अप्रिय घटना के तहत कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कानून को हाथ में लेकर ईसाई समुदाय के धर्म गुरुओं के साथ की गई मारपीट से ईसाई समाज में रोष व्याप्त है। इस संबंध में 01 अप्रेल को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया था पर पुलिस अधीक्षक द्वारा वैधानिक कार्यवाही के आश्वासन के बाद भी आज 04 अप्रेल तक उचित कार्यवाही नहीं की गई। मसीही समाज अपील करता है कि पुरोहितों पर हमला करने वाले तत्वों पर शीघ्र कार्यवाही की जाए। एसपी आफिस में ज्ञापन देते समय डेविड फ्रांसिस, विनोद चेम्बर्स, डेविस समाधानम, प्रभाकर चक्रे, पास्टर अभिषेक सेमुअल, पास्टर स्टेनली शिव कुमार, पास्टर अशर बाहव, एड. क्रिस्टोफर एंथोनी, महिला जिलाध्यक्ष सुधा सेमुअल, एड. रुचिका जेम्स, श्वेता सेमुअल, जयसंता मसीह सहित बड़ी संख्या में मसीहीजन उपस्थित रहे।

## रामनवमी, सांई जन्मोत्सव पर तीन दिनी आयोजन आज से

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सांई मंदिर दक्षिण सिविल लाइन में रामनवमी एवं सांई जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। 05 से 07 अप्रेल तक तीन दिवसीय महोत्सव में प्रमुख रूप से सुंदरकांड, अभिषेक, पूजन, आरती, कन्या भोज, हवन, भंडारा, ध्वजारोहण के साथ ही पालकी शोभायात्रा सहित अनेक कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में होंगे। प्रथम दिवस 05 अप्रेल को प्रातः अभिषेक, पूजन, आरती, भोग के साथ ही सांई ध्वजारोहण, डॉ. अजय सेठ द्वारा तथा संध्या महाआरती डॉ. संजय मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर के द्वारा संपन्न होगी। संरक्षक रविनंदन सिंह, संस्थापक सुनील चंदेल, अध्यक्ष प्रेम भंडारी के साथ ही समिति के मृगेन्द्र नारायण सिंह, संजय सेठ, उमेश पिल्ले, संतोष अवस्थी, डॉ. सुनील देशपांडे, कमलेश अग्रवाल, तनुश्री सिंह, लक्ष्मणदास, श्याम खत्री, लक्ष्मीचंद जगवानी, मनोहर कनौजिया, लालजी रजक, भीमराव, पं. रविपांडे, राजेन्द्र तोमर, अशोक स्वामी सहित अन्य ने उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# शिकायत पत्र सौंपकर की अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग

## ईसाई धर्मगुरु पर हमला करने वालों को गिरफ़्तार किया जाए



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच ने शुक्रवार कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर के नाम एक शिकायत पत्र दिव्या अवस्थी उपायुक्त राजस्व कमिश्नरी जबलपुर को देकर ईसाई धर्मगुरु पर हमला करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की गई। मंच ने बताया कि मंडला से आए कुछ ईसाई समुदाय के तीर्थ यात्री भक्तों को कुछ दहशत गर्दिस और आपराधिक प्रवत्ति के लोगों द्वारा उनकी बस को रोककर डराया धमकाया गया, उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। साथ ही तीर्थ यात्रियों की बस को राँझी थाना ले जाया गया। इस दरमियान जब ईसाई धर्मप्रांत के धर्मगुरु उनसे मिलने पहुंचे तो अचानक धर्म गुरुओं पर आपराधिक प्रवत्ति के लोगों द्वारा हमला कर दिया गया जिसमें डॉ. फॉदर डेविड जॉर्ज चोटिल हो गए। आश्चर्य की बात ये है की ना जाने सरकार के किस तरह के प्रेशर में राँझी पुलिस के सामने धर्मगुरुओं और ईसाई लीडर्स का अपमान होता रहा और पुलिस के सामने हो रहे अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों को गिरफ़्तार नहीं किया गया। इस प्रकरण को लेकर आज जागरूक क्रिश्चियन मंच के द्वारा कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर में दिव्या अवस्थी उपायुक्त राजस्व कमिश्नरी जबलपुर से मंच के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर एक शिकायत पत्र देकर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। जागरूक क्रिश्चियन मंच के पदाधिकारियों को उपायुक्त राजस्व ने आश्वासन दिया कि अपराधियों पर कार्यवाही ज़रूर की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, प्रदेश संयोजक एडवोकेट जेम्स एंथोनी, हेरिस नथानीयल, फ्रांसिस एंथोनी आदि ने उपस्थित होकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।



# हिंदी रंगमंच दिवस पर कविताओं और हिंदी गजलों से गूंजा सभागार

**जबलपुर।** नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर कविता पाठ एवं रंग संगीत का आयोजन श्री जानकी रमन महाविद्यालय में किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर की गई। सर्वप्रथम विनय शर्मा द्वारा अवतार सिंह सिंधु 'पाश' की कविता 'सबसे ख़तरनाक' और दुष्यंत कुमार की कविता 'अपाहिज व्यथा', रविंद्र मुरहार द्वारा दुष्यंत कुमार की कविता 'इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो है' और 'मत कहो आकाश में कोहरा घना है', पराग तेलंग द्वारा रामधारी सिंह दिनकर 'कलम आज उनकी जय बोल' और दुष्यंत कुमार की कविता 'ये सारा जिस्म झुककर बोझ से दोहरा हुआ होगा' एवं पलक गुप्ता द्वारा रामधारी सिंह दिनकर की कविता 'कृष्ण की चेतावनी' का पाठ किया गया। तत्पश्चात रंग संगीत की प्रस्तुति डॉक्टर शिप्रा सुल्लेरे के निर्देशन में दी गई, जिसमें नाटकों के गीत के साथ-साथ शास्त्रीय गायन की भी प्रस्तुति दी गई। मुस्कान सोनी धोपे, माही सोनी, चेतना बैन, आरती दुबे, अर्पिता तिवारी, अनामिका बाजपेई, चाँदनी सेन, मृलिका विश्वकर्मा, मानसी सोनी, अदिति पटेल आदि कलाकार शामिल थे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन दविंदर सिंह ग्रोवर ने किया। इस अवसर पर नरिंदर कौर, राकेश करेले, हर्षित झा, पूजा कनोजिया, अभिनव कनोजिया आदि उपस्थित थे।

## विशेषज्ञों ने दी जरूरी जानकारी

# थैलेसीमिया, सिकिलसेल व रक्तदान पर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

जबलपुर।




दिशा वेलफेयर सोसायटी समिति के द्वारा ज्ञान गंगा कॉलेज में थैलेसीमिया, सिकिलसेल, एचएलए टेस्ट व रक्तदान के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं को थैलेसीमिया व सिकिलसेल की बीमारी से बचने व सभी को बचाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी विशेषज्ञों के द्वारा प्रदान की गई, वहीं जन जागरूकता कार्यक्रम में रक्तदान के महत्व को बताते हुए सभी युवाओं को हर तीन माह में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि अस्पताल में जिंदगी व मौत से जूझने वाले पीड़ितों को समय पर रक्त मिल सके। आयोजन के दौरान प्रमुख रूप से विश्वरूप गुहा, प्राचार्य अजय कुमार लाला, डॉ. श्वेता पाठक, सरबजीत सिंह नारंग, डॉ. संजय असाटी, राहुल तिवारी, प्रोफेसर पंकज जैन, प्रशांत कोष्टा, ओम सिंह परिहार, कमल जीत सिंह कलसी, दलजीत कौर, प्रज्ञा दुबे, विममी पांडे, जावेद खान आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय कर्मचारियों से 5% पीछे हो गया राज्य का कर्मचारी

## प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदीप रिछारिया को दिया मांग पत्र

जबलपुर।



मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदीप रिछारिया को कर्मचारियों की समस्याओं का मांग पत्र देकर सरकार से निदान कराने की पहल करने की मांग की गई है। जिला संरक्षक पंडित योगेंद्र दुबे ने उपस्थित कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है। बताया गया केंद्रीय कर्मचारियों से राज्य सरकार के कर्मचारियों को पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता कम मिल रहा है। जुलाई 2024 को मिलने वाला 3% महंगाई भत्ता नहीं दिया गया है, जनवरी 2025 से 2% महंगाई भत्ता नहीं दिया जा रहा है। समस्त एरियर्स दिया जाना चाहिए। प्रदेश के कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं की जा रही है, मध्य प्रदेश शासन के आदेश के पश्चात भी कर्मचारियों की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित नहीं की जा रही है ,कर्मचारियों के जर्जर आवासों की मरम्मत नहीं की जा रही है, कर्मचारियों को योग्यता के अनुसार वेतन नहीं दिए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, देवेन्द्र पचौरी, नरेश शुक्ला, रजनीश पाडेय, के.जी. पाठक, बीरेंद्र तिवारी ने मांग पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को सौंपकर समस्याओं के निराकरण करवाने की मांग की है।



# सम्राट अशोक चिकित्सालय किया जाए शासकीय जिला अस्पताल का नाम

जबलपुर।

प्रबुद्ध कुशवाहा समाज लालमाटी द्वारा सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं महापौर जबलपुर के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर मांग की गई कि भारत में सर्वप्रथम प्रथम सम्राट अशोक ने चिकित्सालय प्रारंभ किया था, अतः महान सम्राट अशोक के नाम पर शासकीय जिला अस्पताल एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं शासकीय विद्यालय का नामकरण किया जाए। ज्ञापन के दौरान एड. मनोज कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा, रामभजन, नीलू कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, एड. गोपाल कुशवाहा, एड. शुभम कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, एड. सुमित पटेल, एड. रूपेश कुशवाहा, एड. सौरभ पटेल, एड. राजेन्द्र कनौजिया, एड. अजय पटेल उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 15426691P, RANK-HAV/ORA, NAME-TAMBE AMOL VINAYAK S/O TAMBE VINAYAK BHAGVAN, UNIT:- MH, JABALPUR (M.P.), R/O VILL. TAMBARAJURI POST-TAMBA RAJURI, TEH.- PATODA DIST.-BEED, STATE. MAHARASHTRA PIN-414204. I state that in my Father, Aadhar card my Father Name (TAMBE VINAYAK BHAGVAN) Which is true and correct but in my Army service Record my Father Name is recorded (VINAYAK) Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Father is (TAMBE VINAYAK BHAGVAN) and same Name shall be corrected in my Army service Record.

CORRECT NAME
(TAMBE VINAYAK BHAGVAN)
INCORRECT NAME-(VINAYAK)

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा. प्र. क्र. 1559/अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संजय कलवानी पिता स्व. भगवान दास कलवानी निवासी ए पी आर कालोनी, कटंगा, जबलपुर मप्र द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक - के माध्यम से मौजा कटंगा नं. ब-प. ह. नं.-गोरखपुर ख. नं. 773/7, 774/7, 775/6 रकवा 1250 वर्गफुट विक्रेता/वसीयतकर्ता भगवानदास कलवानी एवं अन्य म. प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पत्र वसीयतनामा/दान पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 11/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27/03/2025 को जारी।

जारी दिनांक 27/03/2025
पेशी दिनांक 11/04/2025
मुहर नायब तहसीलदार, गोरखपुर

## औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के दाम

# विशेषज्ञों का दावा 40 फीसदी तक 'सस्ता' हो सकता है सोना

**ज्वेलरी खरीदने वालों को बड़ा फायदा होगा लेकिन निवेशकों को नुकसान हो सकता है**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

बढ़ती कीमतों को कारण आम आदमी की पहुंच से दूर हो रही सोने की कीमती में अब फिर से गिरावट देखने को मिल रही है। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम औंधे मुंह गिरे हैं। सोना का भाव 0.45 फीसदी लुढ़क कर 89,655 रुपए प्रति 10 ग्राम, जबकि चांदी 2.43 फीसदी टूटी और 92,106 रुपए पर कारोबार की। बाजार जानकार और विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले महीनों में सोने के दाम 40 फीसदी तक गिर सकते हैं, जिससे यह फिर से मिडिल क्लास की पहुंच में आ जाएगा।

गौरतलब है कि बीते एक साल में ही सोने की कीमतों में 35 से 40 फीसदी का उछाल आ चुका है। दावा है कि सोने की कीमतें अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई हैं, जिससे निवेशकों को फायदा हो रहा है,लेकिन उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ रहा है। मगर अब अगले कुछ महीने में सोने की कीमतों में भारी गिरावट आ सकती है। यह गिरावट 40 फीसदी तक आने का अनुमान है। ऐसा होता है तो ज्वैलरी खरीदने वालों को इसका बड़ा फायदा होगा, लेकिन निवेशकों को इससे नुकसान हो सकता है।



### आयकर विभाग ने दिया सोने के शौकीनों को झटका

### नकद में दो लाख रु. से अधिक भुगतान किया तो लगेगा जुर्माना

*नई दिल्ली। सरकार ने सोने की नकद खरीदारी पर 2 लाख रुपए की सीमा तय की है। इसके अनुसार अगर सोने की खरीदारी के लिए 2 लाख रुपए से अधिक का भुगतान करते हैं, तो इसे वैध नहीं माना जाएगा। इस सीमा से अधिक का कैश भुगतान करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। आयकर विभाग का नियम साफ है कि यदि आप किसी ज्वैलर से 2 लाख रुपए से ज्यादा का सोना नकद में खरीदते हैं, तो अपना पैन कार्ड या आधार कार्ड देना पड़ेगा। अगर ऐसा नहीं किया जाता, तो जुर्माना भरना पड़ सकता है। यह नियम काले धन की रोकथाम और लेन-देन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बनाया गया है।*

***ज्वैलर्स को भी माननी होगी जिम्मेदारी***

*यह नियम सिर्फ ग्राहकों पर ही नहीं, बल्कि ज्वैलर्स पर भी लागू होता है। अगर कोई दुकानदार बिना आईडी प्रूफ के ग्राहक से 2 लाख रुपए से ज्यादा का नकद भुगतान स्वीकार करता है, तो उस पर भी जुर्माना लगाया जा सकता है।*

### 55,000 प्रति 10 ग्राम तक आ सकता है दाम ...?

बाजार जानकारों के अनुसार भारतीय बाजारों में 24 कैरेट सोने की मौजूदा कीमत लगभग 91,000 प्रति 10 ग्राम है, जबकि ग्लोबल मार्केट में यह 3,100 डालर प्रति औंस से ऊपर कारोबार कर रहा है मगर एक रिपोर्ट के अनुसार इसमें करीब 40 फीसदी तक की संभावित गिरावट देखी जा सकती है। अगर यह अनुमान सही साबित होता है, तो सोने की कीमत 55,000 प्रति 10 ग्राम तक आ सकती है। हाल ही में सोने की कीमतों में उछाल आर्थिक अनिश्चितता, महंगाई की चिंताओं और भू-राजनीतिक तनावों के कारण आया है। निवेशकों ने सोने को एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में चुना, खासकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान शुरू हुए व्यापार युद्ध के बीच। अब कई ऐसे फैक्टर हैं जो इन कीमतों को नीचे ला सकते हैं।

***सोने की सप्लाई और डिमांड का असर***

*विशेषज्ञों का मानना है कि सोने की बढ़ती सप्लाई और डिमांड में कमी बाजार में उथल पुथल का प्रमुख कारण है। जब सोने की कीमतें ऊंची होती हैं, तो माइनिंग कंपनियां ज्यादा सोना निकालने लगती हैं, जिससे सोने का स्टॉक बढ़ जाता है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक और निवेशक ज्यादा सोना खरीद रहे हैं, लेकिन कीमतों में वृद्धि के कारण डिमांड घट रही है।*

## नई फसल की आवक से हल्दी के दाम घटे, 25 फीसदी सस्ती हुई

# रिकॉर्ड भाव 750 रुपए बिका जीरा अब हुआ 235 से 240 रुपए किलो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



बाजार में नई फसल की आवक होने के साथ वायदा व्यापार कमजोर होने से हल्दी के भाव काफी घटे हुए है। पिछले साल की तुलना में हल्दी 25 फीसदी सस्ती है। पिछले साल हल्दी 180 रुपए किलोग्राम थी जो मौजूदा समय में 140 से 145 रुपए किलो बोली जा रही है। बात करें दो महीने पहले की तो स्थानीय बाजार में हल्दी 160 रुपए किलो के भाव पर बिक रही है।

मसाला व्यापारी अनिल कुकरेजा के अनुसार मौजूद समय में हल्दी, मिर्ची, धनिया, जीरा के भाव घटे हुए है। कुकरेजा के अनुसार जीरा जो बीते साल रिकॉर्ड भाव 750 रुपए किलो के भाव बिका था वह मौजूदा समय में 235-240 रुपए किलो बोला जा रहा है। धनिया जो 110 रुपए किलो थी वह 80 रुपए किलो है। उनके अनुसार सबसे ज्यादा गिरावट जीरा और लाल मिर्च के दाम में आई है। स्थानीय बाजार में लाल मिर्च 110 से 120 रुपए किलो बिक रही है। गत वर्ष की तुलना में इसके भाव में 50 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज हुई है।

***किसानों की चिंता बढ़ी***

*उनके अनुसार कमजोर मांग के चलते लाल मिर्च के भाव लगातार गिरते जा रहे हैं, जो किसानों की चिंता का कारण बना हुआ है। जनवरी 2024 के मुकाबले इस साल जनवरी में लाल मिर्च की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान मिर्च का भाव 19000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर 10 हजार से 12 हजार रुपए प्रति क्विंटल हो गई है। साल 2025 में लाल मिर्च की कीमतें पिछले साल के मुकाबले बहुत कम रही हैं। इसकी वजह नई फसल की आवक और पिछले साल के ज्यादा स्टॉक होना है। साथ ही, कम मांग के चलते भी कीमतें गिर रही हैं। कारोबारी कुकरेजा के अनुसार मिर्च का सबसे बड़ा उत्पादक आंध्र प्रदेश है। इसके अलावा गुंटूर, कृष्णा और प्रकाशम आंध्र प्रदेश के प्रमुख मिर्च उत्पादक जिले हैं।*

### क्रॉम्पटन ने लांच की ऑरा, अवांसर और जेडी एयर कूलर की नई रेंज

**मुंबई।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने एयर कूलर्स की अपनी नई रेंज ऑरा, अवांसर और जेडी सीरीज लांच की है। पंखों और घरेलू पंपों के क्षेत्र में नंबर 1 ब्रांड के तौर पर अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए क्रॉम्पटन ने यह नई सीरीज उन ग्राहकों के लिए तैयार की है, जो तेज, टिकाऊ और सुविधाजनक कूलिंग सॉल्यूशन्स की तलाश में हैं। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में लार्ज डोमेस्टिक अप्लायंसेज के वाइस प्रेसिडेंट मल्हार वाडके ने कहाकि क्रॉम्पटन में हमारा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि नवाचार केवल तकनीकी नहीं, बल्कि व्यावहारिक और सार्थक होने चाहिए, ऐसे जो उपभोक्ताओं की रोजमर्रा की चुनौतियों का समाधान करें और गुणवत्ता व विश्वसनीयता के हमारे वादे पर खरे उतरें।

## पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्रीज के को-चेयरमैन मनोज मोदी बोले

# भारत में एडवांस टेक्नोलॉजी की कमी, पीएम मोदी स्मार्ट ट्रेड नीतियों से वैश्विक व्यापार को करें मजबूत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मौजूदा समय में दो ही बातें सार्थक हो रही है एक देशभक्ति और दूसरी बात जबरदस्ती। जब बात व्यावसायिककरण की हो तो यहां पर जबरदस्ती प्रथा लागू होती है न कि देशभक्ति।



क्योंकि व्यावसायी हो या फिर उद्योगपति कुछ पैसे में ही अपने सौदे इधर से उधर कर देते हैं। बात टेक्नोलॉजी की करें तो भारत में अभी एडवांस टेक्नोलॉजी की कमी है। अतः मोदी सरकार को चाहिए कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल ट्रंप ने जो टैरिफवार का युद्ध छेड़ा है वे इस टैरिफवार के इस युद्ध में अपना हाथ साफ करें और चायना, मलेशिया, बांग्लादेश सहित अन्य देशों को निर्यात होने वाली वस्तुओं पर टैरिफ शुल्क में कुछ वृद्धि करें। यह बात पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्रीज के को-चेयरमैन मनोज मोदी ने कही।

### मजबूत व्यापारिक साझेदारी बनाने की जरूरत

उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क नीति से भारत की निर्यात मांग घटेगी, जिससे कुछ सेक्टर्स प्रभावित हो सकते हैं। चूंकि अमेरिका ने यह शुल्क कई देशों पर एक साथ लगाया है, इसलिए भारत को प्रतिस्पर्धा में फायदा मिलेगा। अमेरिका में उत्पादों की कीमतें बढ़ने से उपभोक्ताओं की मांग घटेगी। भारत का निर्यात कम होगा, लेकिन घरेलू आपूर्ति बढ़ेगी। जिससे महंगाई पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा। भारत को चीन, यूरोप, आसियान और अफ्रीकी देशों के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने चाहिए। भारत को अपने व्यापार शुल्क कम करने चाहिए, ताकि उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिले। इसके साथ ही, दक्षिण एशिया में मजबूत व्यापारिक साझेदारी बनाने की जरूरत है।

***टैरिफवार अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक***

*मोदी ने कहा कि मौजूदा समय में दुनिया पैसों की है। पैसे के आगे कोई किसी का दोस्त नहीं, कोई किसी का दुश्मन नहीं। जब दुनिया का सबसे अमीर देश ही टैरिफवार में उतर आया है तो बाकी देश भी जरूर ट्रंप प्रशासक के इस टैरिफवार में जरूर कूदेंगे। अतः भारत को भी अपने आप को और मजबूत करने पैसों की दुनिया में शामिल होना चाहिए। इससे घरेलू स्तर पर उद्योगों की स्थित मजबूत होगी। मोदी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन का यह कदम अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। भारत को इस स्थिति में स्मार्ट ट्रेड नीतियां अपनाकर अपने वैश्विक व्यापार को और मजबूत करना चाहिए।*

# रिलायंस के 8000 एकड़ में फैली टाउनशिप मेट सिटी में कोरियाई डायग्नोस्टिक्स कंपनी बोडिटेक ने लगाई फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के झज्जर जिले में स्थित, मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप (मेट सिटी) में दक्षिण कोरियाई की एक प्रमुख डायग्नोस्टिक्स कंपनी बोडिटेक ने प्रोडक्शन यूनिट लगाई है। कंपनी यहां चिकित्सिय उपकरणों का निर्माण करेगी। फैक्ट्री के उद्घाटन समारोह में भारत में कोरिया गणराज्य के राजदूत ली सेओंग-हो और बोडिटेक मेड इंक. के चेयरमैन डॉ. यूई यूल चोई ने भाग लिया। 8000 एकड़ में फैली इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड स्मार्ट सस्टेनेबल सिटी यानी मेट सिटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 100 फीसदी सहायक कंपनी है। अपने प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से मेट सिटी, मल्टीनेशनल कंपनियों के बीच पहली पसंद बन कर उभरी है।

मेट सिटी 10 देशों की 580 से अधिक कंपनियों की फैक्ट्री या ऑफिस बन चुके हैं जिनमें दक्षिण कोरिया की छह कंपनियाँ शामिल हैं। मेट सिटी के सीईओ एस.वी. गोयल ने कहा, ₹हमें मेट सिटी की वैश्विक कंपनियों की बढ़ती लिस्ट में बोडिटेक मेड का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। प्लग-एन-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने वाली कंपनियों के बीच मेट सिटी पसंदीदा जगह बन गई है। बोडिटेक मेड की इस अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण निर्माण सुविधा के साथ, एक उभरते केंद्र के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत हुई है। हम झज्जर के टाउनशिप में और अधिक दक्षिण कोरियाई उद्यमों का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं।




### रिलायंस डिजिटल के 'डिजिटल डिस्काउंट डेज' में भारी छूट

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल वापस लेकर आया है डिजिटल डिस्काउंट डेज इंडिया में इलेक्ट्रॉनिक्स की इस सबसे बड़ी सेल में, लीडिंग बैंक कार्ड्स और पेपर फाइनान्स पर दी जा रही है 25000 रु. तक की छूट यह ऑफर्स आज से 20 अप्रैल तक रिलायंस डिजिटल और माय जियो स्टोर्स में सभी इलेक्ट्रॉनिक्स पर और ऑनलाइन रिलायंसडिजिटल.इन पर मान्य हैं। आसान फायनेंस, ईएमआई विकल्पों और सबसे जल्दी डिलीवरी और इंस्टॉलेशन के साथ, भारत के लिए है ये बिल्कुल राइट टाइम अपग्रेड करने का। डिजिटल डिस्काउंट डेज में 1.5 टन 3 स्टार एसी के साथ रु. 26990* से शुरू। एयर कूलर्स की विशाल रेंज पर बेस्ट डील्स का फायदा उठाएं। साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर, केवल रू. 61990* में- लैपटॉप पर रु. 3000* तक के फायदे का आनंद लीजिए और सबसे किफायती कीमतों पर बिल्कुल नए स्मार्टफोन्स खरीदें। पाइए टीवी पर 60 प्रतिशत तक की छूट - 55" 4के गूगल टीवी केवल रु. 26990* में।


## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

# धारा 125 के तहत नहीं लगाई जा सकती किसी व्यापारी के ऊपर जनरल शास्ती : हाईकोर्ट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

जीएसटी कानून के अंतर्गत कोई भी विवरणी देरी से भरने पर जीएसटी कानून की धारा 47 के अंतर्गत शास्ती के प्रावधान है। इसलिए धारा 125 के अंतर्गत जनरल शास्ती किसी व्यापारी के ऊपर नहीं लगाई जा सकती। यह निर्णय मद्रास उच्च न्यायालय ने मेसर्स जेनसंस कैस्टर्स के प्रकरण में दिया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि जब किसी कानून में किसी नियम का पालन करने में देरी के लिए शास्ती के विशेष प्रावधान हो तब उसी धारा के अंतर्गत शास्ती लगाई जा सकती है न की जनरल धारा के अंतर्गत। क्योंकि ऐसा करना किसी एक ही अपराध के लिए दो बार सजा देने के समान है।

***मप्र में भी शास्ती के जारी हुए नोटिस, जो गलत है : आर्य***

*टैक्स ला बार एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कहा कि हमारे यहां भी कुछ अधिकारियों द्वारा इस प्रावधान का उल्लंघन करते हुए जीएसटी कानून की धारा 125 के अंतर्गत शास्ती के नोटिस जारी किए गए हैं जो कि गलत है, इस निर्णय से उन्हें अपना पक्ष रखने में आसानी होगी।*

## क्लीन डेटा के अभाव में जीपीटी बार-बार चूका

# जीपीटी जैसे सिस्टम अब भी जनहित की गहराई व जिम्मेदारी नहीं समझते

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

एक अप्रैल को शहरी मामलों के विश्लेषक क्रेडाई अध्यक्ष मनोज सिंह मीक ने ओपन एआई के जीपीटी सिस्टम से एक स्पष्ट, सटीक और वैज्ञानिक विश्लेषण उजागर किया। भोपाल के सैकड़ों कॉलोनियों की सर्किल रेट वृद्धि का तुलनात्मक अध्ययन किया। वह भी दो अलग-अलग वर्षों 2024-25 और 2025-26 की गाइडलाइन फाइलों के आधार पर। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पीडीएफ अपलोड की, पंजियन विभाग का आंतरिक दस्तावेज दिया। पीडीएफ दोनों फॉर्मेट में डेटा उपलब्ध कराया, सैकड़ों बार निर्देश देकर एआई को मानव-हित के लिए संवेदनशील मार्ग पर चलने का अनुरोध किया, लेकिन क्लीन डेटा के अभाव में जीपीटी बार-बार चूका। ओपन एआई जीपीटी जो इस समय खुद अपनी छवि बचाने में लगा है विशेषकर घिबली कला अंक जैसे सार्वजनिक विवादों में घिरकर उस पर भरोसा करना अपने आप में एक साहसी प्रयोग था, लेकिन जब 30 घंटे के श्रम के बाद भी विश्लेषण नहीं मिला, तो यह स्पष्ट हो गया कि जीपीटी जैसे सिस्टम अब भी जन-हित की गहराई और जिम्मेदारी नहीं समझते।


**आवश्यकता**


आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर /14/अप्रैल 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पततापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330


## एचएमडी ने म्यूजिक फोन लांच किए

**नई दिल्ली।** कंपनी एचएमडी ने 130 म्यूजिक और एचएमडी 150 म्यूजिक के लांच की घोषणा की। डेडिकेटेड म्यूजिक कंट्रोल्स वाले ये फोन संगीत प्रेमियों के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन दोनों फोन पर ब्रांड की ओर से 1 साल की रिप्लेसमेंट गारंटी दी गई है। एचएमडी के वीपी और सीईओ भारत और एपीएसी, रवि कुंवर ने कहाकि सबसे तेज आवाज वाले फीचर फोन एचएमडी 130 म्यूजिक और एचएमडी 150 म्यूजिक में बेहतरीन ऑडियो, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ और स्टाइलिश डिजाइन आदि लाभ मिलते हैं।


**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**


## शब्द पहेली - 5827



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

### शब्द पहेली- 5826 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | ■ | अ | ■ | बी | र | ब | ल |
| ■ | ला | ■ | वा | ■ | म | हि | मा | ■ | ल | व |
| म | ■ | ■ | य | की | न | ■ | र | ■ | ■ | कु |
| त | क | ली | फ | ■ | चै | त्र | ■ | क | ल | श |
| बा | ■ | ड | ■ | रा | न | ■ | गै | ■ | ह | ■ |
| ला | प | र | वा | ह | ■ | का | र | गु | जा | री |
| ■ | र | ■ | दा | ■ | अ | स्त | ■ | मा | ■ | मा |
| प्र | ख | र | ■ | पा | प | ■ | म | न | च | ला |
| जा | ■ | ■ | शा | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | गू |
| प | र | ■ | पि | ह | र | ■ | ह | ■ | शा | ■ |
| ति | जा | र | त | ■ | ण | ■ | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल- 5837

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5836 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

अमिताभ कांत ने कहा है कि देश को टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रगति को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने से बचना होगा। भारत को अपनी तकनीकी स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए और ऐसी तकनीकें बनानी चाहिए, जो देश की अनूठी संस्कृति और पहचान को दर्शाती हों

‘स्टार्टअप महाकुंभ’ कार्यक्रम के दूसरे एडिशन में बोले अमिताभ कांत

# भारतीय स्टार्टअप स्वदेशी एआई बनाने पर दें ध्यान, ऐसे इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करें जो तेज, कम ऊर्जा वाले व लागत प्रभावी हों

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय स्टार्टअप को एआई जैसी अपनी खुद की एडवांस टेक्नोलॉजी बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश को केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लागू करने से आगे बढ़ना होगा और ऐसे कम्प्लीट एआई सिस्टम बनाने चाहिए, जो पश्चिमी मॉडलों में पाए जाने वाली कमियों से मुक्त हों। भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने शुक्रवार को ‘स्टार्टअप महाकुंभ’ कार्यक्रम के दूसरे एडिशन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश को टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रगति को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने से भी बचना होगा। भारत को अपनी तकनीकी स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए और ऐसी तकनीकें बनानी चाहिए, जो देश की अनूठी संस्कृति और पहचान को दर्शाती हों। अमिताभ कांत ने जोर देकर कहा कि भारत को पश्चिम या किसी अन्य देश का तकनीकी उपनिवेश नहीं बनना चाहिए। इसके बजाय, उसे ऐसे इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो क्विक, एनर्जी-एफिशिएंट और लागत-प्रभावी हों।

**भारत की स्टार्टअप कहानी से नया भारत परिभाषित हो रहा, भारत तकनीकी उन्नति में अपनी संप्रभुता बनाए**




### भारत डीप टेक लीडर बने

कांत ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप को एआई, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, बिग डेटा, साइबरसिक्यूरिटी, स्पेस टेक और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों को एक्सप्लोर करने के लिए प्रोत्साहित किया। ये क्षेत्र भविष्य के इनोवेशन को बढ़ावा देंगे और भारत को डीप टेक में लीडर बनने में मदद करेंगे। भविष्य भारत के डीप टेक का चैंपियन बनने में निहित है।

### वर्तमान में 1,61,000 से अधिक स्टार्टअप

अमिताभ कांत ने कहा कि भारत की स्टार्टअप कहानी उद्यमशीलता की भावना का प्रमाण है जो नए भारत को परिभाषित करती है। जब हमने 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की थी, तो हमारा लक्ष्य एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना था, जो इनोवेशन को बढ़ावा दे, वित्तीय सहायता प्रदान करे और युवा व्यवसायों का पोषण करे। केवल नौ वर्षों में, हमने स्टार्टअप गतिविधि में एक बड़ा बदलाव देखा है। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 2016 में 400 से बढ़कर 2025 में 1,61,000 से अधिक हो गई है। हमें इस गति को जारी रखना चाहिए। हमें अपने स्वयं के डेटा सेट के आधार पर संप्रभु फ्रंटियर मॉडल बनाना चाहिए, जिसमें पश्चिम देशों के निहित पूर्वाग्रह न हों।

## यूएन की रिपोर्ट में दावा- एआई क्षेत्र में निवेश के मामले में भारत दसवें स्थान पर

**न्यूयॉर्क।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में भारत की ताकत लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2023 में एआई में निजी तौर पर निवेश करने के मामले में भारत का 10वां स्थान है। वहीं भारत और चीन एकमात्र ऐसे विकासशील देश हैं, जिन्होंने एआई में निवेश किया है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) की प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2024 में फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज के लिए तत्परता सूचकांक में शामिल 170 देशों में भारत 36वें स्थान पर है। 2022 में भारत इस सूचकांक में 48वें स्थान पर था।




*भारत तकनीकी तत्परता में बेहतर*

*रिपोर्ट के अनुसार एआई यह नए उद्योग भी बना सकता है और श्रमिकों को सशक्त बना सकता है। एआई से रोजगार के अवसरों को खत्म करने के बजाय उन्हें बढ़ाने, रीस्किलिंग, अपस्किलिंग और कार्यबल अनुकूलन में निवेश करने की जरूरत है।*

### खबर संक्षेप

#### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति योल पद से हटाए गए

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से राष्ट्रपति यून सुक-योल के महाभियोग को मंजूरी दे दी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें पद से हटा दिया गया है। यह निर्णय दिसंबर में लगाए गए संक्षिप्त मार्शल लॉ के कारण लिया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मून ह्युंग-बे ने बताया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो रहा है, जिससे दक्षिण कोरिया को यून के उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए 60 दिनों के भीतर राष्ट्रपति चुनाव आयोजित करना आवश्यक हो गया है, जो संभवतः 3 जून को होगा।



#### भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैनसस में एक भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। चर्च के अधिकारियों ने बताया कि कैनसस के सेनेका शहर में यह घटना घटी। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। कैनसस सिटी के आर्कबिशप जोसेफ नौमान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि फादर अरुल कैरासाला की दुखद मौत की खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है, उनकी आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई।



सदस्य देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा दें, भारत में बिम्सटेक आपदा प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करें

बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए पीएम मोदी की पहल

# 21 सूत्री कार्ययोजना का रखा प्रस्ताव, सदस्य देशों से किया ‘यूपीआई’ से जुड़ने का अनुरोध

पीएम मोदी ने कहा कि बिम्सटेक क्षेत्रीय प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह जरूरी है कि हम इसे मजबूत करें और अपने संबंधों को गहरा करें। 21 सूत्री कार्य योजना आर्थिक विकास, डिजिटल परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा विकास को केंद्रित करती है, जो भारत की ‘पड़ोसी प्रथम’ और ‘एक्ट ईस्ट’ नीतियों के अनुरूप है

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को थाईलैंड में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव में भारत के यूपीआई को बिम्सटेक देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ना और समूह के सदस्यों के बीच जुड़ाव को मजबूत करने के लिए बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना करना शामिल है। छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बिम्सटेक क्षेत्रीय प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह जरूरी है कि हम इसे मजबूत करें और अपने संबंधों को गहरा करें।



21 सूत्री कार्य योजना आर्थिक विकास, डिजिटल परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा विकास को केंद्रित करती है, जो भारत की ‘पड़ोसी प्रथम’ और ‘एक्ट ईस्ट’ नीतियों के अनुरूप है। उन्होंने आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स, वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित करने और सदस्य देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। वहीं डिजिटल परिवर्तन के लिए पीएम मोदी ने भारत की आईटी विशेषज्ञता का उपयोग करने का सुझाव दिया और भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाने और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को क्षेत्रीय भुगतान प्रणालियों से जोड़ने का प्रस्ताव दिया। इससे व्यापार, उद्योग और पर्यटन को सभी स्तरों पर लाभ होगा।




### सतत समुद्री केंद्र की स्थापना हो

*पीएम ने कहा कि स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और संरक्षित हिंद महासागर हमारी साझा प्राथमिकता है। आज हुए समुद्री परिवहन समझौते से व्यापारिक नौवहन और माल परिवहन में सहयोग मजबूत होगा। साथ ही व्यापार में तेजी आएगी। पीएम मोदी ने भारत में एक सतत समुद्री परिवहन केंद्र की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा।*

### क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग मजबूत करें

*पीएम मोदी ने कहा कि सुरक्षा सहयोग भी इस योजना का एक प्रमुख हिस्सा है जिसमें उन्होंने भारत में पहली बार बिम्सटेक गृह मंत्रियों की बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने नैनो-सैटेलाइट लॉन्च करने, रिमोट सेंसिंग डेटा का उपयोग करने और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और भारत में बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव आयोजित करने का सुझाव दिया।*

**बिम्सटेक में भारत का दबदबा**

बिम्सटेक देशों में भारत का दबदबा कायम है क्योंकि इस समूह को पीएम मोदी की नीतियों और सोच ने बड़ा आकार दिया है। भारत ने बहुपक्षीय कार्य का व्यापक अनुभव रखने वाले राजनयिक इंद्र मणि पांडे को महासचिव नियुक्त किया है। भारत ने बिम्सटेक सचिवालय को एक मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए हैं। इसके अलावा भारत के नेतृत्व में बिम्सटेक का एजेंडा कई गुना फैला है।

### हर साल 300 युवाओं को भारत में देंगे प्रशिक्षण

संबोधन की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने सबसे पहले 28 मार्च को म्यांमार और थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए भारत में बिम्सटेक आपदा प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने और बाद में एक संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा ताकि आपदा तैयारी, राहत और पुनर्वास पर सहयोग किया जा सके। कार्ययोजना में मानव संसाधन के संगठित विकास के लिए बोधि या बिम्सटेक पहल भी शामिल है। इसके तहत हर साल बिम्सटेक देशों के 300 युवाओं को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने वन अनुसंधान संस्थान और नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां, युवा राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और टाटा मेमोरियल सेंटर के माध्यम से कैंसर देखभाल प्रशिक्षण की घोषणा की। ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए, बेंगलुरु में हाल ही में खोले गए बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र में युवा पेशेवरों को प्रशिक्षित किया जाएगा और क्षेत्रीय विद्युत ग्रिड कनेक्शन को मजबूत करने के प्रयास किए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि बिम्सटेक में क्षमता निर्माण ढांचे का एक शानदार उदाहरण बनने की क्षमता है।

म्यांमार के जनरल से मुलाकात

## पीएम मोदी ने भूकंप से उबरने में हरसंभव मदद का दिया आश्वासन



बिम्सटेक सम्मेलन से इतर शुक्रवार को पीएम मोदी ने म्यांमार के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लेंग से मुलाकात की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि बैंकॉक में हो रहे बिम्सटेक सम्मेलन से इतर म्यांमार के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लेंग से मुलाकात की। एक बार फिर मैंने हालिया भूकंप में जान-माल की हानि के लिए संवेदना प्रकट की। भारत अपने भाई और बहनों की मदद के लिए इस मुश्किल समय में जो कर सकता है, वो हरसंभव मदद कर रहा है।

*भूटान पीएम ने भारत की तारीफों के बांधे पुल*

*पीएम नरेंद्र मोदी और भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे थाईलैंड में 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में मिले। पीएम मोदी ने कहा कि मेरे अच्छे मित्र पीएम तोबगे के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। भूटान के साथ भारत की दोस्ती बहुत मजबूत है। हम कई क्षेत्रों में व्यापक सहयोग कर रहे हैं। वहीं भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने पीएम मोदी को अपना बड़ा भाई और गुरु बताते हुए कहा कि भारत ने बहुत मदद की।*

### पीएम मोदी ने वाट फो मंदिर में पूजा-अर्चना की



पीएम नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक में वाट फो मंदिर का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। थाई पीएम पैतोंगटार्न शिनवात्रा भी मौजूद रही। वाट फो मंदिर, जिसे ‘लेटे हुए बुद्ध का मंदिर’ भी कहा जाता है, जो बैंकॉक, थाईलैंड में एक प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर परिसर है। उन्होंने मंदिर के बौद्ध भिक्षुओं से भी मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। पीएम ने नेपाल के अपने समकक्ष केपी ओली से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

ट्रंप के जवाबी टैक्स के ऐलान बाद ट्रेड वार की ज्वाला भड़की!

## चीन का अमेरिका पर बड़ा प्रहार, 34% टैरिफ से किया पलटवार, कनाडा ने भी लगाया शुल्क

एजेंसी ▶▶ बीजिंग/ ओटावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए दुनिया के सबसे बड़े टैरिफ युद्ध में चीन ने वाशिंगटन को कड़ी टक्कर दी है। चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सभी अमेरिकी उत्पादों पर 34 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की है। चीन ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह 10 अप्रैल से सभी अमेरिकी उत्पादों पर 34% का अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। यह कदम अमेरिका द्वारा लगाए गए समान टैरिफ के जवाब में उठाया गया है। कुछ दिन पहले, डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसमें चीन पर 34% टैरिफ शामिल था।



### अमेरिकी वाहनों पर लगाया 25% टैरिफ

कनाडा ने अमेरिका में निर्मित वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। पीएम मार्क कार्नी ने इस नए फैसले की घोषणा की, जो गुरुवार से प्रभावी हो गया है। उन्होंने कहा कि इस टैरिफ से मिलने वाला राजस्व कनाडा के ऑटोमोबाइल उद्योग और वहाँ के कामगारों के समर्थन में लगाया जाएगा। कनाडा द्वारा लगाया गया यह नया टैरिफ पूरी तरह से तैयार वाहनों पर लागू होगा।

### 11 संस्थाओं को अविश्वसनीय सूची में डाला

शुक्रवार को अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने के बाद, चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि कुछ वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण लागू करने का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा करना है, साथ ही परमाणु अप्रसार जैसे अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करना है।

जयपुर सिलसिलेवार बम धमाका मामला

## अदालत ने 4 आरोपियों को दोषी माना, 8 अप्रैल को सुनाएंगे सजा

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में जयपुर की एक विशेष अदालत ने शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से जुड़े एक मामले में चार आरोपियों को शुक्रवार को दोषी ठहराया। आठ अप्रैल को दोषियों को सजा सुनाई जाएगी। यह मामला 13 मई, 2008 को चांदपोल में मिले बम से जुड़ा है। इस बम को सुरक्षा दस्तों ने निष्क्रिय किया था। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि जयपुर बम विस्फोट मामले की विशेष अदालत ने सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है। उन्होंने बताया कि अदालत ने सजा की अवधि तय करने के लिए आठ अप्रैल की तारीख तय की है।



19 डेमोक्रेटिक राज्यों ने ट्रंप के चुनाव आदेश को दी चुनौती

## संविधान के उल्लंघन का लगाया बड़ा आरोप अटॉर्नी जनरलों ने कहा- आदेश असंवैधानिक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया कार्यकारी आदेश के खिलाफ 19 डेमोक्रेटिक शासित राज्यों ने गुरुवार को मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनावों में बदलाव लाने के प्रयास के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा ट्रंप के हालिया कार्यकारी आदेश के खिलाफ दायर किया गया है।



### आदेश अलोकतांत्रिक और गैर-अमेरिकी

मामले में राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने अदालत में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास इस तरह के आदेश देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने इसे असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और गैर-अमेरिकी करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि ट्रंप का यह आदेश अमेरिकी चुनाव प्रणाली में सुरक्षा की आवश्यकता पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका इस मामले में विफल रहा है।

### अवैध मतदान रोकेगा: ट्रंप

*इस मामले में राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि उनका ये आदेश गैर-नागरिकों द्वारा अवैध मतदान को रोकने के लिए है, हालांकि विभिन्न अध्ययन और जांचें यह साबित करती हैं कि ऐसा बहुत कम होता है। इस आदेश को कुछ रिपब्लिकन राज्यों के चुनाव अधिकारियों ने सराहा है, जिन्होंने इसे मतदाता धोखाधड़ी को रोकने का एक तरीका बताया है। इसके साथ ही इस आदेश में यह भी कहा गया है कि चुनाव दिवस के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी मेल-इन या अनुपस्थित मतपत्र को बाहर किया जाए।*

जगुआर प्लेन क्रैशः शहीद सिद्धार्थ यादव को दी भारी मन से अंतिम विदाई

# रोते हुए मंगेतर बोलीं- ‘बेबी, तू आया नहीं, तूने कहा था, तू आएगा’

एजेंसी ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा के रेवाड़ी के शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव को शुक्रवार को राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पैतृक गांव भालखी माजरा में उनके पिता सुशील यादव ने 28 साल के शहीद बेटे की चिता को मुखाग्नि दी।

शुक्रवार सुबह उनका पार्थिव शरीर वाड़ी में उनके नए घर लाया गया जिसके बाद उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम विदाई के दौरान भी एयरफोर्स की टुकड़ी ने उल्टे हथियार से फायर कर शहीद सिद्धार्थ को श्रद्धांजलि दी। सिद्धार्थ की 10 दिन पहले ही सगाई हुई थी। अंतिम संस्कार में शामिल होने शहीद की मंगेतर सानिया भी पहुंची। इस दौरान वह पार्थिव देह को देख रोती रहीं। सिद्धार्थ की तस्वीर देख सानिया बोली, ‘बेबी तू आया नहीं मुझे लेने। तूने कहा था तू आएगा।’ सानिया पार्थिव शरीर को देखकर बार-बार रोते हुए कहती रहीं, ‘प्लीज एक बार मुझे उनकी शक्ल दिखा दो।’ मंगेतर सानिया ने कहा कि मुझे सिद्धार्थ पर गर्व है। सिद्धार्थ यादव और सानिया की शादी 2 नवंबर को होनी थी जिसके लिए घर में तैयारियां भी चल रहीं थीं।





फाइल फोटो

◆ एयरफोर्स टुकड़ी ने उल्टे हथियार से फायर कर शहीद को श्रद्धांजलि दी

◆ सिद्धार्थ-सानिया की 10 दिन पहले हुई थी सगाई, 2 नवंबर को थी शादी

### लोगों को बचाने अंतिम समय इजेक्ट नहीं किया

*सिद्धार्थ के पिता सुशील यादव बोले कि उनका सपना था कि बेटा चीफ ऑफ एयर स्टॉफ बनकर ही घर आए। हर एयरफोर्स अधिकारी के पिता का यही सपना होता है, उनका भी यही सपना था। सिद्धार्थ घर से गया तो शादी के बारे में ही बात हुई थी। 2 नवंबर की शादी की तारीख निश्चित हुई थी।*

### मुझे अपने बेटे पर गर्व है: मां

*शहीद की मां माता सुशीला यादव और बहन खुशी भी रोती रहीं। इस मौके मां सुशीला ने कहा कि मुझे अपने बेटे पर गर्व है। मैं देश की हर मां से कहना चाहती हूं कि वे अपने बेटों को देशसेवा के लिए सेना में भेजें। मुझे उसकी जननी होने पर गर्व है। वो देश के लिए डरा नहीं। मेरा पूरा परिवार सेना में था।*

### देश के लिए बलिदान दिया

*विंग कमांडर सचिन चंद्र निकाह ने कहा कि मुझे पायलट से विशेष लगाव है। मेरा बेटा भी पायलट है। सिद्धार्थ यादव एक होनहार और जांबाज पायलट थे। उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। गुजरात के जामनगर में 2 अप्रैल को हुए जगुआर क्रैश में फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ शहीद हुए थे।*

अमेरिका के मध्य-पश्चिम व दक्षिण में तूफान

## बवंडर से छतें उड़ीं, बिजली गुल 6 की मौत, बारिश की आशंका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के दक्षिण और मध्य-पश्चिमी क्षेत्र में भीषण तूफान-बवंडर आए हैं। बवंडर में छह लोगों की मौत हो गई और बिजली के तार व पेड़ गिर गए। इसके अलावा कई घरों की छतों के उड़ जाने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में दर्जनों बवंडर और भयंकर तूफान आए। मौसम सेवा की एक मौसम विज्ञानी चेली अमीन ने कहा कि बुधवार शाम को अर्कांसस के बेलीथविले के आसपास बवंडर आया, जिसमें कम से कम 25,000 फीट (7.6 किलोमीटर) की ऊंचाई तक मलबा फैल गया। आने वाले दिनों में दक्षिण और मध्य-पश्चिम में घातक बाढ़ का खतरा भी जताया गया है। अगले चार दिनों में एक फुट से अधिक बारिश की आशंका है। गर्मी के साथ अस्थिर वातावरण, तेज हवा के झोंके मौसम बिगाड़ेंगे।





# वर्ल्ड कप : हितेश वर्ल्ड चैंपियन बनने से एक जीत दूर, तीन अन्य को कांस्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्राजील में हो रहे वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2025 के फाइनल में पहुंचकर भारत के बॉक्सर हितेश ने शुक्रवार को इतिहास रच दिया। वह वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का खिताबी मुकाबला खेलने वाले पहले भारतीय होंगे। उनके अलावा भारत के 3 अन्य मुक्केबाज जदुमनी सिंह, सचिन और विशाल को सेमीफाइनल में हार मिली।

तीनों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। हितेश ने 70 किलोग्राम कैटेगरी फ्रांस के मकान त्राओरे को 5-0 से हराया। सभी पांच जजों ने हितेश के पक्ष में फैसला सुनाया और एक अंक की कटौती के बावजूद भारतीय खिलाड़ी को कोई नुकसान नहीं हुआ।



### कामारा से होगा खिताबी मुकाबला

भारतीय मुक्केबाज ने ओलंपियन ट्राओरे के खिलाफ शुरू में सतर्क रुख अपनाया, लेकिन हमेशा जवाबी हमले के मौके की तलाश में रहे। इस रणनीति ने हितेश को मुकाबले पर पकड़ बनाने में मदद की। उन्हें तीसरे और अंतिम राउंड में पेनल्टी मिली। ब्राजील के फोज डू इगुआकू में होने वाले इस मुकाबले में अंतिम परिणाम पर कभी संदेह नहीं हुआ। खिताबी मुकाबले में उनका सामना इंग्लैंड के ओडेल कामारा से होगा। इससे पहले हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनटानी को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### जदुमनी, सचिन और विशाल को कांस्य से करना पड़ा संतोष

सेमीफाइनल के अन्य मुकाबलों की बात करें तो 60 किलोग्राम कैटेगरी में जदुमनी सिंह को उजबेकिस्तान के ए जलिलोव ने 2-3 से हराया। वह ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे थे। शुरुआती दौर में बाई मिलने के कारण सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) सीधे सेमीफाइनल में उतरे। सचिन को पोलैंड के पवेल ब्राच से हार का सामना करना पड़ा। विशाल को उजबेकिस्तान के टी. खबीबुल्लाएव ने 0-5 से हराया।


## खास खबर

### महंगा खिलाड़ी का मतलब सभी मैचों में बड़ा स्कोर बनाना नहीं



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर का मानना है कि उन्हें 23.75 करोड़ रुपए की धनराशि मिलने का यह मतलब नहीं है कि उन्हें प्रत्येक मैच में बड़ा स्कोर बनाना होगा। केकेआर ने मेगा नीलामी में राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके वेंकटेश को फिर से अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पहले दो मैच में केवल नौ रन बना पाए थे। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद पर 60 रन की पारी खेल कर अपनी टीम की 80 रन से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेंकटेश ने मैच के बाद कहा, 'मैं झूठ नहीं बोलूंगा, थोड़ा दबाव है। आप लोग इसको लेकर इतनी चर्चा कर रहे हैं। लेकिन सबसे अधिक धनराशि पाने वाला खिलाड़ी होने का मतलब यह नहीं है कि मुझे हर मैच में रन बनाने होंगे। यह इससे जुड़ा है कि मैं टीम के लिए कैसे मैच जीत सकता हूं और मैं क्या प्रभाव डाल सकता हूं। इसको लेकर दबाव नहीं है कि मुझे कितनी धनराशि मिल रही है या मैं कितने रन बना रहा हूं। मुझ पर इस तरह का दबाव कभी नहीं रहा।'

### कप्तानी छोड़ने के बाद हल्का महसूस कर रहा हूं : बटलर



**मुंबई।** इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद वह हल्का महसूस कर रहे हैं तथा आईपीएल में अपनी नई मानसिकता के साथ स्वच्छंद होकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई थी इसके बाद बटलर ने कप्तानी छोड़ दी थी। वह इस दौरान स्वयं रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने तीन मैच में 166 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## डबल हेडर मैच आज : पंजाब और राजस्थान के बीच होगा दूसरा मैच

# चेन्नई-दिल्ली की जंग में नूर और कुलदीप की स्पिन गेंद निभाएंगी निर्णायक भूमिका

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद इन दोनों टीमों के बीच शनिवार को होने वाले आईपीएल मैच में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई की तेज गर्मी में यह मैच दोपहर बाद खेला जाएगा और जिस तरह से यहां की पिच स्पिनर के लिए मददगार रही है, ऐसे में दोनों टीमों की जीत की संभावना लगभग बराबर है। ऐसी परिस्थितियों में दिल्ली के लिए कुलदीप और चेन्नई के लिए नूर की भूमिका महत्वपूर्ण बन गई है। कुलदीप का इकोनॉमी रेट अभी तक 5.25 जबकि नूर का 6.83 है। बीच के ओवरों में यह दोनों स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। यह दोनों कलाई के स्पिनर हैं और उनके बीच मुकाबला दिलचस्प होगा। नूर जहां अधिक गति से गेंदबाजी करते हैं वहीं कुलदीप ने क्रीज के कोणों का उपयोग करने और अपनी गेंदों की गति को बदलने की कला में महारत हासिल कर ली है।

### दिल्ली का मध्यक्रम मजबूत

अगर बल्लेबाजी की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स को आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम और अनुभवी केएल राहुल की मौजूदगी से मध्यक्रम में मजबूती मिली है। दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए महेंद्र सिंह धोनी की मारक क्षमता कम होना चिंता का विषय है। शिवम दुबे को छोड़कर उसके मध्यक्रम में कोई भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जो अंतिम 10 ओवरों में 180 या 200 की स्ट्राइक रेट से रन बना सके। चेन्नई के सलामी बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी की तेज गेंदबाजों के सामने कमजोरी खुलकर सामने आ गई है।





### डु प्लेसी अपनी पुरानी टीम को देंगे चुनौती

दिल्ली की टीम में फाफ डु प्लेसी की मौजूदगी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज लंबे समय तक चेन्नई की टीम का हिस्सा रहा था और वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं। उनके अनुभव का जेक-फ्रेजर मैकगर्क, ट्रिस्टन स्टब्स और अभिषेक पोरेल जैसे बल्लेबाजों को मदद मिलेगी। मैकगर्क को स्पिनरों को खेलने में थोड़ी दिक्कत होती है और यह देखना दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया का यह बल्लेबाज रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी स्पिनर का किस तरह से सामना करता है।




### जायसवाल की फॉर्म पर रहेगी निगाह



**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई में पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग का मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेगी तो सभी की निगाह खराब फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल पर टिकी रहेगी जो मैदान के बाहर की घटनाओं के बजाय अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरना चाहेंगे। जायसवाल हाल में तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने मुंबई की टीम के अपने एक सीनियर साथी के साथ कथित मतभेदों के कारण घरेलू क्रिकेट में गोवा की तरफ से खेलने का फैसला किया। रॉयल्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर होंगे जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक जमा कर अपनी शानदार फॉर्म का परिचय दिया है। वह लंबे शॉट खेलने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। इसका सबूत यह है कि उन्होंने अभी तक केवल दो मैच में 13 छक्के लगाए हैं।

## खबर संक्षेप




### नूर सभी से सीखने की कोशिश कर रहा

**चेन्नई।** दुनिया के शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने युवा अफगान गेंदबाज नूर अहमद की तारीफ करते हुए कहा कि बल्लेबाजों के लिए उनकी तेज गति वाली गुगली को समझना काफी मुश्किल है। कुलदीप और नूर अपनी-अपनी टीम के लिए अच्छी फॉर्म में हैं और शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में काफी कुछ इन दोनों के प्रदर्शन पर निर्भर होगा। जहां कुलदीप ने तीन मैच में छह से कम की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए हैं, वहीं नूर इस दौरान नौ विकेट झटके है।

### प्रणवी जोबर्ग ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**जोहानिसबर्ग।** भारत की प्रणवी उर्स ने जोबर्ग महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले दौर के शुरुआती 13 होल में पांच अंडर का स्कोर बनाया।



जब खेल रोका गया तब कई खिलाड़ी पहले दौर को पूरा नहीं कर पाए थे। प्रणवी पांच होल शेष रहते हुए संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की मिमी रोड्स 18 होल पूरे करने में सफल रहीं। वह अभी आठ अंडर 65 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रही हैं। प्रणवी ने दसवें होल में बोगी के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर बैक नाइन पर शेष आठ होल पर पांच बर्डी के साथ अच्छी वापसी की।

### ई-स्पोर्ट्स प्रदर्शनी खेल के रूप में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** ईस्पोर्ट्स बिहार में चार से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया युवा खेल में प्रदर्शनी खेल के रूप में शुरुआत करेगा। केआईवाईजी 2025 इस टूर्नामेंट का सातवां चरण है जिसकी मेजबानी बिहार के पांच शहर (पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय) करेंगे। इस दौरान निशानेबाजी, जिम्नास्टिक और साइकिलिंग की ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन नई दिल्ली में होगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 'खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का आयोजन बिहार में होगा, जहां ईस्पोर्ट्स एक प्रदर्शनी खेल के रूप में अपनी शुरुआत करेगा।'

## फिर फंसे रोहित शर्मा, कहा- 'जब करना था मैंने किया...', जहीर के साथ बातचीत लीक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के मैच से पहले रोहित शर्मा का एक वीडियो वायरल हो गया है, जिससे वो एक बार फिर फंसते नजर आ रह हैं। वीडियो में रोहित और जहीर खान बात कर रहे हैं। इसके बाद फैंस ये कयास लगा रहे हैं कि मुंबई इंडियंस के खेमे में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बता दें कि जहीर खान पहले मुंबई इंडियंस के कोच थे।

दरअसल, वायरल वीडियो में रोहित शर्मा को जहीर खान से बातचीत करते हुए देखा जा रहा हैं। इस दौरान रोहित कह रहे हैं कि जब करना था मैंने किया बराबर से, अब मेरे को कुछ करने की जरूरत नहीं हैं। सोशल मीडिया में इस लीक बातचीत के बाद मुंबई इंडियंस के फैंस डरे हुए हैं। यह वीडियो पिछले साल जैसा ही है जब हार्दिक के कप्तान बनने के बाद ईडन गार्डन्स के मैदान पर रोहित केकेआर के बैटिंग कोच अभिषेक नायर से बात करते नजर आए थे। उस वीडियो से भी खूब बवाल मचा था।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग**
जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर
क्र./जोन-1/जोन.आयु. /2025/1422/354 A — दिनांक 01/04/25

**निविदा संशोधन सूचना**

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु निविदा सूचना विज्ञापन क्रमांक/लो.क.वि./ जोन-1/2025/1357/354 भिलाई दिनांक 07.03.2025 को जारी कर दैनिक समाचार पत्र नवभारत, चंडीगढ़, जयपुर एवं दिल्ली में दिनांक 14.03.2025 को प्रकाशन कर दिनांक 28.03.2025 को ऑनलाईन की अंतिम तिथि निर्धारित किया गया था। किन्तु चैत्र नवरात्री, अन्य शासकीय अवकाश होने के कारण निविदा में संशोधन किया जाता है।

अतः निविदा प्रकाशन में आंशिक संशोधन करते हुये तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्रं. | विवरण | वर्तमान तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा ऑनलाईन की अंतिम तिथि | 15.04.2025 (संध्या 5:30 बजे तक) |
| 2 | निविदा ऑफलाईन पहुंचने की अंतिम तिथि | 17.04.2025 (संध्या 5:30 बजे तक) |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 21.04.2025 (सुबह 12:00 बजे) |

शेष निविदा के नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।
**जोन आयुक्त** (जोन-01) नगर पालिक निगम, भिलाई

**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt.- Narmadapuram**
पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया पिन-461775, फोन नं. 07676-222041
E-mail - cmopipariya@mpurban.gov.in
क्रमांक/न.पा./2025/1145 — // सातवाँ ई-निविदा आमंत्रण सूचना // — पिपरिया, दिनांक :- 02/04/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 413861_1 Publish Date 03.04.2025 | Augmentation of Water Supply System Under Amrut 2.0 Scheme at Pipariya Dist Narmadapuram M.P. | 1. 24 माह 2. 440.68 Lakh | 1. 15000/- 2. 2,20,339/- | 17/04/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद पिपरिया

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर /(साधारण), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1175-2024-25, दिनांक: 03.04.2025, कार्य का विवरण:** सब-स्टेशन स्थानांतरण के लिए साधारण विद्युत कार्य-"स्विचगियर एवं सब-स्टेशन बिल्डिंग की अधिक आयु होने के कारण मौजूदा सियालदह यार्ड (पावर हाउस) सब-स्टेशन के स्थानांतरण के लिए विद्युत कार्य"। **निविदा मूल्य:** रु. 6,30,84,546.82, **बयाना राशि:** रु. 4,65,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 15 माह । **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 24.04.2025 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 24.04.2025 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 10.04.2025, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
SDAH-06/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION SATNA, DIST-SATNA (M.P.)**

**Notice Inviting e-Tenders**

NIT No. 01/Workshop/e-tendering/2025-26 — Satna, Dated: 02/04/2025

Online tender through e-tendering is invited by Satna Municipal Corporation (SMC), Satna, (M.P.) for the works of given in the table below.

| S. No | Tender No. | Name of the work | Probable amount of contract | Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Time of Completion /Supply |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD _414007_1 | Supply of 02Number Backhoe Loader Vehicle | 94,82,870/- | 2,85,000/- | 10,000/- | 45 Days |

1. Interested Bidder can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in. and www.mpurban.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only Online 10:30 of 03.04.2025 to 17:30 of 02.05.2025.
3. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation**
**Satna (M.P.)**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके के लिए ई-नीलामी**
खानपान ईकाई निविदा क्र. - COM/WVM/E-Auction/BSP/2025

वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके के लिए क्लस्टर "सी-I" (उसलापुर, पेंड्रा रोड) और क्लस्टर "सी-II" (अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, अंबिकापुर) के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://www.ireps.gov.in) पर दिनांक 01.04.2025 को प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण इस प्रकार है :-

| कैटेलॉग क्रमांक | श्रेणी | नीलामी आरंभ दिनांक/समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MSS-BSP-WVM-25 | विविध-स्थैतिक-सेवाएं-वाटर वेंडिंग मशीन | 16.04.2025 12:00:00 | एमएसएस-बीएसपी - यूएसएल - डब्ल्यूवीएम-90-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं - वाटर वेंडिंग मशीन) | 06 WVM स्थापना और संचालन बिलासपुर मंडल के क्लस्टर "सी-I" में शामिल स्टेशन (उसलापुर, पेंड्रा रोड) | 1826 दिनों |
| MSS-BSP-WVM-25 | विविध-स्थैतिक-सेवाएं-वाटर वेंडिंग मशीन | 16.04.2025 12:00:00 | एमएसएस-बीएसपी - यूएसएल - डब्ल्यूवीएम-89-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं - वाटर वेंडिंग मशीन) | 06 WVM स्थापना और संचालन बिलासपुर मंडल के क्लस्टर "सी-II" में शामिल स्टेशन (अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और अंबिकापुर) | 1826 दिनों |

सीपीआर/10/594 — मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**OFFICE OF THE SECTERATY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI JABALPUR DIST. JABALPUR**
N.I.T. No/Nirman/ 2025-26 / N-03 — JABALPURI dated: 04.04.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **CONSTRUCTION OF 15 NOS SUNDRY SHOP INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION IN NEW MATAR/VEGETABLE MANDI YARD JABALPUR 2ND CALL Tender Number: 2025_MPSAM_414546_1 (PAC amount Rs. 120.34 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 21.04.2025** Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**.
**Note:-** Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Secretary**
**Krishi Upaj mandi Samitti JABALUR**
**Distt. JABALPUR**

**OFFICE OF THE SECTERATY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI SEONI DIST. SEONI**
N.I.T. No/Nirman/ 2025-26 / 21 — SEONI dated: 04.04.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for 1. C.C. IN OPEN YARD AND PARKING AREA AT MANDI YARD SEONI(SIMARIYA) (PAC- 142.00 LACS) 2. CONSTRUCTION OF COVERED AUCTION PLATEFORM (SIZE 20 X 105 METER)-01 NO INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION WORK AT MANDI YARD SEONI(SIMARIYA) (PAC- 141.40 LACS) 3. REPLACING OLD G.I. SHEET INTO PROFILE SHEET AT MANDIYARD SEONI(SIMARIYA (PAC- 17.40 LACS) (2nd call) Tender Number: 2025_MPSAM_414516_1 (PAC amount Rs. 300.80 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 21.04.2025 Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in. **Note:-** Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

**Secretary**
**Krishi Upaj mandi Samitti SEONI**
**Distt. SEONI**

## सफाई के दौरान विस्फोटक मिलने से हड़कंप

# कुंए में मिले हेंड ग्रेनेड और कारतूस के खोखे

हरिभूमि जबलपुर।



रांझी थाना अतंर्गत आमानाला क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, यहां कुंए की सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में हेंड ग्रेनेड और कारतूस के खोखे बरामद हुए। इसके बाद क्षेत्र में हड़कंप का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन के अलावा नगर निगम भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है।

एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी के अनुसार, प्रतिवर्षानुसार इस साल भी रांझी आमानाला के कुंए की सफाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान सफाई कर्मचारी जब कुंए के अंदर सफाई कर रहे थे, तो उन्होंने बड़ी संख्या में हेंड ग्रेनेड और कारतूस के खोखे पाए। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई।पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और पाया कि करीब एक दर्जन कारतूस के खोखे वहां पड़े हुए थे।

### किसी के पास जानकारी नहीं

घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी से भी इस संदर्भ में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हेंड ग्रेनेड और कारतूस खमरिया फैक्ट्री के हो सकते हैं, लेकिन यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये खोखे कुंए में कैसे पहुंचे।

### प्रशासन ने जांच की तेज

स्थानीय प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच को तेज कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे इस घटना की पूरी जानकारी जुटाने के लिए प्रयासरत हैं और यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि यह खतरनाक सामग्री कुंए में कैसे पहुंची।

### नागरिकों में दहशत

यह घटना न केवल क्षेत्रीय नागरिकों के लिए चिंता का कारण बनी है, बल्कि इससे संबंधित सुरक्षा मुद्दे भी उठ खड़े हुए हैं। अब देखना होगा कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में कौन से कदम उठाते हैं और इस खतरनाक स्थिति के पीछे की सच्चाई क्या होती है।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जारी किया नोटिस | राज्य शासन को तीन सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने दिए गए निर्देश

# हाई कोर्ट चौराहे से रद्दी चौकी-आधारताल तक फ्लाइओवर कब तक बनकर तैयार होगा

हरिभूमि जबलपुर।



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए हाईकोर्ट चौराहा से रद्दी चौकी-आधारताल तक फ्लाइओवर निर्माण करने हेतु तीन सप्ताह के अंदर जबाब तलब किया है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता मुनीश सिंह की और से यह याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत एवं जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बैंच ने केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव, संभागायुक्त जबलपुर, कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त से जबाव मांगा है। याचिकाकर्ता की और से बताया गया कि आधारताल रोड पर प्रतिदिन भयानक जाम की स्थिति रहती है, जिसके कारण आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं भी हो रही है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि मरीजों क़ो अस्पताल पहुंचने में भी ट्रेफिक का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चें ट्रेफिक जाम के चलते परेशान रहते है। रोजाना सैकड़ों अधिवक्ताओं को ,हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट, कलेक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन आने-जाने में ट्रेफिक जाम के कारण कीमती समय बर्बाद हो जाता है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि इस संबंध में शासन प्रशासन को अनेक बार लिखित में आवेदन देकर अवगत कराया गया, फिर भी सरकार की ओर से कोई रिस्पांस नहीं दिया जा रहा है।

याचिका कर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने पक्ष रखते हुए सभी तथ्यों से कोर्ट को अवगत कराते हुए कहा गया की नागरिकों क़ो संविधान में प्रद्रत मौलिक अधिकारों के उपभोग करने के लिए, उचित पर्यावरण निर्मित करना सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है। नागरिकों क़ो संविधान के अनुच्छेद 19 एवं 21 में प्रदत्त अधिकारों का सुगमतापूर्वक उपभोग करने में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिसका निदान सरकार द्वारा फ्लाइओवर बनाकर किया जा सकता है, जिसे बनाने हेतु हाईकोर्ट द्वारा अनुच्छेद 226 के तहत रिट जारी करते हुए सरकार को बाध्य किया जा सकता है।

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल एडवोकेट जनरल भरत सिंह ठाकुर द्वारा याचिका पर प्रश्न उठाते विरोध किया गया, तथा जनहित याचिका पर काष्ट लगाकर ख़ारिज करने की मांग की गई। शासन की ओर से उपस्थित हुए वकील ने कोर्ट के समक्ष यह भी कहा की लोक निर्माण मंत्री जबलपुर का है, जिसके समक्ष जनता भी मांग कर सकती है। एडिशनल एडवोकेट भरत सिंह के समस्त तर्कों को हाईकोर्ट के द्वारा ख़ारिज करते हुए कहा गया कि, आमजन को यदि मौलिक अधिकारों के उपभोग करने में बाधा उत्पन्न हो रही है, तो हाईकोर्ट सरकार के विरुद्ध रिट जारी कर निर्देशित कर सकती है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में सरकारी वकील को कहा की तीन सप्ताह के अंदर जबाब दे कि फ्लाइओवर कब तक बनकर तैयार होगा।

# पंद्रह दिवसीय झील महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज

**जबलपुर**। पुण्य सलिला माँ नर्मदा के विश्व प्रसिद्ध बरगी बाँध तट पर कल शनिवार को शाम 4:30 बजे पंद्रह दिवसीय झील महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। समाधि रोड से बरबटी मार्ग के बीच बरगी बांध के तट पर 5 से 20 अप्रैल तक आयोजित किये जा रहे इस भव्य कार्यक्रम का शुभारम्भ लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के मुख्य आतिथ्य में संम्पन्न होगा। जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जल, थल और नभ पर साहसिक गतिविधियां होंगी। कार्यक्रम में एक ओर जहां फ्लाई-बोट पानी और हवा के बीच संतुलन साधेंगी, तो वहीं दूसरी ओर पानी को चीर कर निकलती मोटर बोट तट पर मौजूद दर्शकों को रोमांचित करेंगी। बरगी की अथाह जलराशि में हवा से बातें करती बोट और अलग-अलग ड्राइव करते युवा दिखाई देंगे, तो वहीं हाट एयर बलून पर सवार होकर आकाश की सैर का मज़ा भी प्रकृति प्रमियों के लिए कम नहीं होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में श्रीमती भैरवी विश्वरूप समूह के कलाकार नृत्य नाटिका के माध्यम से नर्मदा की स्तुति करेंगे। पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए आयोजन स्थल पर स्विस टेंट भी लगाए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मुताबिक़ कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर में मंडला सांसद द्वय लोकसभा फग्गन सिंह कुलस्ते, आशीष दुबे, सांसद द्वय श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक, विवेक कृष्ण तन्खा, विधायक अजय विश्नोई, लखन घनघोरिया, सुशील तिवारी इंदु, अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडेय, नीरज सिंह, संतोष बरकडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, सहित कलेक्टर दीपक सक्सेना, मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्र सहित दोनों जिलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### वकीलों को 3 महीने के लिए काले कोट से छूट

**जबलपुर**। मप्र के सभी जिला अदालतों में वकील 15 अप्रैल 2025 से 15 जुलाई 2025 तक बिना काला कोट पहने पैरवी कर सकेंगे। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्टेट बार काउंसिल ने प्रदेशभर के वकीलों को तीन महीने के लिए काले कोट से छूट देने का निर्णय लिया है। इस अवधि में वकील सफेद शर्ट के साथ काला, सफेद, धारीदार या ग्रे रंग का पैंट पहनकर और एडवोकेट बैंड लगाकर जिला अदालतों और उनके अधीनस्थ न्यायालयों में पैरवी कर सकेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए स्टेट बार काउंसिल ने प्रदेशभर के वकीलों को तीन महीने के लिए काले कोट से छूट देने का फैसला किया है। इससे गर्मी से परेशान वकीलों को काफी राहत मिलेगी। हालांकि, यह छूट केवल जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में लागू होगी, जबकि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में वकीलों को काले कोट में ही पैरवी करनी होगी। काउंसिल के इस फैसले से प्रदेश के करीब एक लाख वकीलों को लाभ मिलेगा।

## पश्चिमी विक्षोप का असर समाप्त होते ही गर्मी बढ़ी

# बादल छटे, तापमान में उछाल

हरिभूमि जबलपुर।



पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होते ही मौसम शुष्क हो गया है और तापमान उछाल मारने लगा। शुक्रवार को पारा 37 डिग्री के पार निकल गया। वहीं धूप की तेज तपन गर्मी का अहसास करा रही थी। इसी तरह एक दिन पहले रात में ठंडक थी वहीं रात का तापमान बढ़ने से गर्मी का एहसास हुआ। जहां तक हवाओं का सवाल है तो अब पश्चिमी हवाएं पूरे रफ्तार के साथ प्रवेश कर रही हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर व संभाग के जिलों में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान रफ्तार ले रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 37.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 64 प्रतिशत और सायंकाल 26 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.58 बजे और सूर्यास्त शाम 6.27 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 38.05 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.03 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तर पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 39.6 डिग्री तापमान रतलाम में और सबसे कम 15.4 डिग्री न्यूनतम पंचमढी जिलें में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है।

## डीआरयूसीसी सदस्यों ने यात्री सुविधाओं को लेकर दिए सुझाव

# जबलपुर से पुणे, मुंबई एवं दमोह सागर से नागपुर ट्रेन चलाने की मांग



हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने की।

बैठक में सर्वप्रथम मंडल रेल प्रबंधक ने डीआरयूसीसी के सभी सदस्यों का पुष्प देकर स्वागत करते हुए मंडल में चल रही यात्री सुविधाओं एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे स्टेशन के विकास के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता ने मंडल के स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं के लिए साथ में कार्य करने पर अपने विचार व्यक्त किये।

इस बैठक में जबलपुर से आशीष कुमार शुक्ला, अखिल मिश्र, पियूष शर्मा, जैतवार से शुभम कुमार त्रिपाठी, केशव बंसल, सागर से मोहम्मद इरशाद, पिपरिया से मनीष कुमार साहू, हिनोता रामवन से मनोज कुमार गुप्ता, उचेहरा से सोमचंद्र ताम्रकार, दमोह से सुधीर असाटी, मैहर से सत्यभान सिंह, कटनी मुडवारा से पवन कुमार मित्तल, सतना से कन्हैया लाल पोहनी, बरगवां से साधु शरण साहू, सीधी से श्री तुषार धर द्विवेदी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित यात्री सुविधाओं के विकास और यात्रियों की मांगों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इनमें प्रमुख रूप से जबलपुर से पुणे, मुंबई एवं दमोह सागर से नागपुर के लिए नई ट्रेन चलाने के साथ ही जबलपुर स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत खोवे की जलेबी विक्रय हेतु रखी जाए, ड्रॉप एंड गो, एबीएसएस के तहत आधुनिकीकरण, स्टेशन में पानी की व्यवस्था को बढ़ाने, महाकौशल ट्रेन का टाइम पूर्ववत करने, मैहर स्टेशन में टैक्सी स्टैंड को और आगे बढ़ाने, आओबी, आरयूबी नई ट्रेन स्टॉपेज, साफ सफाई एवं बड़े स्टेशनों के साथ ही छोटे स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाएं बढ़ाये जाने का सुझाव तथा राज्य रानी एक्सप्रेस में कोचों की संख्या बढ़ाने जैसे सुझाव शामिल थे।

बैठक में मंडल रेल प्रबंधक के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वय आनंद कुमार एवं सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता एवं वरिष्ठ शाखा अधिकारी श्रीमती निर्मला गुप्ता, जयप्रकाश सिंह, प्रिंस विक्रम, सुबोध विश्वकर्मा रामबदन मिश्रा, आलोक तिवारी, स्वप्निल पाटिल, वी.पी कुशवाहा, गुन्नार सिंह सहित अन्य रेलवे कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने द्वारा किया गया।

## ऊर्जा मंत्री ने बिजली कंपनियों के कार्यों की समीक्षा की

# बिजली कंपनियों में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू होगी

हरिभूमि जबलपुर।



सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के लिये स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाएगी। यह कार्यवाही समय-सीमा में पूरी की जाए। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शुक्रवार को भोपाल मंत्रालय में विद्युत कंपनियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनूप सिंह, पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह और पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अभयिंता उपस्थित थे।

### लक्ष्य निर्धारित कर करें कार्य

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पूरे वर्ष का लक्ष्य निर्धारित करें और उसी के अनुरूप कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि वे त्रैमासिक समीक्षा करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही मापदंड अनुसार काम नहीं करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जाएगा। इसी के आधार पर स्थानांतरण और पदोन्नति भी तय की जाएगी।

### जल्द पूरी करें भर्ती प्रक्रिया

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा जनरेटिंग कंपनी और ट्रांसमिशन कंपनी का नया ओ.एस. (संगठनात्मक संरचना) स्वीकृत हो चुका है। अतः भर्ती की प्रक्रिया जल्द पूरी करें। उन्होंने बिजली कंपनियों द्वारा गत वित्तीय वर्ष में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिये बधाई भी दी। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी कंपनियों की भर्ती एवं सेवा की शर्तें एक समान होनी चाहिए। आउटसोर्स कर्मचारियों का भी ईपीएफ जमा होना चाहिए। ऐप के माध्यम से कर्मचारी ईपीएफ की जानकारी ले सकते हैं।

### पीएम जन-मन और धरती आबा में स्वीकृत कार्य समय सीमा में पूरा करें

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पीएम जन-मन और धरती आबा योजना में स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें। जन-मन योजना में 27 हजार 230 घरों में विद्युत कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इसमें 17 हजार 739 घरों में विद्युत कनेक्शन दिए जा चुके हैं। तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लॉइन लॉसेस कम करने के लिये सुनियोजित कार्ययोजना बनाएं। खराब ट्रांसफार्मर समय पर बदलें। न्यायालयीन प्रकरणों में सरकारी पक्ष मजबूती से रखें। विद्युत कटौती और मेंटेनेंस की जानकारी सोशल मीडिया में भी दें। उन्होंने आरडीएसएस योजना में स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

### चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन एवं तुअर के पंजीयन

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी उपार्जन नीति अनुसार जिले में चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन कार्य जिले के 03 उपार्जन केन्द्रों सहकारी विपणन संस्था जबलपुर, मझौली एवं सेवा सहकारी समिति शहपुरा के माध्यम से किया जा रहा है। चना, मसूर एवं सरसों के लिए उपार्जन की अंतिम तिथि 31 मई 2025 निर्धारित है। किसान भाई अपनी सुविधानुसार स्लॉट बुकिंग करने के उपरांत निर्धारित तिथि में उपार्जन केन्द्रों पर एफएक्यू अच्छी गुणवत्ता की उपज लेकर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। साथ ही तुअर (अरहर) उपार्जन के लिए जिले में स्थापित 05 पंजीयन केन्द्रों सहकारी विपणन संस्था मर्या. जबलपुर, मझौली, शहपुरा, सिहोरा एवं वृहताकार सेवा सहकारी संस्था बघराजी के माध्यम से 20 अप्रैल तक किसानों के पंजीयन किये जावेंगे। किसान भाई एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अथवा स्वयं के मोबाइल से भी पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान भाइयों से अपील है कि, अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करावें।

## इलाज के बहाने नाबालिग को बहका रहा था होम्योपैथी डॉक्टर

# धर्मपरिवर्तन के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर**। तिलवारा थाना अतंर्गत क्रेशर बस्ती में धर्मपरिवर्तन कराने के लिए प्रेरित करने के आरोप में पुलिस ने एक होम्योपैथिक डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि डॉक्टर नाबालिग लड़की को धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रहा था। यह डॉक्टर क्रेशर बस्ती में अपनी क्लीनिक चलाता है। पुलिस के अनुसार आरोपी डॉक्टर खालिद खान को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला प्रकाश में आने के बाद हिन्दूवादी संगठनों ने तिलवारा थाने का घेराव किया। उसके बाद पुलिस हरकत में आई।

तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक नाबालिग लड़की होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. खालिद खान के यहां गत वर्ष 2024 अगस्त माह से इलाज करा रही थी। इलाज के दौरान डॉक्टर ने दवाई बताने के बहाने नाबालिगा का मोबाइल नंबर ले लिया और फिर लगातार फोन पर उसके संपर्क में रहने लगा। आरोप है कि वह नाबालिगा को हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने के लिए मानसिक रूप से प्रभावित कर रहा था।

कुछ समय बाद परिजनों को इस बात की जानकारी लगी कि उनकी बेटी आरोपी से फोन पर बात करती है और उसकी धार्मिक मान्यताओं में बदलाव आ रहे हैं। परिजनों ने बच्ची को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब स्थिति नहीं सुधरी तो उन्होंने तिलवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि नाबालिगा ने रोजा रखना शुरू कर दिया था और पारंपरिक धार्मिक गतिविधियों से दूरी बना ली थी।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी डॉक्टर को क्रेशर बस्ती स्थित क्लिनिक से गिरफ्तार कर लिया। तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने डॉक्टर की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ नाबालिगा को गुमराह कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240